आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 145 • नई दिल्ली, गुरूवार, 31 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 65 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा मनाया ....

न खरगे-न नीतीश, इंडिया में कोई संयोजक ही नहीं होगा!

एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्ष के इंडिया गठबंधन की बैठक होनी है और उससे पहले संयोजक पद को लेकर हलचल तेज़ है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयोजक पद लेने से इनकार किया तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम सामने आया। लेकिन अब जानकारी है कि मुंबई में होने वाली इस बैठक में संयोजक पद पर कोई फैसला नहीं होगा, इसकी जगह एक कमेटी का गठन किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, इंडिया गठबंधन में संयोजक पद को लेकर खींचतान बढ़ रही है और इस वजह से इस आइडिया को ही ड्रॉप किया जा सकता है। संयोजक पद की जगह अब 11 लोगों की कोऑर्डिनेशन कमेटी बनाई जा सकती है, जो गठबंधन के अहम फैसलों को लेगी। माना जा रहा है कि कांग्रेस को अपने अलावा किसी अन्य का नेतृत्व मान्य नहीं है तो टीएमसी और आम आदमी पार्टी ने इंडिया का नेतृत्व कांग्रेस को सौंपने का विरोध किया है। यही वजह है कि इस पद को लेकर खींचतान चल रही है। सिर्फ यही नहीं बल्कि

इससे पहले भी संयोजक पद को लेकर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद यादव के बयान आए थे, जिसने साफ किया था कि इंडिया में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्ष की कई पार्टियां एक साथ आई हैं और इंडिया गठबंधन बनाया है। इस गुट की दो बैठकें हो चुकी हैं, जबकि तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होनी है। इस बैठक में इंडिया के लोगो और झंडे पर मुहर लग सकती है, शिवसेना (उद्धव ठाकरे), महाराष्ट्र कांग्रेस और एनसीपी इस बैठक की अगुवाई कर रही हैं पहले ये माना जा रहा था कि इंडिया गठबंधन का संयोजक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बनाया जा सकता है, लेकिन उनके नाम पर शुरुआत में मुहर नहीं लगी। इसके बाद लालू प्रसाद यादव का बयान सामने आया था कि इंडिया गठबंधन में एक नहीं कई संयोजक हो सकते हैं। बयानबाजी के इसी दौर के बाद से इंडिया में संयोजक पद को लेकर तनातनी चल रही थी। इंडिया गठबंधन में अभी करीब दो दर्जन पार्टियां हैं, आने वाली कुछ मीटिंग में नई पार्टियां भी इसमें शामिल हो सकती हैं। अभी तक लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हुआ है, हालांकि जल्द ही संयुक्त रैलियों की शुरुआत की जा सकती है ताकि देशभर में विपक्षी एकता का मैसेज दिया जा सके।

I.N.D.I.A. की बैठक, कई विरोधाभाषों के बावजूद तीसरी बार महामंथन

पटना। मुंबई में होने वाली बैठक से भाजपा विरोधी धारा को काफी उम्मीदें हैं। सभी की नजर 31 अगस्त की बैठक पर टिकी है। साल 2024 में लोकसभा का चुनाव होना है। इस बीच राहुल गांधी ने अपनी पदयात्रा के जरिए विभिन्न राज्यों में कांग्रेस की ताकत बढ़ाने के लिए संगठन के स्तर पर भी काफी काम किया है। बिहार में भी नए प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह लाए गए। नेहरू परिवार से बाहर के व्यक्ति मल्लिकार्जुन खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर भी बड़ा मैसेज लोगों में कांग्रेस ने दिया है। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने मुंबई पहुंचने से पहले पटना में नरेन्द्र मोदी पर काफी कड़ा बयान देकर बता दिया कि बैठक में बीजेपी के सफाये की ताकतवर रणनीति बनाई जाएगी। लालू प्रसाद ने कहा कि हम नरेन्द्र मोदी की नरेटी पर चढ़ने जा रहे हैं। मतलब यह कि हम नरेन्द्र मोदी को पॉलिटिकली खत्म कर देंगे। यह साफ है कि एक तरफ एनडीए का चेहरा नरेन्द्र मोदी हैं तो दूसरी तरफ I.N.D.I.A. गठबंधन ने पीएम पद के प्रत्याशी पर चुनाव के बाद फैसला करने का निर्णय लिया है।

ख़ास ख़बर

रक्षाबंधन के पूर्व संध्या पर महिला मोर्चा ने बाँधी राखी

कटिहार। रक्षाबंधन के पूर्व संध्या पर महिला मोर्चा द्वारा शहीद चौक पर एक कार्यक्रम रखी गई। जिसमें ऑटो वाले भाइयों को टोटो वाले भाइयों को ठेला वाले भाइयों को यातायात पुलिस को एवं मीडिया के भाइयों को रक्षा सूत्र बांधने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीना झा ने कहा कि एक संदेश दिया गया कि किसी न किसी रूप में यह लोग हमारे रक्षक होते हैं। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीना झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस रक्षाबंधन के पर्व पर बहनों को सौगात के रूप में गैस सिलेंडर पर उज्जवला वाले लाभार्थियों को 400 रुपये की छूट एवं सामान्य उपभोक्ताओं को 200 रुपये पर सिलेंडर की छूट दी गई है। जिसके वजह से महिलाओं के बीच काफी हरसोलशित का माहौल बना है। इसके लिए प्रधानमंत्री को हम सब बहनों की तरफ से कोटि-कोटि धन्यवाद देती हूँ।इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव सह विधायक निशा सिंह ने भी राखी बाँधकर सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

मार्बल दुकान में बाइक सवार अपराधियों की अंधाधुंध फायरिंग



आरा (भोजपुर) उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जीरो माइल स्थित वार्मोरा मार्बल दुकान पर बुधवार की देर शाम बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने आंधधुन फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान दुकान के आगे लगा ग्लास पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुकान में बैठे दुकानदार व अन्य लोगों ने काउंटर के नीचे एवं दुकान के अंदर जाकर अपनी जान बचाई। हालांकि फायरिंग के दौरान किसी प्रकार की हताहत नहीं हो पाई और दुकान बैठे सभी लोग बाल-बाल बच गए। सरेशाम फायरिंग की इस वारदात के बाद आसपास इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर दौड़कर भागने लगे। घटना के बाद सैकड़ों संख्या में दुकान के बाहर लोगो की भीड़ इकट्ठी हो गई। वही घटना को अंजाम देने के बाद हथियारबंद बदमाश हथियार लहराते हुए फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल से पांच खोखा भी बरामद किया है। फायरिंग की पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हथियारबंद बदमाशों द्वारा पांच से छह राउंड फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। इधर दुकान के मालिक विकास कुमार ने बताया कि बुधवार की देर शाम जब वह अपने मार्बल दुकान पर बैठे हुए थे। तभी एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाश दुकान के बाहर अपनी बाइक खड़ी की। इसके बाद बाइक पर पीछे पीला टी-शर्ट पहनकर बैठा हथियारबंद बदमाश बाइक से उतरकर आया और अंधाधुन फायरिंग कर दी। उनके द्वारा करीब पांच-छह राउंड फायरिंग की गई है। जिसमें दुकान के बाहर लगा ग्लास पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हम लोगों डरकर काउंटर के नीचे एवं दुकान अंदर जाकर किसी तरह अपनी जान बचाई। वही दूसरी ओर दुकान के मालिक विजय कुमार ने अपने किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। जबकि मौके पर पहुंची पुलिस अपराधियों की पहचान करने एवं उनकी गिरफ्तारी को लेकर दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे कैद वीडियो को खंगाल रही है। वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेतरिया गांव निवासी दिग्विजय सिंह अपने घर से बाइक पर सवार होकर जीरो माइल की तरफ आ रहे थे। तभी बीच रास्ते में ही दो बाइक की आपसी भिड़ंत में कुछ लोग झगड़ रहे थे। उसी बीच उन्होंने कुछ कह दिया। जिसको लेकर एक बाइक पर सवार दो लोग उनसे ही उलझ गए। लेकिन उस समय बात खत्म हो गई थी। इसके बाद वह वहां से जीरो माइल बाजार पहुंचे और मार्बल दुकान पर बैठ गए। उसी बीच बाइक सवार हथियारबंद बदमाश वहां आ धमके और मार्बल दुकान पर अंधाधुन फायरिंग कर दी।

पीएम नरेंद्र मोदी को स्कूली लड़कियों ने राखी बांधी

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, गृहमंत्री, रक्षामंत्री ने दी देशवासियों को राखी की बधाई

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर स्कूली लड़कियों के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया। बच्चियों ने पीएम मोदी की कलाई पर राखी बांधी, तब प्रधानमंत्री बच्चियों को दुलारते दिखाई दिए। उन्होंने सभी बच्चियों के साथ ग्रुप फोटो शूट कराया। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बुधवार सुबह रक्षाबंधन के पवित्र पर्व पर शुभकामनाएं दी।

उन्होंने टवीट कर कहा कि मेरे सभी परिवारजनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं। बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का ये पावन पर्व, हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। मेरी कामना है, यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे। इस बार रक्षाबंधन का त्यौहार 30 और 31 अगस्त दोनों दिन मनाया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्रिय गृह मंत्री अमित शाह ने भी देशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने लिखा, सभी देशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं! यह त्यौहार भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है और अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि, रक्षा बंधन की हार्दिक शुभकामनाएं! रक्षाबंधन प्यार के उस खूबसूरत बंधन का प्रतीक है, जो भाइयों और बहनों को बांधता है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, समस्त देशवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं। भाई-बहन के अटूट रिश्ते और प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख और समृद्धि लाए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, 'भाई-बहन के बीच स्नेहिल और पवित्र संबंध के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की आप सभी को बहुत शुभकामनाएं।

राष्ट्रपति मुर्मू, उपराष्ट्रपति धनखड़ व मोदी ने दीं रक्षाबंधन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने एक्स (पूर्व में) ट्विटर पर लिखा, "रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं। यह त्योहार भाई-बहन के अटूट प्यार का प्रतीक है।" उन्होंने देश में महिलाओं के लिए अधिक सुरक्षित माहौल बनाने का संकल्प लेने की भी अपील की। अपनी शुभकामनाएं देते हुए, उपराष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, "रक्षा बंधन पर हार्दिक शुभकामनाएं! रक्षाबंधन प्यार के खूबसूरत बंधन का प्रतीक है जो भाइयों और बहनों को बांधता है।" धनखड़ ने कहा, आइए हम अपनी 'नारी शक्ति' के साथ खड़े होने का संकल्प लें ।

बिहार के स्कूलों में दुर्गा पूजा व छठ की छुट्टियों में कटौती, भाजपा नेता भड़के

दैनिक शुभ भास्कर। पटना

बिहार शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों की छुट्टियों में कटौती कर दी है। अब से दिसम्बर तक विभिन्न पर्व त्योहारों पर स्कूलों में 23 छुट्टियां थी, जिसे घटाकर 11 कर दिया गया है। इस पर भाजपा के नेता भड़के नजर आ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अब शरिया लागू कर दिया जाय। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक के निर्देश पर प्रारंभिक से उच्च विद्यालयों तक की छुट्टियों में कटौती करने का आदेश जारी किया गया है। इसके तहत दुर्गा पूजा के पहले स्कूलों में छह दिनों की छुट्टी थी, जिसे अब घटाकर रविवार जोड़कर तीन दिनों का कर दिया गया है। इसी तरह दिवाली, चित्रगुप्त पूजा, भैया दूज और छठ पूजा का 13 से 21 नवंबर तक छुट्टी घोषित की गई थी। लेकिन अब इसमें कटौती करते हुए मात्र चार दिन कर दिया गया है। विभाग ने हालांकि यह कहा है कि यदि किसी जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी विशेष परिस्थिति में अवकाश घोषित करना चाहेंगे, तो पूर्वानुमति लेकर अवकाश घोषित कर सकते हैं। इस आदेश के बाद केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय के सांसद गिरिराज सिंह ने अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा कि शिक्षा विभाग, बिहार सरकार द्वारा दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। कल संभव है कि बिहार में शरिया लागू कर दी जाये और हिंदू त्योहार मनाने पर रोक लग जाये। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं बिहार भाजपा प्रवक्ता डॉ. निखिल आनंद ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार को पीएफआई का चारागाह पहले ही बना दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार सिर्फ अपराध और आतंक का अड्डा ही नहीं बनता जा रहा है, बल्कि नीतीश कुमार की मुस्लिमपरस्ती और पाकिस्तानपरस्ती का खामियाजा बिहार का आम नागरिक और हिंदू सनातन धर्म के मानने वाले लोग भुगतने जा रहे हैं।

राखी के त्योहार पर बाजारों में रही भीड़

दैनिक शुभ भास्कर/ राकेश जैन/ राजस्थान/ उदयपुर। 30 अगस्त बुधवार को चतुर्दशी सुबह 10:58 तक रहेगी इसके बाद पूर्णिमा शुरू होगी मृत्यु लोक की भद्र रहने के कारण दिन में रक्षा सूत्र नहीं बांधे जा सकेंगे पूर्णिमा 31 अगस्त गुरुवार सुबह 7:05 बजे तक रहेगी रक्षाबंधन के कारण बाजारों में मिठाई रखी की काउंटर पर काफी भीड़ देखी गई नारियल मिठाई फ्रूट राखी काउंटर सभी पर कस्टमर काफी तादात में दिखाई दिए बच्चों के लिए टॉयज राखी भाभियों के लिए चूड़ा राखी भाइयों के लिए स्पेशल ब्रेसलेट रियो का क्रेज चल रहा है जो की मार्केट में विभिन्न प्रकार की राखियां और फैंसाइरा क्योंकि खरीदारी बहाने अपने भाइयों के लिए खरीदारी में लगी रही भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए कहीं प्रकार के गिफ्ट और साड़ियों की जमकर खरीदारी की राजस्थान सरकार ने बहनों के लिए रोडवेज बस में फ्री टिकट किया है जिससे कि बहाने बढ़-चढ़कर अपने भाइयों के यहां जाने में बहुत उत्साहित दिखीं

चंद्रयान-3 के रोवर को मिली रासायनिक वस्तुएं, हाइड्रोजन की तलाश जारी

चेन्नई । चंद्रयान-3 को प्राप्त एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में अंतरिक्ष यान के पेलोड ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में एल्यूमीनियम, सल्फर, कैल्शियम, लोहा, क्रोमियम और टाइटेनियम सहित कई रासायनिक पदार्थों की उपस्थिति का पता लगाया है और हाइड्रोजन की खोज जारी है। अंतरिक्ष यान पर लैंडर मॉड्यूल द्वारा चंद्रमा की सतह पर 23 अगस्त को स्थापित किए गए रोवर के कैमरों द्वारा कैप्चर किया गया यह पहला बड़ा खुलासा है। इसरो ने कहा कि चंद्रयान-3 के रोवर पर लगे लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी (एलआईबीएस) उपकरण ने दक्षिणी ध्रुव के समीप चंद्रमा की सतह पर पहली बार इन-सीटू माप किया है।

सरकारी अधिकारियों पर गलत टिप्पणी से बचें : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

अदालत में अक्सर सुनवाई के दौरान भावावेश में आकर जज अधिकारियों पर अनावश्यक टिप्पणी करते हैं, यह गलत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायाधीशों को इस तरह की बातों से बचना चाहिए। जब बेहद जरूरी हो, तब ही ऐसा करना चाहिए। उनके बारे में बात करते समय उन्हें हमेशा निष्पक्ष रहना चाहिए और सही शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। क्या कहना है इसके लिए शब्दों का चयन करते समय गंभीर और विचारशील होना महत्वपूर्ण है। अदालत में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उस केस

का जिक्र किया, जहां एक निजी कंपनी के स्वामित्व वाली दुकान को पंजाब के आबकारी और कराधान विभाग के अधिकारियों द्वारा सील कर दिया गया था। कंपनी पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट गई और कहा कि यह उचित नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि विभाग के ऋषिपाल सिंह नाम के व्यक्ति को सजा मिलनी चाहिए क्योंकि उन्होंने एक दस्तावेज में झूठ बोला है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने देखा कि यह व्यक्ति वास्तव में इस मामले में शामिल नहीं था और किसी ने भी उन्हें अपनी सफाई देने का मौका नहीं दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनावश्यक टिप्पणियां करना अच्छा नहीं है क्योंकि इससे न्यायाधीशों पर भरोसा खत्म होने लगेगा। इससे लोग अपना काम ठीक से करने से भी डर सकते हैं।

अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद इस देश में कदम रखने को तैयार हुए पुतिन

मॉस्को। यूक्रेन के खिलाफ जंग छेड़ने के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ हैं। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद वह पहली बार रूस से बाहर कदम रखने वाले हैं। हालांकि पुतिन जी20 शिखर सम्मेलन में शिरकत करने भारत नहीं आ रहे हैं। अरेस्ट वारंट जारी के बाद पुतिन अक्टूबर में चीन की अपनी पहली विदेश यात्रा करने पर सहमत हो गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुतिन इस साल के अंत में बेल्ट एंड रोड फोरम के लिए चीन में कदम रखने के लिए तैयार हैं।

एक सूत्र के हवाले से कहा गया हैं कि रूसी राष्ट्रपति द्वारा सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण को स्वीकार करने के बाद क्रेमलिन पुतिन की चीन यात्रा की तैयारी कर रहा है। पिछले दिनों, पुतिन दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल नहीं हुए थे, क्योंकि कोपेनहेगन में स्थानीय सरकार ने कहा था कि वह अंतरराष्ट्रीय अदालत में हस्ताक्षरकर्ता के रूप में उन्हें गिरफ्तार करने के आईसीसी के आदेश का पालन करेगी।

प्रशिक्षण पीड़ित पक्ष के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहाः थानाध्यक्ष

पुलिस अधीक्षक द्वारा नए दो थानों के निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर । कैमूर-जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत कैमूर आरक्षि अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा क्षेत्र वासियों को पूर्ण सुरक्षा देने की दृष्टिकोण से, दो नए थाने की निर्माण हेतु किया गया भूमि पूजन। आपको बताते चलें कि जिला के अधौरा प्रखंड क्षेत्र नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र था। जहां सरकार द्वारा नक्सलवाद से प्रभावित लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने हेतु तरह-तरह की योजनाएं चलाया गया जिसके परिणाम स्वरूप वर्तमान समय में स्थिति नियंत्रण में है। अधूरा प्रखंड क्षेत्र

जिला के लगभग 25 प्रतिशत भूभाग पर स्थित है। पर वर्तमान में अधौरा एवं लोहरा थाना प्रखंड वासियों को सुरक्षा दिया जाता है। प्रखंड वासियों की पूर्ण सुरक्षा के मद्देनजर सरकार के निर्देशानुसार दो नए थाने का निर्माण होना है। जिसके लिए सारोदाग एवं आथन को चयनित किया गया है। जिस नव थाना निर्माण हेतु आरक्षी अधीक्षक के द्वारा दोनों जगह पर भूमि पूजन किया गया। उक्त अवसर पर लोहरा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम एवं अधौरा थाना अध्यक्ष बालवृंद सिंह दलबल के साथ उपस्थित रहे। वही मौके पर पहुंचे प्रखंड क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में पहुंचे प्रखंड वासी प्रसन्नचित दिखें।

ख़ास ख़बर

2024 के लोकसभा चुनाव में अररिया से रंजीत कुमार यादव हो सकते हैं भाजपा से कैंडिटेट!

अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा एक साथ कई फॉर्मूलों पर काम कर रही है। पार्टी में मौजूदा सांसदों के टिकट काटने से लेकर नए चेहरों को मौका देने तक पर मंथन जारी है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी आजादी के 100 वें साल तक संसद में युवा प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए काम कर रही है। चुनाव में भाजपा 150 नए प्रत्याशी उतार सकती है। इनमें 41 से 55 साल की उम्र के प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होगी। भाजपा के एक महासचिव ने कहा कि पहली लोकसभा में 26 फीसदी सदस्यों की उम्र 40 से कम थी। बाद में संसद में युवा प्रतिनिधित्व कम होता गया । लोकसभा में तीन से 11 बार तक चुनाव जीतने वाले सांसदों की संख्या बढ़ती गई । इसे देखते हुए पार्टी दो या इससे अधिक बार लोकसभा चुनाव जीत चुके नेताओं में से ज्यादातर को संगठन की जिम्मेदारी देने जा रही है। इसके अलावा अपवाद को छोड़कर किसी को राज्यसभा दो बार से ज्यादा नहीं भेजा जाएगा। 80 फीसदी ऐसे लोगों को मौका मिलेगा जो कानून, चिकित्सा, विज्ञान, कला, आर्थिक मामले, तकनीक, पर्यावरण और भाषा के जानकार हों। दस सीट पर चुनाव हुए तो 2 ही ऐसे प्रत्याशी होंगे जो जातीय समीकरण या संगठन में योगदान के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे। देश में 65 फीसदी से ज्यादा युवा हैं, ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ाना चाहते हैं। अगर एक शख्स को लगातार लोकसभा का टिकट मिलता है तो उसके साथी कार्यकर्ता चुनावी राजनीति से बाहर हो जाते हैं। इधर अति विश्वस्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के अनुसार अररिया लोकसभा में बीजेपी के प्रत्याशी रंजीत कुमार यादव होंगे पिछले दो दिनों में गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री से उनकी मुलाकात हुई और उन्हें तैयारी करने का दोनों नेताओं ने कहा है। बता दें कि युवा दिलों के धड़कन जोकीहाट से भाजपा के प्रत्याशी रहे भाई रंजीत कुमार यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 का आवेदन फॉर्म का तिथि बढ़ाने की मांग

फारबिसगंज। रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य सह वरीय समाजसेवी रामनाथ प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार,शिक्षा विभाग एवं बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से मांग किया है कि छात्रों का भविष्य को देखते हुए बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 आवेदन फॉर्म का तिथि बढ़ा दें। कहा कि अधिकतर छात्र बीपीएससी शिक्षक भर्ती का परीक्षा देने में व्यस्तता के कारण और साइट स्लो और परीक्षा शुल्क फंसने और फाइनल सबमिट नहीं होने के कारण बिहार बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी-2023 का फॉर्म नहीं भर सका। गौरतलब हो कि एसटीईटी आवेदन फॉर्म भरने का तिथि 09 अगस्त से 23 अगस्त तक था। जो 23 अगस्त को खत्म हो गया। यानि पूर्व से सूचना दिए बगैर रातो रात फॉर्म का तिथि आया और रातों रात खत्म हो गया। श्री प्रसाद ने कहा इसके अलावा अपीयरिंग छात्रों को भी बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 में आवेदन का मौका मिलना चाहिए और एसटीईटी में विषय कॉम्बीनेशन की बाध्यता समाप्त कर देना चाहिए। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति का एक पत्र वायरल हो रहा है जिसमें लिखा है कि बिहार माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा एसटीईटी 2023 का परीक्षाफल प्रकाशन 18 सितंबर 2023 को ही प्रस्तावित है। एक तो 4-5 साल के लंबे इंतजार के बाद वेकेंसी आती है और ऊपर से इतनी हड़बड़ी। रामनाथ प्रसाद ने कहा बिहार सरकार शिक्षा विभाग और बिहार विद्यालय परीक्षा समिति अतिशीघ्र छात्रों का हित एवं भविष्य को देखते हुए एसटीईटी आवेदन फॉर्म का तिथि को बढ़ा देना चाहिए जिससे हजारों छात्रों को लाभ होगा और एसटीईटी अभ्यर्थी को परीक्षा की तैयारी के लिए कम से कम 2 महीने का समय दिया जाए एवं सिलेबस को स्पष्ट करके संशोधित किया जाए यथा विषय कॉम्बिनेशन की बाध्यता समाप्त किया जाए तथा अपीयरिंग छात्रों को भी फॉर्म भरने का मौका प्रदान करें। इसके अलावा श्री प्रसाद ने बिहार सरकार से कहा कि जल्द से जल्द नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी घोषित करें ताकि शिक्षक खुशहाल माहौल में बिहार के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे।इन्होंने जोर देकर कहा कि नियोजित शिक्षकों को ट्रांसफर वाली सुविधा दें ताकि जो बच्ची मैके में नौकरी कर रही है उसे ससुराल जाने का मौका मिले तथा पुराने पेंशन का भी उन्हें लाभ दें।

पूर्व प्रमुख सदानंद यादव के घुटने का सफल हुआ सर्जरी

नई दिल्ली/पलासी। पलासी ब्लॉक के कद्दावर नेता सह पूर्व प्रमुख निवर्तमान प्रमुख प्रतिनिधि सदानंद यादव के घुटने का सफल सर्जरी हुआ। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल, नई दिल्ली में घुटने के सफल ऑपरेशन के बाद ईश्वर की कृपा से अब वो स्वस्थ हैं । स्वास्थ्य का हाल जानने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, भाजपा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार "सैयद शाहनवाज़ हुसैन जी" इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल आये । इस मौक़े पर पलासी की वर्तमान प्रखंड प्रमुख श्रीमती चिंता देवी जी, भाजपा के प्रचंड नेता रंजीत यादव वहां मौजूद थे।

डीएम, एसपी को रक्षा सूत्र बांध दीर्घायु जीवन की कामना की

फारबिसगंज। ज़िला पदाधिकारी अररिया इनायत खान, ज़िला पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, अररिया मंडल कारा के अधीक्षक जवाहर लाल प्रभाकर तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज खूसरू सिराज ने शैक्षणिक संस्थान शिशु भारती स्कूल की बच्चियों के साथ रक्षा बंधन पर्व मनाया। इस मौक़े पर बच्चियों ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए मुँह मीठा कराया। इस अवसर पर ज़िला पदाधिकारी श्रीमती खान ने कहा कि बच्चियों के साथ त्योहार मनाकर जो आनंद की अनुभूति हुई है वह अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि त्योहार के कई मायने होते हैं और उसमें सबसे प्रमुख होता है आपसी सम्बन्ध एवं भाईचारे की मिशाल। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन एक ऐसा त्योहार है जो भाई एवं बहनों के लिए सबसे प्रमुख त्योहार होता है।मौक़े पर डीएम, एसपी, जेल अधीक्षक, एसडीपीओ फारबिसगंज ने बच्चियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनलोगों ने आज उनके पास पहुँचकर न सिर्फ़ रक्षा सूत्र बांधा है वरन उन्हें परिवार के सुख का सुखद एहसास कराया है। उनके इस कार्य से उन्हें एक नई ऊर्जा की प्राप्ति हुई जिससे समस्त ज़िला वासियों की बेहतरी के लिए अपने अपने स्तर पर अच्छे ढंग से अपने कार्यों को सजगतापूर्वक पूरा करने में सफल हो पाएँगे, ऐसा उन्हें विश्वास है। संस्थापक ई आयुष अग्रवाल ने कहा कि हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि ज़िला में तमाम पदाधकारियों के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाने के मौक़ा मिला। उन्होंने कहा कि अपन परिवार से दूर रहकर हम सभी को ही अपना परिवार मानकर हर दिन अच्छे के लिए कार्य कर रहीं ज़िला पदाधिकारी बधाई की पात्र हैं। एसपी श्री सिंह के लिए विशेष बताते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि पुलिस कप्तान समाज को परिवार के तरह चलाने का जो सार्थक पहल कर रहे हैं वह क़ाबिले तारीफ़ है। शिशु भारती स्कूल के निदेशक कुणाल केडिया, प्राचार्य शशिकांत कुमार, शिक्षिका गीता दास, श्रावणी देव सहित बच्चियों में दर्शिता समदरिया, अनुष्का गुप्ता, युक्ति बोथरा, अनन्या जायसवाल, ऐनि देव, संजिता दास, ख़ुशी डागा, प्रीत पुगलिया उपस्थित थे।

जेनिथ पब्लिक स्कूल में में खेल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

जोगबनी । मंगलवार को स्थानीय जेनिथ पब्लिक स्कूल जोगबनी में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर पुष्प माला पहना कर श्रदांजलि अर्पित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल कविता खान ने कहा की आज का दिन हॉकी के महान खिलाड़ी के याद मे राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है, खेल से शरीर और मस्तिष्क दोनो ही मजबूत होते है । इसके बाद स्कूल के चारो हाऊस के बीच एक शानदार कबड्डी का प्रतियोगिता रखा गया ।प्रतियोगिता को सूचारु रूप करने के लिए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से आये स्कूल के ट्रेंड खेल प्रशिक्षक विवेक कुमार की देखरेख मे किया गया। इस अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में आर्यभट हाऊस प्रथम , बुद्धा हाऊस दृतीय और चाणक्य हाऊस तृतीय स्थान प्राप्त किया । आर्यभट्ट हाऊस ने 25 11 से - जीत हासिल की। खेल प्रशिक्षक विकास कुमार ने बताया की सी बी एस ई के द्वारा आगामी कलस्टर खेल प्रतियोगिता मे इन्ही खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ट खिलाड़ियों को चुना जाएगा।

प्रॉपटी एक्सपो का अयोजन पूर्णियां के होटल पारस में 1 सितंबर को

ई होम्स पैनोरमा, कॉरपोरेट कार्यालय आदि को सजाने की कार्रवाई की जा रही है

पूर्णियां। पैनोरमा ग्रुप के 8 वें स्थापना दिवस के मौके पर सीमांचल इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड (पनोरमा ग्रुप) का एक दिवसीय प्रॉपटी एक्सपो 2023 का आयोजन किया जा रहा है । पूर्णियां के होटल पारस में 1 सितंबर को इस एक दिवसीय एक्सपो का उद्घाटन और कार्यक्रम को लेकर तैयारियां परवान पर है। इधर ई होम्स पैनोरमा, कॉरपोरेट कार्यालय आदि को सजाने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने पनोरमा ग्रुप पिछले 07 वर्षों से पूर्णिया-छातापुर में रियल एस्टेट के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। साथ ही शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी छातापुर में पनोरमा अस्पताल व पनोरमा पब्लिक स्कूल का निर्माण किया है। अयोजित इस एक्सपो में लोग अपने-अपने बजट अनुसार किफायती दरो पर जमीन सहित अपना घर-दुकान बुकिंग करवा सकेंगे। बताते चलें कि इससे पहले पनोरमा ग्रुप पूर्णिया में भी 2016 से लेकर अब तक लगातार एक से बढ़कर एक पूर्णिया शहर के विभिन्न लोकेशन पर अपना प्रोजेक्ट बनाकर कोशी-सीमांचल के लोगों को उचित मूल्यों में घर-दुकान देते आया हैं । पनोरमा ग्रुप 'ने रियल एस्टेट के आलावा शिक्षा - स्वास्थ्य व सामाजिक कार्यों में भी अपना अहम योगदान निभाते आया है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा करोना काल में लगे लॉकडाऊन में भी पनोरमा ग्रुप के टीम द्वारा बिहार से बाहर फंसे हुए लोगो को राशन पानी समेत घर तक पहुंचाने में भी अहम योगदान दिया था। रोजगार मुहैया भी कराया था।

घमंडिया सरकार द्वारा त्योहारों पर छुट्टियों में कटौती को भाजयुमो ने बताया हिंदू विरोधी फैसला

फारबिसगंज। बिहार की घमंडिया गठबंधन की सरकार लगातार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है चाचा भतीजे की सरकार हिंदुओं की भावनाओं को आहत और खिलवाड़ करने से बाज नही आ रही है, प्रदेश में अब क्या सनातन धर्म मे आस्था रखने वाले धार्मिक त्योहार भी मना नही सकते है? उक्त बातें भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, बुलबुल यादव एवं जिला मंत्री करण सिंह संग बिहार सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी तुगलकी फरमान में त्योहारों पर छुट्टियों में की गई कटौती पर पत्रकारों के बीच अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कही।प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा जारी हिंदू विरोधी फैसले पर रोष प्रकट करते हुए इसे घोर दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बताया। कहा कि कुर्सी कुमार की सरकार ने हिंदुओं के भावना पर कुठाराघात करते हुए रक्षाबंधन, श्री कृष्ण जन्माष्टमी, हरितालिका तीज, जिउतिया, विश्वकर्मा पूजा,कार्तिक पूर्णिमा गुरुनानक जयंती सहित दीपावली, दुर्गा पूजा के आलावे छठ महापर्व में पहले से जारी 23 छुट्टियों को रद्द कर 11 छुट्टी किया जाना ना सिर्फ बेहद आपत्तिजनक है,बल्कि प्रदेश सरकार का हिन्दू विरोधी चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने एक समुदाय को खुश करने और वोट बैंक की राजनीति को साधने वाले इस तालिबानी निर्णय को शीघ्र वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि तुष्टिकरण राजनीति के प्रणेता नीतीश तेजस्वी की सरकार समाज को बांटने की नीति पर कार्य कर रही है जिसे बिहार की जनता 2024 एवं 2025 में करारा जबाब देकर इंसाफ करेगी।

जिला न्यायाधीश हर्षित सिंह ने हत्यारे पति को दी उम्रकैद की सज़ा

अररिया (रूबी विनीत)। न्यायमण्डल अररिया के जिला न्यायाधीश हर्षित सिंह ने बुधवार को दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने का मामला प्रमाणित होने पर जिले के कुआरी थाना क्षेत्र के सुन्दरी मठ वार्ड 11 का रहनेवाला 25 वर्षीय आरोपी पति अमर कुमार पासवान पिता स्वर्गीय कैलाश पासवान को उम्रकैद की सज़ा सुनाई है। यह जानकारी सरकार की ओर से लोक अभियोजक (पीपी) लक्ष्मी नारायण यादव ने पत्रकारों को दी है। बताया गया कि मृतिका पिंकी कुमारी ने वर्ष 2019 मे आरोपी अमर कुमार पासवान के साथ प्रेम-विवाह किया था। तथा शादी के बाद अमर पासवान के द्वारा दहेज की मांग की जा रही थी। दहेज की मांग पूरी नही होने पर आरोपी अमर कुमार पासवान ने 22 मार्च 2021 की रात को अपने सहयोगियों की मदद से अपनी पत्नी पिंकी कुमारी की हत्या कर दिये। इस संबंध में मृतिका का भाई पंकज कुमार मंडल पिता लालो मंडल साकिन रजोला वार्ड 07 थाना सोनमणी गोदाम जिला अररिया ने कुर्साकांटा (कुआरी) थाना में कांड संख्या 63/2021 दर्ज करवाया था। न्यायलय के न्यायधीश श्री सिंह ने आरोपी पति को भादवि की धारा 302/34 के तहत दोषी पाया। सज़ा के बिन्दु पर सरकार की ओर से लोक अभियोजक (पीपी) लक्ष्मी नारायण यादव व बचाव पक्ष के अधिवक्ता किशोर कुमार दास ने अपना-अपना पक्ष रखा।

मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे पिपरा विधायक परिजनों को बंधाया ढांढस

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल। जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर पंचायत के भुराराही गांव मृतक के परिजनों से मिलने पिपरा विधायक रामविलास कामत पहुंचे। जहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया और कहा की जो भी घटना घटी है काफी दुखद है और दुख के इस घड़ी में हम तमाम लोग पूरे परिवार के साथ है। उन्होंने कहा कि मैंने डीएम और सीओ से बात की है और कहा है कि सरकार के द्वारा दुर्घटना मामले को लेकर जो भी सहायता राशि दी जाती है उन्हें जल्द से जल्द पीड़ित परिजनों को दिया जाए। कहा कि सरकार के द्वारा दुर्घटना में मिलने वाली सहायता राशि जल्द ही विभागीय नियम अनुसार पीड़ित परिजनों को मिलेगी साथ ही उन्होंने कहा कि इसके अलावा पीड़ित परिजनों को जिस तरह के सहयोग की आवश्यकता होगी वह उनके उम्मीद पर खड़े उतरेंगे। इस मौके पर सीओ रविंद्र चौपाल, जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र मंडल, गोपाल यादव, निरंजन झा, राकेश यादव, मो इरफान, गणेश मुखिया सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

एसडीओ ने बेलही पश्चिमी पंचायत में बुधवारी जांच के क्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं का किया निरीक्षण

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बुधवारी जांच के दौरान बुधवार को जयनगर प्रखंड के बेलही पश्चिमी पंचायत में सरकारी योजनाओं की जांच करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।एसडीओ ने वार्ड नंबर 7 एवं 8 वार्डों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजना का जायजा लिया एवं स्थानीय लोगों से विकास कार्यों की गति से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने पंचायत में मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल,आंगनबाड़ी केंद्र,पीडीएस,तालाब एवं स्कूल का जायजा लिया एवं सभी बिन्दुओं को बारीकी से जानकारी लेने के बाद लाभुकों को उनका लाभ दिए जाने की बात कही।सेविका को बच्चों एवं महिला लाभुकों को सरकारी लाभ ससमय देने का आदेश दिया।एसडीओ ने बैतोन्हा के राजकीय उत्क्रमित विधालय,राजकीय प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति पंजी एवं शिक्षक की उपस्थिति पंजी की जांच की।वहीं मेनू के हिसाब से चल रहे भोजन की जांच की। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर सभी शिक्षकों को दिशा निर्देश दिया। नामांकित छात्रों की तुलना में उपस्थित छात्रों की संख्या, मध्याह्न भोजन एवं विद्यालय में बिजली, शौचालय, पेयजल उपलब्धता एवं शैक्षणिक गतिविधि की जांच की गई। साथ ही साफ-सफाई को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।इस मौके पर बेलही पश्चिमी पंचायत के मुखिया अवध बिहारी यादव उर्फ राम दास हजरा सहित अन्य मौजूद थे।

प्रशिक्षण पीड़ित पक्ष के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहाः थानाध्यक्ष

बिगत तेरह अगस्त को एक लड़की का हुआ अपहरण, प्रशासन मौन

संजीब यादव/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल। जिले में राघोपुर थाना क्षेत्र के हुलास गांव से गत 13 अगस्त को ही हुए एक नाबालिग लड़की के अपहरण मामले में पुलिस का हाथ अभी तक खाली है, जिसके कारण पीड़ित पक्ष में काफी मायूसी छाई हुई है। अपहृत लड़की के परिजनों ने बताया कि 13 अगस्त को उनके नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया था, लेकिन 15 दिनों से अधिक हो जाने के बाद भी प्रशासन द्वारा उनके पुत्री को बरामद नहीं किया जा सका है। बताया कि इस संबंध में आवेदन भी दिया गया है, लेकिन पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। वहीं अपहृत लड़की के पिता द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि 13 अगस्त को उनकी पुत्री किराना सामान लाने के लिए निकली थी। सामान लेकर वापस घर आने के क्रम में पुल के पास एक चार चक्का गाड़ी लगाकर वहां पहले से ही चार पांच की संख्या में आदमी मौजूद था। उक्त लोगों ने उनके पुत्री को जबरन गाड़ी में बैठा लिया और वहां से भाग निकला। उसी क्रम में हो हल्ला होने पर अपने कुछ साथी के साथ उसी रास्ते से जा रहे उनका भतीजा जब तक वहां दौड़कर पहुंचा, गाड़ी लेकर वे लोग वहां से भाग निकले। बताया कि उसमें से उनके भतीजा ने दो लड़कों को पहचान लिया। जिसकी पहचान गांव के ही अविनाश कुमार उर्फ रंजीत कुमार और राहुल कुमार के रूप में किया गया। इस संबंध में जब दोनों के माता- पिता को कहा गया तो वे लोग गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। वहीं अविनाश कुमार ने उनके पुत्र को फोनकर धमकाया कि तुमलोग शांत रहो, नहीं तो लड़की के साथ - साथ तुमलोग को भी मार देंगे। वहीं इस संबंध में राघोपुर थानाध्यक्ष रजनीश केशरी ने बताया कि पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है, जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

सभी माताओं और बहनों को प्रधानमंत्री का रक्षा बंधन पर बड़ा तोहफा

अररिया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में कैबिनेट ने रसोई गैस सिलेंडर 200 रुपए सस्ता किया। उज्ज्वला योजना के माध्यम से जिनको सिलेंडर मिला था, उन्हें 200 रुपये सस्ता सिलेंडर पहले से मिलता था अब उन्हें प्रति सिलेंडर 400 रुपये सस्ता मिलेगा। उक्त बात अपने आवासीय कार्यालय आश्रम चौक अररिया पर भाजपा के युवा नेता रंजीत कुमार यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की तरफ़ से 75 लाख बचे हुए परिवारों को भी उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर दिए जाएंगे।देश की माताओं और बहनों को बड़ा तोहफा देने के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार। श्री यादव ने इसे रक्षाबंधन पर्व पर बहनों की खुशियां बढ़ाने वाला बताते हुए स्वगात किया है। देश की बहनों को बड़ा तोहफा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति आभार प्रेषित करते हुए श्री रंजीत कुमार ने कहा कि यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि पीएम के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार आम जनमानस की आशाओं, आकांक्षाओं व जरूरत के प्रति बेहद संवेदनशील है।

निर्माणाधीन स्मारक का पुनर्निर्माण कराने की सांसद, विधायक से मांग

जयनगर/मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। भाकपा-माले वर्षो पूर्व निर्माणाधीन व अव्यवस्थित तथा प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों के लापरवाही के कारण शहीद स्मारक गंदगी में रहता है तब्दील यह है शहीदों का अपमान है।जयनगर, भाकपा माले के प्रखंड सचिव भूषण सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन कुमार कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत डॉ. इन्द्र कुमार मंडल सांसद रामप्रीत मंडल झंझारपुर लोकसभा विधायक अरुण शंकर प्रसाद खजौली विधानसभा एवं मुख्य पार्षद कैलाश पासवान नगर पंचायत को दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि अंग्रेज भारत छोड़ो अगस्त क्रांति आन्दोलन के सुरुवाती दौड़ के आंदोलनकारी शहीद नथुनी साह का स्मारक नगर पंचायत जयनगर के अंतर्गत शहीद चौक जयनगर पर कई वर्षो से निर्माणाधीन है। स्मारक निर्माणाधीन रहने के कारण स्मारक के भीतर और बाहर गंदगी में हमेशा तब्दील देखा जाता है , जो शहीद के लिए अपमान और निंदनीय है।ज्ञात हो की अंग्रेज भारत छोड़ो आन्दोलन अगस्त क्रांति के सुरुवाती दौड़ में जयनगर थाना में सैकड़ो स्वतंत्रता सेनानी आंदोलनकारियों को अंग्रेज के सिपाहियों के द्वारा गिरफ्तार कर थाना में बंदी बनाया गया था , और अंग्रेज पुलिस और आंदोलनकारियों के बिच जमकर विरोध तथा संघर्ष हुआ इसी दौरान जयनगर प्रखंड के अंतर्गत दुल्लीपट्टी गाँव के निवासी 1919 में जन्म लिए मात्र 23 वर्ष के उम्र में अंग्रेज के गोली से नथुनी साह शहीद हो गए। जिला में उनके पहला शहादत के वाद जयनगर के चर्चित शहीद चौक नाम पड़ा और कुछ वर्षो बाद शहीद स्मारक का निर्माण कराया गया था। जो निर्माणाधीन है पूर्व में शहीद नथुनी साह के निर्माणाधीन स्मारक पर स्वतंत्रता दिवस एवं गणतन्त्र दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी के द्वारा झंडा फहराया जाता था। लेकिन स्वतंत्रता सेनानी जीवित नही रहने के कारण अब जेपी सेनानी के द्वारा झंडा फहराया जाता है। स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के उदासीनता तथा स्मारक निर्माणाधीन व अव्यवस्थित रहने के कारण गंदगी में तब्दील देखा जाता है जो शहीद का अपमान और निंदनीय है। और अविलम्ब अपने स्तर के निर्माणाधीन शहीद नथुनी साह का स्मारक को व्यवस्थित तरीके से पुर्ननिर्माण कराने की मांग किया भाकपा-माले।

ख़ास ख़बर

पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर हथियार व 50 बोतल शराब के साथ एक बदमाश को किया गिरफ्तार

अमरेश कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा, सुपौल। जिले में पिपरा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कटैया वार्ड नंबर 14 में छापामारी कर अमरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को देर रात गस्ति के दौरान गुप्त सूचना मिली कि कटैया वार्ड 14 में एक बदमाश बाइक पर सवार जो हथियार के साथ जा रहा है।इसकी सूचना मिलते ही गस्ती दल स अनि प्रकाश रजक अपने दल बल के साथ कटैया अमरेश कुमार के घर पहुंचा कर देखा की बाइक पर 50 बोतल नेपाली सोफी शराब रखा मिला वहीं घर की तलाशी ली गई तो युवक घर मैं सोय हुआ था। उसी दौरान घर में तकिया के नीचे एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है उनके दरवाजे पर एक बाइक का नंबर बी 50 जे 0390 लगा था जिसपर 50 बोतल नेपाली सोफी शराब बरामद की गई और सभी बरामद समान व युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।और उसके ऊपर थाना काण्डसंख्या 280/ 23 दर्ज कर बुधवार को जेल भेज दिया गया।

प्रखंड के परसा माधव पंचायत में सुना घर पाकर चोरों ने किया हाथ साफ

सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर, सुपौल। जीले में निर्मली थाना क्षेत्र के परसा माधो पंचायत के वार्ड 4 कलीमुंगरार गांव में सोमवार की रात चोरों ने सुनें घर को अपना निशाना बनाया। चोरों ने 70 हजार नगद सहित डेढ़ लाख रुपए कि जेवर चुरा लिए। बताया जाता है कि परसा माधो पंचायत के वार्ड चार निवासी राजेंद्र शर्मा ने थाना में दिए आवेदन में कहा है कि सोमवार कि रात लगभग 10 बजे खाना खाकर दरवाजे पर मवेशी घर में सभी परिवार सो गए। मंगलवार कि सुबह जगे और घर का दरवाजा खोल कर घुसा तो देखा कि आवासीय घर कि दिवाल तोड़कर घर में रखे सारा सामान जहां तहां बिखरा हुआ है। बक्सा में रखें 70 हजार नगद और डेढ़ लाख रुपए कि जेवर गायब मिले। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। चोरी की जानकारी मिलते ही वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गए हैं। उधर थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि घटना को लेकर आवेदन मिली है । जांच अज्ञात चोरों के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

एस एस बी ने मानव तस्करी के उद्देश्य से ला रहे 1 नाबालिग को मानव तस्करी से छुड़ाया

अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर ,वीरपुर,सुपौल। जिले के वीरपुर अनुमंडल अंतर्गत एस एस बी 45वीं बटालियन की सीमा चौकी कुनौली के चेक पोस्ट पर कार्यरत कार्मिकों द्वारा सीमा पर 01 तस्कर को मानव तस्करी के उद्देशय से नेपाल से भारत ला रहे 01 नाबालिग लड़की को छुड़ाया। जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट, श्री जगदीश कुमार शर्मा , द्वितीय कमान अधिकारी ने बताया कि सीमा चौकी कुनौली के क्षेत्र में सीमा स्तम्भ संख्या 222 के पास एक पारंपरिक मार्ग है इस मार्ग पर सीमा चौकी द्वारा चेक पोस्ट स्थापित कर 24 घंटे ड्यूटि तैनात रहती है । इस क्रम में दिनांक 28.08.2023 को स. उ. नि. रामेश्वर सिंह के नेतृत्व में आरक्षी/महिला सुमन कंबोज एवं अन्य 04 कार्मिकों ने एक व्यक्ति एवं एक लड़की को साथ में नेपाल से भारत आते हुए देखा , ड्यूटि पर तैनात कार्मिकों द्वारा उनको रोका गया तथा पूछ-ताछ एवं जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि लड़की जो नाबालिग थी को नेपाल से भारत की तरफ बहला –फुसला कर लाया जा रहा था । पूछताछ के दौरान नाबालिक की पहचान रशिदा खातून (काल्पनिक नाम) , उम्र-10 बर्ष , पिता- मु॰ जन्नत , ग्राम- बल्थि वार्ड न॰ -01, सप्तरी, नेपाल तथा तस्कर की पहचान फरमूल मियां , उम्र-18 बर्ष , पिता – मु॰ काइजूब , ग्राम- ढ़लवा विशनपुर वार्ड न॰ - 14 , जिला – सप्तरी, नेपाल के रूप में किया गया । इसके मद्देनजर दोनों को आवश्यक कागजी कार्यवाही के उपरांत ये पी एफ नेपाल को सुपुर्द किया दिया गया ।

ग्रामीणों ने सड़क पर धान रोपनी कर जताया आक्रोश, एसडीएम ने दिया समुचित आश्वासन

राजकुमार झा/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल। जिले में छातापुर प्रखण्ड के मोहम्मदगंज पंचायत के वार्ड नम्बर दो स्थित हसनपुर गाँव में वर्षो से जर्जर और कीचड़युक्त सड़क पर मंगलवार को ग्रामीणों ने धान रोप कर विरोध प्रदर्शन किया। जिसकी सूचना प्रशासन को मिली तो प्रशासन हरकत में आई। जिसके बाद बुधवार को त्रिवेणीगंज एसडीएम शंभूनाथ खुद स्थल पर पहुंचकर सड़क का जायजा लिया। साथ ही ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया की जल्द सड़क बनाने की दिशा में पहल की जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से पक्की सड़क नही बनने के कारण यहां के लोगों को खासकर बरसात के मौसम में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इतना ही नहीं स्कूली बच्चों एवं बीमार मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा की स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर विद्यायक और सांसद से पक्की सड़क निर्माण के लिए गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक सड़क निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं की गई। कहा कि सड़क में बने गड्ढों में बारिश का पानी जमा हो जाता है, इसके कारण सड़क दलदल हो गया है। इतना ही नहीं सड़क को जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया गया है। बताया कि इस सड़क से लगभग पांच हजार लोगों का आवागमन हर रोज होता है। स्थिति यह है कि सड़क अतिक्रमण के कारण पगडंडी बन गई है। बुधवार को त्रिवेणीगंज एसडीएम शंभुनाथ, बीडीओ रीतेष कुमार सिंह, सिओ उपेन्द्र कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के जेई विद्यानंद कुमार स्थल पर पहुंचकर समस्याओं से अवगत हुए । वहीं ग्रामीणों द्वारा सड़क किनारे सड़क की जमीन पर अतिक्रमण की शिकायत पर सड़क किनारे बंधे नादो को हटवाया गया, एसडीएम ने सड़क पर अवैध अतिक्रमणकारियों को अविलंब सड़क से अतिक्रमण हटाने को कहा,उन्होंने ने सड़क पर बांस बल्ले से घेरे को खुलवाया, उन्होंने अतिक्रमण करने वाले लोगों को सड़क से अवैध अतिक्रमण खाली करने को कहा, एसडीएम ने मौके पर मौजूद सीओ को उक्त सड़क को मापी कर सड़क की जमीन चिन्हित करने को कहा, एसडीएम ने कहा कि जो भी लोग सड़क पर अवैध कब्जा किए हुए हैं वो खुद अतिक्रमण खाली कर दें, नहीं तो प्रशासन को विवश होकर उनके ऊपर कानूनी करवाई करनी होगी। बताया कि पक्की सड़क के निर्माण के लिऐ विभागीय अधिकारियों से बात हुई है, उन्होंने समय लिया है, जल्द ही गांव में पक्की सड़क बनेगी जिससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी।

माधोपुर पंचायत के पीआरएस का किया गया सेवामुक्त

राजकुमार झा,/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर, सुपौल। लि में छातापुर प्रखंड के माधोपुर पंचायत में पदस्थापित पंचायत रोजगार सेवक पंकज कुमार को तत्काल प्रभाव से अनुबंध रद्द करते हुए उसे सेवा से मूक्त कर दिया गया है, पीआरएस पर कार्य में लापरवाही बरतने और विभागीय आदेश की बार बार अवहेलना करने का आरोप है, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सुपौल के ज्ञापांक 2073 दिनांक 29 अगस्त को उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार के द्वारा सेवा से मूक्त करने का आदेश जारी किया गया है, आदेश पत्र की प्रतिलिपी संबंधित पीआरएस को भेजते हुए मनरेगा योजना एवं अन्य अभिलेखों व कागजात प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकरी को सौंपने का निर्देश दिया गया है, साथ ही कार्यक्रम पदाधिकारी को निकटतम पंचायत के पीआरएस को माधोपुर पंचायत का अतिरिक्त प्रभार सौंपना सुनिश्चित करने को कहा गया है, जारी आदेश पत्र के अनुसार डीएम सुपौल के द्वारा प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक बीते 29 अगस्त को की गई थी, जिसमे माधोपुर पंचायत में विभिन्न अवयवों में बहूत कम उपलब्ध पाई गई, लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल नही करना इनके कार्य के प्रति लापरवाही, उदासिनता, स्वेच्छाचारिता एवं मनमाने ढंग से कार्य को संपादित करने का घोतक है, डीएम के समीक्षा बैठक से पूर्व भी जिला स्तर से भीडीओ कान्फ्रेंसिंग तथा प्रखंड स्तर पर प्रगति की समीक्षा में माधोपुर पंचायत लक्ष्य से काफी पीछे पाया गया, इस बावत बीते 25 अगस्त को पीआरएस से स्पष्टीकरण पृच्छा की गई थी, बावजूद इसके कार्य की प्रगति में सुधार नहीं हुआ।

आंगनबाड़ी सेविकाओं ने एलएस पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

राजकुमार झा,/ दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल। जिले में छातापुर प्रखंड के डहरिया पंचायत में संचालित ऑगनवाडी केंद्र की सेविकाओं ने महिला पर्यवेक्षिका पर रिश्वत मांगने और मानसिक रुप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है, इस संदर्भ में पंचायत की सभी सेविकाओं ने सीडीपीओ को आवेदन देकर मामले से अवगत कराया है और एलएस रीता कुमारी के विरुद्ध समुचित कार्रवाई करने तथा पंचायत से स्थानांतरित करने की मांग की है, आवेदन की प्रतिलिपी जिला पदाधिकरी सहित डीपीओ आइसीडीएस एवं आइसीडीएस निदेशालय पटना को भी इमेल किया गया है, हैरानी की बात है कि सेविकाओं ने एलएस पर गंभीर आरोप लगाते बीते एक अगस्त को ही कार्यालय को आवेदन दिया है, परंतु 29 दिनों का वक्त गुजर जाने के बाद भी आरोपी एलएस के विरुद्ध यथोचित कार्रवाई नहीं की गई है, सेविका कुमारी रेणुका, रंजना कुमारी, मंजुषा कुमारी, चुनमुन कुमारी, किरण कुमारी, अनिता कुमारी, मीनू कुमारी, गुडिया कुमारी, श्यामा देवी, पुष्पलता कुमारी व पूनम कुमारी ने कार्यालय के इस रवैये पर नराजगी जाहिर करते आक्रोश व्यक्त किया है, बताया है कि डहरिया की महिला पर्यवेक्षिका रीता कुमारी के व्यवहार से वेलोग तंग आ गई है, एक ही रिपोर्ट को बार बार मांग कर परेशान किया जा रहा है, अन्नप्रासन व गोदभराई के नाम पर सभी सेविका से जबरन पांच पांच सौ रुपए लिया जाता जाता है, ऑफिस का हवाला देकर हर हाल में रूपये देने की बात करती है, परंतु उनलोगों के द्वारा ऑफिस जाकर इस संदर्भ में जानकारी ली गई तो एलएस का कथन झुठा निकला, सेविकाओं ने एलएस रीता देवी की जगह दूसरे एलएस को नियुक्त करने की मांग की है, ताकि सभी सेविका सहज तरीके से भयमुक्त होकर अपना कार्य व दायित्व का निर्वहन कर सके।

मवेसी से लदे पिकअप वैन पर तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, लोगों में आक्रोश

डॉ0 बिनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली ,सुपौल। जिले के निर्मली थाना क्षेत्र में विगत सोमवार को कांवरिया के युवक टोली द्वारा निर्मली थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशी से लगे पिकअप वैन को रोका । इतने में वैन पर चढ़े चालक सहित सभी लोग मवेशी से लदे वैन को छोड़कर फरार हो गया। युवकों की टोली में लौकही थाना क्षेत्र के युवकों ने मवेशी से लदे वाहन को मौके पर उपस्थित लौकही थाना पुलिस के हवाले कर दिया।फिर लौकही थाना पुलिस ने उक्त गाय से लदा वाहन को निर्मली पुलिस के हवाले यह कहते हुए कर दिया कि यह मामला निर्मली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। मालूम हो कि मवेशी तस्करी पर रोक एवं संरक्षण को लेकर सरकार गौशाला की अतिक्रमित भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने का आदेश राज्य के सभी अनुमंडल पदाधिकारी को किया है। बावजूद मवेशी तस्करी पर रोक लगाने में पुलिस लापरवाही बरत रही है । पुलिस द्वारा मवेशी तस्कर को पकड़ने के बजाय मवेशी से लदे पिकअप वैन छोड़ रहे हैं। किंतु तीन दिन बीत जाने के बाद भी निर्मली थाना में इस तरह की कोई मामला दर्ज नहीं की गई है और ना ही मवेशी से लदे वैन निर्मली थाना परिसर में जप्त है। आखिर मवेशी से लदे पिकअप वैन कहां लापता है या मामले को रफा-दफा कर दिया गया है। जानना चाहती है नवयुवकों की टोली। ज्ञातव्य हो कि मवेशी तस्कर एवं पुलिस से जुड़े घटना से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूछने पर निर्मली थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि इस तरह का कोई मामला नहीं है। हालांकि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजू कुमार रंजन पुलिस द्वारा कार्रवाई किए जाने की बात को कहते हुए बताया कि कॉपी अभी तक अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में प्राप्त नहीं हुआ है।

स्कूली छात्राओ नें छात्रों के हाथ में राखी बांध मनाया रक्षाबंधन उत्सव

दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए बुधवार को स्थानीय हटिया गाछी स्थित सहरसा पब्लिक स्कूल में छात्राओं द्वारा छात्रों के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। इस अवसर पर भाई बहन को भावनात्मक तौर पर जोड़ने वाले रक्षा बंधन त्योहार की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को द्रौपदी व कृष्ण तथा करुणावती और हुमायूं की कहानी सुनाई गई।इस अवसर पर प्राचार्य अवनीश कुमार वर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी उत्सव प्यार, समर्थन, दोस्ती और सामुदायिक सहयोग के सिद्धांतो को कायम रखता है l रक्षा बंधन के दिन सुरक्षा में तैनात सैनिकों की सीमा पर जाकर राखी बांधती है क्योंकि वह बाह्य शक्ति से हमारी रक्षा करते हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए भी बहनों द्वारा पेड़ को राखी बांधना चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। अरविंद कुमार दास के संचालन में हुए इस कार्यकर्म में विद्यालय की सभी शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थें l

75 लाख लोगों को मुफ्त गैस कनेक्शन देने की घोषणा पर प्रसन्नता :पूर्व उप मुख्यमंत्री

प्रवीण कुमार, कटिहार। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवल उज्ज्वला योजना अंतर्गत 75 लाख नए परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन देने की घोषणा पर पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक एलपीजी उपभोक्ता को 200 रुपये प्रति सिलेंडर रियायत तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पूर्व के लाभार्थी को 400 रुपये रियायत देने की घोषणा सरकार का बड़ा कदम है। इससे देश के 32 करोड़ उपभोक्ताओं को लाभ होगा। यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा रक्षाबंधन और ओणम के शुभ अवसर पर की गई रियायत की घोषणा भारत के महिलाओं की सशक्तिकरण में अहम योगदान है। उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आम लोगों की चिंता कर जनहित में फैसला लेती है ।पहले जहां निम्न और निम्न मध्यम वर्ग के लोग गैस कनेक्शन को सोच भी नहीं पाते थे।वही अब समान्य लोगों के घर में भी केंद्र सरकार द्वारा मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिया गया है।

65 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा मनाया गया रक्षाबंधन

शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया शिविर बगहा के प्रांगण मे डॉ विनय अग्रवाल कमांडेंट चिकित्सा 65 वी वाहिनी आर बी सिंह उप कमांडेंट, सौरभ कुमार उप कमांडेंट, भरत सिंह यादव सहायक कमांडेंट (संचार) की उपस्थिति मे रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे एकल अभियान संस्थान के आचार्या के द्वारा वाहिनी के समस्त बल कर्मियों को राखी बंधी गई । इस कार्यक्रम के दौरान एकल अभियान के अंचल प्राथमिक प्रशिक्षण रानी भारती, अंचल कार्यालय प्रमुख, दीपक साह बगहा संच प्रमुख, पप्पू कुमार केसरी एवं नरकटियागंज संच प्रमुख रिंकि कुमारी एवं सभी आचार्या मौजूद थीं। डॉ विनय अग्रवाल कमांडेंट चिकित्सा 65 वी वाहिनी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षाबंधन के महत्व को बताया। साथ ही संस्थान के वाहिनी मे आने और राखी बांधने के लिए धन्यवाद ज्ञपित किया । अंचल प्राथमिक प्रशिक्षिका रानी भारती ने अपने संस्थान के कार्यों के बारे मे अवगत कराया। तथा बल कर्मियों की प्रशंसा करते हुए कहा की सुदूर सीमा पर निगरानी करने के चलते बल कर्मी ऐसे त्योहारों पर घर नहीं जा पाते ऐसे मे हम भाग्यशाली भी हैं। जो ऐसे कर्तव्यनिष्ठ एवं वीर बलकर्मियों के कलाई पर राखी बांधने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित वाहिनी के अधिकारी गण के द्वारा संस्थान को भेंट भी प्रदान की गई।

पुलिस द्वारा शराब के नशे में हंगामा कर रहे व्यक्ति को किया गिरफ्तार

डॉ0 विनीत शेखर/ दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली,सुपौल। जिले के निर्मली पुलिस ने हरियाही पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की शाम शराब के नशे में हो हंगामा कर रहे एक पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया की मधुबनी जिले के फुलपरास थानाक्षेत्र अंतर्गत धनौजा गांव निवासी राजेश शर्मा हरियाही पेट्रोल पंप के पास शराब के नशे में हो हंगामा कर रहा था। गस्ती के दौरान पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कहा की मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है।

श्रद्धांजलि | बनगांव भगवती मंदिर में शहीदो को ग्रामीणों ने दी श्रद्धांजलि

42 के शहीद क्रांतिकारियों की बनगांव चौक पर मूर्ति स्थापित करने की मांग

दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के तहत सहरसा स्टेशन,एफ सी आई गोदाम एवं पुरानी जेल के मध्य अंग्रेजी कैम्प पर पूर्व नियोजित चारों ओर के गांव और टोले से आए क्रांतिकारियों ने आक्रमण किया। जिसमें अंग्रेजों की गोलियां खाकर बनगांव के अमर शहीद हरिकांत झा विद्यार्थी एवं पुलकित कामत शहीद हुए। क्रांतिकारी के घायलावस्था में केदारनाथ तिवारी,कालेश्वर मंडल, भोला ठाकुर एवं धीरो राय ने भी स्वाधीनता की बलिवेदी पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।आज बनगांव के हृदय स्थली भगवती घर के प्रांगण में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक विश्वनाथ खां की अध्यक्षता एवं पारस कुमार झा के संचालन में चले कार्यक्रम में सुमन कुमार खां समाज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।अपने अध्यक्षीय भाषण में अध्यक्ष ने शहीदों को नमन करते हुए बनगांव चौक पर शहीदों की मूर्ति स्थापित करने का आह्वान किया। शहीदों के शहादत के संदर्भ में पूर्व मुखिया धनंजय कुमार झा ने भारत माला सड़क के गोलम्बर पर 1942के अमर शहीदों की मूर्ति लगवाने हेतु समवेत प्रयास हेतु प्रेरित किया।इस पुनीत अवसर पर विवेकानंद मिश्र, धनंजय कुमार खां, संतोष कुमार झा, नारायण ठाकुर, सुन्दर कांत झा, सुभाष झा, रमेश झा, सुन्नर झा, संतोष ठाकुर, वीरेन्द्र मिश्र, गौरी शंकर मिश्र, देवनदी, चंदन कुमार झा, हरिजी, नीरज, अभिषेक भारद्वाज, आलोक, ऋतुराज, सरोज कुमार, मिठू, बीरबल, राघव मिश्र,अंकित,रितिक रोशन, अविनाश,गोपाल झा,ललन खां, मोहन ठाकुर मिसरी झा सहित वक्ताओं ने अपने उद्गार प्रकट किए।अंत में मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट मौन श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर दुर्गा नवयुवक संघ के सभी कार्यकर्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

महिला द्वारा यूट्यूब पर रिल्स बनाने को लेकर दबंगो द्वारा दी गई चेतावनी

मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर सुपौल। जिले के सदर थाना इलाके में यूट्यूब पर रील्स बनाने को लेकर एक महिला को उसके ही पड़ोस में रहने वाले लोगों ने यह कहते हुए चेतावनी दी की तुम मुस्लिम महिला हो इसलिए हमारे कौम का बदनामी हो रही है। रील्स नहीं बनाओगी। मगर महिला ने फिर भी रील्स बना कर डाला तो पड़ोसी दबंगों ने उसके साथ ना केवल बदसूलुकी किया बल्कि सामूहिक दुष्कर्म करने का भी प्रयास किया है। वहीं पीड़ित महिला ने जब इसकी शिकायत थाने में की तो थाना अध्यक्ष के द्वारा यह कहकर उसे लौटा दिया गया की पंचायत में फैसला कर लो। थक - हारकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है तो एसपी ने थाना अध्यक्ष को कार्रवाई का निर्देश दिया है। सुपौल सदर थाना इलाके के रहने वाली एक 22 वर्षीय महिला बीते तीन महीने से यूट्यूब पर अपना विभिन्न तरीके से रील्स बना कर डालती है। यूट्यूब पर उसके लिए बेहतर को लेकर 3 हजार से ज्यादा उसके सब्सक्राइबर हैं। महिला ने बताया बीते 20 अगस्त को बगल के पड़ोसियों ने यह चेतावनी देते हुए कह दिया कि तुम मुस्लिम महिला हो इससे हमारे काम का बदनामी हो रहा है। लेकिन महिला ने इन बातों को अनसुना कर दिया और रील्स बनाना चालू रखा। इसी दौरान परोस में रहने वाले 40 वर्ष से बीवी रौफत ने उसे बाहर बुलाया और मोहम्मद समीउल्लाह, मोहम्मद मुजाहिद, मोहम्मद सत्तार समेत एक अज्ञात व्यक्ति महिला को घर में बोला कि यूट्यूब बंद करने के लिए कहा गया था तो क्यों नहीं की। उन लोगों के द्वारा आबरू लूट लो कहकर सभी लोगों ने मेरे कपड़े फाड़ कर जबरदस्ती सामूहिक दुष्कर्म करने का प्रयास किया। हालांकि शोर होने पर पीड़िता की मां और मां समेत अन्य लोग पहुंचकर उसके आबरू लूटने से बचा लिया। वहीं उन लोगों द्वारा धमकी भी दी गई अगर तुम्हारी बेटी रील्स बंद नहीं की तो अब कोशी के नदी में काटकर बहा दिया जाएगा। इधर इस बात को लेकर पीड़ित महिला ने सुपौल सदर थाने में इसकी शिकायत लेकर पहुंची तो थाना अध्यक्ष ने यह कह कर उसे लौटा दिया कि पंचायत में ही फैसला कर लो। थकहार कर उसने सुपौल पुलिस अधीक्षक शैशव यादव से मिलकर आप बीती सुनाई।

ख़ास ख़बर

अज्ञात चोर तीन क्विंटल गेहूं चुरा हुए फरार

करगहर (रोहतास)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलासपुर गांव में मंगलवार की देर रात एक घर से अज्ञात चोरों ने तीन क्विंटल गेहूं चोरों ने चोरी कर फरार हो गए। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि थाना अंतर्गत बेलासपुर गांव निवासी मुराली राय के घर रात 11बजे अज्ञात चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर चोरी कर रहे थे। घटना की जानकारी तब हुई जब ग्रामीणों ने गेहूं का बोरा ले जाते देख शोर मचाया , तब तक चोर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले। परिवार के लोग दो मंजिला मकान पर रहते हैं, घर में रखे तीन क्विंटल गेहूं व अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए । घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

विद्यालय छुट्टी रद्द होने पर शिक्षकों रोष

केसठ (बक्सर)। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों की छुट्टियां रद्द करने के निर्णय से शिक्षकों में आक्रोश देखा जा रहा है। शिक्षक संगठनों ने इस निर्णय का विरोध करते हुए सोशल मीडिया पर आक्रोश जताया है। वही शिक्षकों के वॉट्सएप ग्रुप में भी शिक्षा विभाग के आदेश को तुगलकी फरमान बताया जा रहा है।इस आदेश को ले शिक्षक आंदोलन की चेतावनी दे रहे है। इस संदर्भ में शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार विक्रांत ने पूर्व से जारी छुट्टी कैलेंडर को दरकिनार कर शिक्षा सचिव के के पाठक द्वारा किए गए छुट्टी रद्द को तुगलगी फरमान बताते हुए हिंदू धर्म विरोधी बताया। वही इस निर्णय के विरोध में आंदोलन शुरू करने की बात कही। वही शिक्षा सचिव द्वारा छुट्टी रद्द करने को प्रबुद्धजन भी धारण विरोधी बता रहे है। आगे प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि राज्य स्तरीय संघ का जो निर्णय होगा। उसके प्रति प्रखंड के शिक्षक सजग रहेंगे।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसान हुए वंचित

संझौली (रोहतास)। सरकार की अहम योजना प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि से कई किसान वंचित हैं। उक्त योजना के तहत पंजीकृत किसानों को केंद्र सरकार एक साल में प्रतिमाह पांच सौ रुपए के हिसाब से तीन किस्तों में छः हजार रुपए देती है। जिस राशि को किसान खेती करने में खर्च करते हैं. लेकिन पिछले कुछ माह से प्रखंड क्षेत्र के कई किसान सरकार द्वारा मिलने वाली उक्त राशि से वंचित हो रहे हैं. कुछ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने के सम्बंध में प्रखंड एटीएम अभिषेक कुमार ने बताया की संझौली प्रखंड अंतर्गत 574 किसानों को व काराकाट प्रखंड अंतर्गत 972 वैसे किसान केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाली राशि वंचित हैं। जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है, ईकेवाईसी नहीं हुआ है, जिनका आधार व बैंक अकाउंट का नाम मैचिंग नहीं कर रहा है। अगर किसान भाई, बैंक पासबुक, आधार व पैन कार्ड को सुधारवा ले तो उनके बैंक खाते में राशि जाएगी। अन्यथा 15 वें किस्त से वंचित हो जाएंगे। कहते हैं अगर पति-पत्नी दोनों के नाम पर पहले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलता होगा तो, अब पति या पत्नी दोनों में से केवल एक ही व्यक्ति को उक्त योजना का लाभ मिलेगा।

उर्दू विद्यालय निर्माण को लेकर 4 सितंबर को आंदोलन करेंगे ग्रामीण

गडहनी (भोजपुर)। प्रखण्ड क्षेत्र के बडौरा गाँव मे मंगलवार की देर रात अगिआँव विधायक मनोज मंजिल के नेतृत्व मे उर्दू प्राथमिक विद्यालय बड़ौरा का भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणो के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक का संचालन भाकपा-माले के बड़ौरा पंचायत सचिव ओम प्रकाश सिंह ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए विधायक मनोज मंज़िल ने कहा कि उर्दू प्राथमिक विद्यालय, बडौरा 1947 में स्थापित हुआ था। विगत 15 सालों से जर्जर और खंडहर हो चूका था।स्कूल के निर्माण के सवाल पर भाकपा-माले, छात्र संगठन आइसा और आरवाईए के नेतृत्व में ब्लॉक कैंपस में ग्रामीणो द्वारा आंदोलन अंतर्गत स्कूल संचालित किया गया था।आन्दोलन वार्ता में अधिकारियों ने स्कूल बनाने का वादा किया था तब जाकर आन्दोलन समाप्त किया गया था।विधायक ने कहा कि स्कूल निर्माण के सवाल पर 6 बार विधानसभा में भी सवाल किया, शिक्षा मंत्री से भी मिला, पूर्व अपर मुख्य सचिव, पूर्व व वर्तमान जिलाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी से कई बार मिला।जबाब में विभाग द्वारा स्कूल बनाने की बात भी कही गई लेकिन अभी तक स्कूल निर्माण की दिशा में कोई कार्रवाई नही की गई। स्कूल निर्माण कराना तो दूर की बात 14 अगस्त को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ग्रामीणों से झूठ बोलकर की स्कूल निर्माण शुरू किया जाएगा स्कूल को ही जेसीबी से जमींदोज कर दिया गया और कहा गया की पंचायत सरकार भवन के गार्ड रूम में स्कूल का संचालन और पढाई होगा।यह छात्रो व ग्रामीण जनता के साथ सरासर धोखा है।

उत्क्रमित मध्य विधालय के शिक्षक की हार्ट अटैक से मौत,ग्रामीणों ने किया शोक व्यक्त

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। प्रखंड बगहा एक के लगुनाहां चौतरवा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय लगुनहा हरिजन के सहायक शिक्षक आशुतोष कुमार पिछले वर्ष सात मार्च को प्रथम योगदान किये थे अचानक हार्ट एटैक से पटना पारस हास्पिटल मे इलाज के दौरान 29 अगस्त को मौत हो गई, बताते चले कि उनकी पत्नि भी शिक्षिका थी।उनकी पत्नी डौली कुमारी की मौत एक माह पूर्व बच्चा के पैदाइश के दौरान 29 जुलाई कि रात हुई थी। आशुतोष कुमार की मौत को लेकर मध्य विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र और जनप्रतिनिधि और गांव के गणमान्य लोगों ने शोक सभा किया। इस संबंध मे मुखिया प्रतिनिधि आनंद शाही ने बताया कि उक्त शिक्षक विद्यालय के बहुत अच्छे शिक्षक थे। अचानक हार्ट अटैक से उनकी मौत कि खवर सुनने पर स्कूल मे शोक कि लहर दौड चली जिसको लेकर सभी लोगो ने शोक व्यक्त किया। मौके पर प्रधानाध्यापक द्वारिका प्रसाद तथा सहायक शिक्षक अवध बिहारी शाही, मनोज राव, मनीष मिश्रा, आरती कुमारी,प्रेरणा कुमारी तथा गांव के गणमान्य दीपू शाही ,कुन्दन शाही, प्रभावती देवी समेत सभी बच्चो ने शोक व्यक्त किया।।

21 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया रक्षाबंधन

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। बहनों ने सीमा पर रह कर देश की रक्षा करने वाले जवानों के कलाई पर राखी बांधकर उनकी सलामती की कामनाएं की। रक्षाबंधन का त्योहार भाई बहन के प्रेम का प्रतीक त्योहार है। भाई कहीं भी रहे, वह अपनी बहन की रक्षा करने का व्रत लेता है। बहनें भाई के खुशहाल जीवन की कामनाएं करतीं हैं। भाई बहन के इसी अटूट प्रेम को सीमा पर देश की रक्षा करने वाले जवानों तक उसकी खुशबू पहुंचने के लिए रक्षा बंधन का त्यौहार आज हर्षोल्लास 21वीं वाहिनी के मुख्यालय मंगलपुर में मनाया गया। इस अवसर पर जहां कमांडेंट प्रकाश ,डिप्टी कमांडेंट अश्विनी कुमार, उप कमांडेंट उमाशंकर नाशाना, डॉक्टर कमांडेंट ममता अग्रवाल, उप कमांडेंट टी एन.मेनन जिस्नु एम. चिकित्सा पदाधिकारी, इंस्पेक्टर अमित ,आलोक कुमार नीतीश कुमार के अलावे सैकड़ो जवान मौजूद रहे । एस एस.बी.के जवानों के कलाई पर राखी बाँधने के लिए सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी पटखौली एवं सनराइज पब्लिक स्कूल अवसानी ब्रांच की बच्चियाँ एवं ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी शाखा की दीदी राखी के साथ मौजूद रही। सभी ने उपस्थित जवानों के कलाई पर राखी बांधकर माथे पर कुमकुम लगा, आरती कर मिठाई खिलाई तथा उनके सुखद और खुशहाल जीवन की कामनाएं की। तदोपरांत एस एस.बी के जवानों ने भी अपनी बहनों के मुंह मीठा कर उन्हें उपहार दिए। कमांडेट प्रकाश ने कहा किया रक्षाबंधन भाई का बहन के प्रेम का प्रतिक और भाई- बहन के अटूट संबंधों का त्यौहार है। यह हमें भाईचारे में जोड़ता है। हम लोग तो अपने कर्तव्य का पालन करते हुए देश रक्षा करने के कारण,अपनी बहनों से नहीं मिल पाते। लेकिन आप सभी से राखी बधवाने से हमें अपनी बहनों का आशीर्वाद हम तक पहुंच जाते हैं ।इस अवसर पर सनफ्लावर चिल्ड्रेन्स एकेडमी के निदेशक निप्पू कुमार पाठक और सनराइज पब्लिक स्कूल के शिक्षक एवं ईश्वरीय ब्रह्माकुमारी की दीदी कुमारी रेखा और कुमारी आबिता के साथ कई दीदी मौजूद रही। उन्होंने भी जवानों को राखी बांधी। सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाए और उपहार दिए ।वर्षों की यह परंपरा की बहन अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर ,माथे पर तिलक कर ,आरती उतारती है। अपने भाई के दीर्घजीवी होने की कामना करती है ।वही भाई अपनी बहनों का सदा रक्षा करने की बात करते हैं।

डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव पर्व

बिक्रमगंज (रोहतास)। नगर परिषद क्षेत्र के मुख्य तेंदुनी चौक समीप स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा आठवीं एवं नवीं की छात्राओं द्वारा भाई-बहन से सम्बंधित मेहंदी के प्रतियोगिता बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। वहीं कक्षा छाठवीं और सातवीं के छात्राओं ने राखी से सम्बंधित थाली सजावट तथा कक्षा तृतीय से पांचवीं तक के छात्र- छात्राओं ने स्वयं निर्मित राखी बनाना तथा कक्षा एल .के. जी . से द्वितीय के छात्र-छात्राओं द्वारा राखी से संबंधित पेंटिंग कर विद्यालय में उल्लास पूर्वक यह त्योहार एक दिन पूर्व विद्यालय में मनाया गया। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे के हांथों में राखी बांधा तथा छात्रों द्वारा अपने बहन के रूप में उनको अपनाने का वचन दिया। साथ ही जीवन भर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया। उक्त विद्यालय के प्राचार्या के० प्रिया ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह त्योहार भाई-बहनों का त्योहार है। जिसमें बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधती है तथा आरती उतार कर उनका मुंह मीठा कराती है। तत्पश्चात भाई द्वारा अपनी बहन को उपहार स्वरूप विभिन्न प्रकार के वस्तुएं भेंट की जाती है तथा उनके द्वारा यह प्रण भी लिया जाता है कि जब तक मेरे जीवन में प्राण रहेगी तब तक मैं आपकी रक्षा करूंगा।

प्रखंड के कैथी पंचायत के ग्रामीण सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से वंचित

नासरीगंज(रोहतास)। स्थानीय प्रखंड के कैथी पंचायत में लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन,प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल एवं नाली गली योजना का ससमय लाभ न मिलने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीण विजय कुमार,सुरेश सिंह,सोनू कुमार,योगेश्वर कुमार समेत अन्य ने बताया कि समस्त पंचायत समेत कछवां वार्ड नौ में सरकार के महत्वाकांक्षी नल जल योजना से ग्रामीण वंचित हैं। साथ ही साथ विगत तीन महीनों से लोगों को सही से नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। पूर्व में तो कहीं कहीं नल का जल कुछ क्षण के लिए मिलता भी था लेकिन गत 5 दिनों से पूर्णरूपेण पेयजल मिलना बंद हो गया है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। अधिकांश चापाकल भी खराब व जर्जर अवस्था मे बंद पड़े हैं। कुछ चापाकल जो चालू स्तिथि में है उसी से लोग पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नल जल योजना से शुद्ध पेयजल का शुरू में लाभ मिलने को ले लोग उसी पर हो चापाकल पर ध्यान केंद्रित न करने से सभी चापाकल बन्द हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें ज्ञात होता कि नल जल योजना फ्लॉप हो जायेगी तो चापाकल बन्द नहीं होते।इंदिरा आवास के लिए दर दर भटक रहे आईटीआई उक्त पंचायत के निवासी राहुल शर्मा को छत नसीब नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया एवं वार्ड सदस्यों से समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर मुखिया सावित्री देवी ने बताया कि नल जल योजना पीएचईडी के अधिनस्थ्य है। उक्त विभाग को बिगड़े नल जल की स्तिथि से अवगत करा उसे सुधारने को ले कहा जाएगा। आवास योजना की सूची आई है लाभुकों को उसका लाभ शिघ्र दिया जायेगा। उक्त योजना की नई सुची भी तैयार की जा रही है यथाशीघ्र लाभुकों को इसका लाभ दिया जायेगा।

कनकधीर उपाध्याय दुबारा बने भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष

नासरीगंज(रोहतास)। स्थानीय प्रखण्ड के खिरियावं पंचायत के खिरियावं गांव निवासी कनकधीर उपाध्याय दुबारा बने भाजपा के प्रखण्ड अध्यक्ष। नवनियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष को जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने प्रदेश अध्यक्ष सम्राट सिंह के निर्देश पर एनएमसीएच जमुहार परिसर में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में उनके दुबारा मनोनयन को ले पत्र सौंपा।उनके दुबारा प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष,जिलाध्यक्ष समेत सभी वरीय कार्यकर्ताओं को साधुवाद दिया है। कार्यकर्ताओं ने इनके दुबारा मनोनित होने पर कहा कि इनकी दुबारा ताजपोशी होने से पार्टी और सुदृढ होगी। इधर नवनियुक्त प्रखण्ड अध्यक्ष ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनमें आस्था रखते हुए उन्हें पुनः यह जिम्मेवारी मिली है इसे पुरी निष्ठा से निभाउंगा और आगामी लोकसभा चुनाव में पुनः देश का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाउंगा तथा बिहार में भी 2025 में भाजपा शाषित सरकार बनाने को ले कृतसंकल्पित रहूंगा। उनके दुबारानो मनोनयन पर बड़ी संख्य में लोगों ने बधाई दिया है।बधाई देने वालों में पूर्व विधायक रामेश्वर प्रसाद चौरसिया,वरीय नेता सिकंदर सिंह, मदन केसरी, मंडल प्रभारी अमित कुशवाहा, संतोष कुमार उपाध्याय उर्फ मुन्नू बाबू,चंद्रांशु मिश्रा, संदीप बहादुर सिंह, नगर अध्यक्ष लालबाबू प्रसाद, सुरेश पांडे, रघुनाथ शरण, रौशन कुमार सिंह,महामंत्री अंजनी कुमार सिंह, कामेंद्र बैठा, अजय सौंडिक,लालू साह, मुन्ना कुमार मेहता, संजय कुमार, प्यारेश्वर यादव,छठु कुशवाहा, छोटेलाल पांडे पीयूष तिवारी,समेत बड़ी संख्या में शामिल हैं। इसके अलावा अधिकांश कार्यकर्ताओं ने फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भी उन्हें बधाई दिया है।

हाई स्कूल के खेल मैदान में एक दिवसीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

दैनिक भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)। प्रखंड अंतर्गत नगर पंचायत हाटा हाई स्कूल के खेल मैदान में, खेल दिवस के मौके पर, एकदिवसीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कोहिनूर महिला क्लब डिहां चैनपुर बनाम न्यू युवा महिला स्पोर्ट क्लब सबार रामपुर के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन हाटा नगर पंचायत के चेयरमैन रमेश जायसवाल व उपचेयरमैन प्रदीप केशरी के द्वारा संयुक्त रूप से फिता काटकर किया गया। सबार की टीम ने शुरुआती दौर में ही अपनी बढ़त बनाते हुए एक के बाद एक गोल दागना शुरू कर दिया। 60 मिनट के खेल में सबार की टीम ने 06 से बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज कर लिया। विजेता टीम के कप्तान खुशबू कुमारी, उपविजेता टीम की कैप्तान फ्रूटी कुमारी को चेयरमैन रमेश जायसवाल ,उप चेयरमैन प्रदीप केशरी द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी दिया गया। मौके पर पार्षद डिंपल जायसवाल, शिवकुमार शर्मा, पवन जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

जनवितरण दुकानदारों ने श्रीकांत लाभ फेयर प्राइस डीलर एसोसियासन के महा मंत्री की छठा पुण्यतिथि मनाई

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो बेतिया। नरकटियागंज से जहां प्रखंड के जनवितरण दुकानदारों ने बुधवार 30 अगस्त 2023 को श्रीकांत लाभ फेयर प्राइस डीलर एसोसियासन के महा मंत्री की छठा पुण्यतिथि नरकटियागंज रेलवे हरदिया चौक स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में मनाई गई।जिसमे मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री सुभाष चंद्र गुप्ता के अध्यक्षता में श्रीकांत लाभ के प्रतिमा पर फूल माल्यार्पण कर नम आंखों से साथ पुण्यतिथि मनाई गई। वही संगठन के कोषाध्यक्ष बृजेश तिवारी ने बताया कि यह हमारे संगठन के दाता थे। यह हमारे संगठन के लिए बहुत बड़ा परिश्रम किए थे।उन्होंने संग को संगठित करने का काम किया। तथा प्रदेश में एक संगठित संघ को बनाने में इनका बहुमूल्य योगदान रहा। जो आज हमलोग इनकी छठा पुण्यतिथि मना रहे हैं।मौके पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र धर दुबे, प्रखंड अध्यक्ष सम्मी अहमद, सचिव मुजम्मिल अंसारी, इनरदेव राम, प्रखंड संगठन मंत्री उमेश कुमार, अर्जुन गुप्ता भसुरारी आदि प्रखंड के सभी विक्रेता गण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक का रक्षाबंधन उत्सव कार्यक्रम आयोजित

बिक्रमगंज (रोहतास)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर इकाई बिक्रमगंज के तत्वाधान में बुधवार को नगर के सिकरिया बस्ती में रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन किया गया। बौद्धिककर्ता के रूप में उत्सव में उपस्थित दक्षिण बिहार प्रांत के प्रांत कार्यवाह राजेंद्र ने विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्सव राष्ट्र जागरण का माध्यम है। समाज में समय-समय पर्व एवं उत्सव मनाने का प्रचलन है। इस तरह प्रत्येक वर्ग एवं समाज के लोग एकत्रित होते हैं और एक दूसरे को जानने का प्रयास करते हैं। जिससे आप उसकी विसंगतियां दूर होती है और सौहार्द का रास्ता प्रशस्त होता है। इस दौरान उन्होंने 3 पी के कॉन्सेप्ट का वर्णन करते हुए बताया कि पानी, पेड़ और प्लास्टिक मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण विषय है। जिसमें पानी एवं पेड़ को संरक्षित करने तथा प्लास्टिक का प्रत्याग करने का सूत्र बताए। इसी तरह उन्होंने राम मंदिर निर्माण निधि समर्पण की चर्चा करते हुए बताया कि 5 लाख 35 हजार गांव से ग्रामीणों द्वारा निधि समर्पण किया गया।

स्कॉर्पियो ने कंटेनर में मारी टक्कर, सात की दर्दनाक मौत

सासाराम (रोहतास)। रोहतास जिला के शिवसागर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटी घटना। जिस हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो बच्चे भी शामिल हैं। बड़ी बात यह है कि मरने वालों में पांच महिलाएं हैं।घटना के बारे में बताया जाता है कि सभी लोग कैमूर जिला के सबार थाना के कुडारी गांव के रहने वाले थे तथा बोधगया से पूजा पाठ करके लौट रहे थे।इसी दौरान शिवसागर के टेकारी से पहले पखनारी के पास शिवसागर थाना क्षेत्र में ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन लोगों की स्कॉर्पियो गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कंटेनर से टकरा गई। जिसमें 50 वर्षीय अरविंद शर्मा, उनकी पत्नी, पुत्र आदित्य कुमार, रिया कुमारी के अलावा 15 वर्षीय चांदनी कुमारी, 18 साल की तारा कुमारी तथा 35 वर्ष की सोनी देवी की मौत हो गई। वहीं घायल नंदन प्रियदर्शी, रितु शर्मा, संदेश्वर शर्मा,दिव्या कुमारी तथा उपेंद्र शर्मा को सासाराम के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। घायलों की नाजुक स्थिति देखते हुए सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। पुलिस सभी शवो को सासाराम के सदर अस्पताल लाई हैं। जहां पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

बैठक बीएलए 2 की बैठक सभी विधानसभाओं में 2 सितंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया

बीएलए-2 को लेकर भाजपा कार्यकर्ता ने की बैठक

सासाराम (रोहतास)। जिलाध्यक्ष सुशील कु.चंद्रवंशी की अध्यक्षता व जिलाप्रभारी जितेन्द्र पांडेय के गरिमामयी उपस्थिति में भाजपा रोहतास के विधानसभा प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक एनएमसीएच,जमुहार में हुई। बैठक में बीएलए 2 की बैठक सभी विधानसभाओं में 2 सितंबर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। काराकाट विधानसभा में 1 सितंबर को यह बैठक होगी।साथ हीं साथ सभी विधानसभा प्रभारी को जिलाध्यक्ष ने निर्देश दिया की सभी मंडल अध्यक्ष द्वारा शक्तिकेन्द्र प्रमुख की सूची अतिशीघ्र मांग होगी। इस आवश्यक बैठक में सभी बूथ के बीएलए-2 सभी बूथ अध्यक्ष एवं सभी शक्ति केन्द्र प्रमुख अपेक्षित हैं।सोशल मीडिया संयोजक अंशु सिंह द्वारा 5 सितंबर तक सोशल मीडिया की बैठक जिलास्तर पर करने की बात कही गयी। बैठक के क्रम में जिलाध्यक्ष द्वारा जिलाउपाध्यक्ष के एक रिक्त पद का दायित्व पूर्व जिलाउपाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह'भोला' एवं नासरीगंज ग्रामीण मंडल अध्यक्ष का दायित्व कनकधीर उपाध्याय को सौंपने की घोषणा की गयी, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने करतल ध्वनी से स्वीकार कर नवनियुक्त जिलाउपाध्यक्ष श्री सत्येंद्र सिंह एवं कनकधीर उपाध्याय को बधाई दी। बैठक में जिलामहामंत्री विजय सिंह,अशोक साह, जिलाउपाध्यक्ष विवेक सिंह, मंगलानंद पाठक, सत्येन्द्र सिंह, सोशलमीडिया संयोजक अंशु सिंह, युवामोर्चा अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष कनकधीर उपाध्याय, मंगलानंद पाठक, जिलाउपाध्यक्ष भाजपा सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

सभ्यता संस्कृति के बीच नफरत की दीवारें कभी नहीं दरकती, रायबारी व सिसवा में मिशाल पेश

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा। प्रखंड बगहा एक के रायबारी - महुअवा व सिसवा - बसंतपुर पंचायत में बुधवार को शांति व भाईचारे का संदेश देकर महावीरी झंडा जुलूस पुलिस अधीक्षक बगहा किरण कुमार गोरख जाधव व अनुमंडल पदाधिकारी डॉ अनुपमा सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। जहां दर्जनों की संख्या में पुलिस पदाधिकारी व प्रशासन के लोग मौजूद रहे। महावीरी झंडा जुलूस में हिन्दू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आस्था के साथ एकता का मिसाल कायम किया। यहां आपसी सौहार्द दोनों सामुदायों में वर्षों से कायम है। दोनों पंचायतों से सभ्यता व संस्कृति के बीच नफरत की दीवारें कभी नहीं दरकती और धर्म व मजहब भी नही सिखाता आपस में बैर रखना का संदेश जूलुस में देखने को मिला। दोनों पंचायतों में वर्षों पूर्व से जुलूस निकालने की परंपरा रही है। यहां समसायिक विषयों के अलावा धार्मिक चरित्र का चित्रण की जाती है तो मुहर्रम में देश की अखंडता व एकता की परिचय देते हुए जुलूस निकालकर गांव की आपसी एकता व भाईचारे का संदेश पुरे पंचायत को दी गई। एसपी व एसडीएम ने दोनों सामुदाय के लोगों से शांति सौहार्द बनाने की अपील की। पंचायत के मुखिया मो आजाद ने जुलूस के मद्देनजर पंचायत के कई जगहों पर शर्बत के साथ ही शीतल पेय जल की व्यवस्था की थी। जहां पुलिस प्रशासन के साथ ही जुलूस में शामिल लोगों ने गर्मी के मौसम में शर्बत व शीतल पेय का आनंद लेते हुए जुलूस में अपना करतब दिखाए। महावीरी झंडा जुलूस को लोरिक यादव के घर से निकाल कर पूर्व मोहल्ला ब्रह्म स्थान ले जाया गया। तथा वहां से जुलूस को उत्तर टोला काली माई स्थान ले जाई गई। जहां से डीह होते हुए जुलूस शिव मंदिर परिसर मेला में लाई गई। पुलिस इन्स्पेक्टर आनंद कुमार सिंह ने बताया कि शांति माहौल में महावीरी झंडा जुलूस निकाली गई। इस अवसर पर एएसडीएम सरफराज नवाज, सीओं बगहा एक अभिषेक आनंद, पुलिस इन्स्पेक्टर अभिनंदन कुमार सिंह, थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव, मुन्ना कुमार, शाहिद अनवर समेत दर्जनों की संख्या में पुलिस पदाधिकारी व प्रशासन के लोग शामिल रहे।

ख़ास ख़बर

पानी में डूबने से युवक की मौत,जांच में जुटी पुलिस

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बराव गांव मोड़ के पास साइफन में एक युवक का शव बुधवार को बरामद किया गया। पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है ।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि बुधवार को बराव गांव मोड़ के साइफन में एक युवक का शव स्थानीय लोगों ने देखा तो इसकी सूचना नोखा थाने को दी गई। मौके पर एसआई विजय बैठा पहुंचकर के शव को पानी से निकाला और उसकी पहचान स्थानीय लोगों से कराई। जिसकी पहचान नोखा निवासी रविदास मुहल्ला वार्ड-22 के 22 वर्षीय अजय कुमार की रूप में पहचान की गई। पुलिस ने लोगों की उपस्थिति में तलाशी ली तो उसके पास से नशीली पदार्थ उसके पॉकेट से मिला। जिसे लगता है कि उक्त युवक नशा करता था। जो मंगलवार के रात्रि में पानी में गिरने से उसकी मौत हो गई। बुधवार को पानी में तैरता हुआ शव लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। एसआई विजय बैठा ने बताया कि उसके शरीर पर कहीं से भी कोई खरोच नहीं है। उसे लगता है कि वह पानी में डूब करके मर गया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि उसकी पहचान नोखा वार्ड 22 के सोपान रंक पुत्र अजय कुमार है। जो घर की रंगाई पुताई का काम करता था। वह बराव में क्या करने गया पता नही। परिजनों ने उसकी पहचान की जहां पर पुलिस में शाव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौप दिया है। वही घटना के जांच में पुलिस जुट गई है।

सोनहन बस स्टैंड के साफ़ सफ़ाई काफ़ी दयनीय पाई गई शौचालय एवं स्नानघर बहुत ही ज़्यादा गंदे पाए गए

भभुआ कैमुर। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा अपर निदेशक नगर विकास एवं आवास विभाग बिहार पटना से प्राप्त आदेश के आलोक में बुदको द्वारा निर्मित पूरब पोखरा स्थित सोनहन बस स्टैंड के रख रखाव, साफ़ सफ़ाई, सुरक्षा व्यवस्था एवं देय मूलभूत सुविधाओं की जाँच की गई। जाँच के क्रम में सोनहन बस स्टैंड के साफ़ सफ़ाई काफ़ी दयनीय पाई गई शौचालय एवं स्नानघर बहुत ही ज़्यादा गंदे पाए गए जो उपयोग के लायक बिलकुल नहीं थे। चहारदीवारी पर लगी LED लाइट ख़राब पाए गए एवं बस स्टैंड के मुख्य भवन के अंदर तथा बाहर के परिसर का विद्युत वायरिंग टूटी फूटी अवस्था में पाया गया तार इधर उधर लटके पाए गए। साफ़ सफ़ाई में लापरवाही के लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से स्पष्टीकरण करते हुए वेतन अवरुद्ध करने तथा श्री नौमी सिंह, कर संग्राहक को कर संग्रहण के उपरांत भी साफ़ सफ़ाई, देय मूलभूत सुविधाओं से यात्रियों को वंचित रखने के लिए दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई एवं उनकी सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया गया।

पोखरे में डाला जहर, पैंतीस क्विंटल मछली की मौत



नोखा (रोहतास) नोखा थाना क्षेत्र के शंकर टोला पर असामाजिक तत्वों ने पोखर में जहर डाल दिया। जिसके कारण कई क्विंटल मछलियां मर गई। इसमें 35 क्विटल मछली डाली गई है। जहां पर की 20 क्विटल मछली मारने की बात कही जा रही है। नोखा थाना में आवेदन देते हुए विजय कुमार ने बताया है कि अज्ञात लोगों द्वारा मेरी निजी पोखर में जहर डाल दिया है। विजय कुमार जो की मछली के व्यवसाय करते हैं मछली पालन अपने पोखर में कर रहे है। जहां पर असामाजिक तत्वों ने सोमवार की रात्रि में जहर डाल दी। जहां पर के थाने में आवेदन देकर के अज्ञात पर प्राथमिक की करने की बात कही है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि आवेदन की जांच की जा रही है।

जातिवादी मानसिकता व जातिवादी कानूनों की बढ़ोतरी देश को लें जा सकता है गर्त में

दैनिक शुभ भास्कर, कैमूर। संवाददाता की कलम से जातिवादी मानसिकता व जातिवादी कानूनों की बढ़ोतरी देश को ले जा सकता है गर्त में, देश की धार्मिक लैंगिक जातिय व क्षेत्र द्वेषीय आधार बन सकता है गृह युद्ध का कारण। यदि पूरे भारत वर्ष में देखा जाए तो आए दिन जातिवादी मानसिकता व जातिवादी कानूनों की बढ़ोतरी की वजह से समाज में देश में हंगामा देखने को मिलता है। जातिवादी कानूनों की वजह से योग्यता का हनन होने के साथ ही जातिवादी विचारधारा में भी बढ़ोतरी देखने को मिलता है। देशवासी अपने आप को पृथक पृथक महसूस करते हैं। जातिवादी मानसिकता के तहत जातिवादी कानूनों की बढ़ोतरी कर योग्यता का बलात्कार और अयोग्यता का बढ़ावा कहीं से भी देश हित में नहीं है। 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाला शिक्षक 95 प्रतिशत अंक क्या 30 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाला भी विद्यार्थी कभी पैदा नहीं कर सकता। जिसके कारण देश का विकास तो असंभव है पर विनाश संभव है, जिसके वजह से देश कभी भी गर्त में जा सकता है। देश की धार्मिक, लैंगिक, जातीय व क्षेत्र द्वेषीय कानूनों को भी लोगों के द्वारा अपना कर मानवता को आए दिन शर्मसार किया जाता है। ऐसे कानूनों की वजह से देश में अनेकों बार बड़े से बड़ा दंगा फसाद देखने को मिलते रहा है। इसके बावजूद भी भारत की लोकतंत्र के मंदिर में उपस्थित देश के नेतृत्व कर्ताओं द्वारा, सत्ता की मलाई चाटने के चक्कर में, सर्वसम्मति से पारित कर दिया जाता है, योग्यता का हनन देश के लिए अभिशाप है। समाज के बुद्धिजीवी वर्ग कलमकार नेतृत्व कर्ता समाज सेवकों के द्वारा ऐसे कुरीतियों को बदलने हेतु, विचार करने की जरूरत है। अन्यथा देश की धार्मिक, लैंगिक, जातीय व क्षेत्र द्वेषीय आधारित कानून देश में गृह युद्ध का कारण बन सकता है।

रोहतास में कंटेनर से टकराई स्कॉर्पियो कैमूर के 6 लोगों की हुई दर्दनाक मौत

शुभ भास्कर मोहनिया, कैमुर। मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव से एक ही परिवार के लोग नई स्कॉर्पियो से घूमने के लिए बोधगया गए हुए थे। बुधवार रोहतास जिले के शिवसागर थाना अंतर्गत घटना उस वक्त हुई जब चालक को झपकी आ गई गाड़ी की रफ्तार 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। जहां खड़े एक कंटेनर में जोरदार टक्कर मार उसी में भीतर घुस गई। जिसमें मोहनिया थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई जबकि की मृतक के ससुराल की रहने वाली उनकी सास की भी मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को बोधगया दर्शन करने के उपरांत कैमुर घर वापसी के दौरान रोहतास में 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्कॉर्पियो एक खड़े कंटेनर में पीछे से टकरा गई। हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकी पांच लोग घायल, हो गये घायलों कि स्थिति नाजुक बनी हुई है।आस पास मौजूद लोगों की सहायता से घायलों को निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो के ड्राइवर को झपकी लग गई।इसके बाद ड्राइवर गाड़ी पर कंट्रोल खो बैठा और खड़े कंटेनर से टकरा गया मृतकों के परिवार से जानकारी मिली की परिवार ने दो दिन पहले ही स्कॉर्पियो खरीदी थी गाड़ी से सभी लोग बोधगया घूमने निकले थे।वापसी के क्रम दुर्घटना हो गया।हादसा इतना भीषण होने से स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए अगली सीट पर लगा एयर बैग टूटकर पिछली सीट तक आ गया हादसा रोहतास जिला अंतर्गत शिवसागर थाना अंतर्गत पखनारी पेट्रोल पंप के पास एनएच दो पर कंटेनर और स्कॉर्पियो के बीच भीषण भिड़ंत हुई है मृतकों में तीन लड़के, दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं।घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है। मृतक के परिवार के सुद्धेश्वर शर्मा और उनके दामाद अरविंद शर्मा अपने परिवार के साथ बोधगया से अपने गांव कुरियारी जा रहें थे।की बुधवार सुबह स्कॉर्पियो के ड्राइवर को झपकी लग गई। इसकी वजह से आगे जा रहे कंटेनर में स्कॉर्पियो पीछे से भिड़ गई।घटना की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को दी।इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।स्थानीय होटल के संचालक ने बताया कि कंटेनर में स्कॉर्पियो ने टक्कर मारी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा ट्रक के अंदर घुस गया था। ट्रक में फंसकर स्कॉर्पियो करीब 50 मीटर तक घिसीटते हुए गई। फिलहाल पुलिस ने स्कॉर्पियो को घटनास्थल से करीब 5 किमी दूर कर दिया है। घटनास्थल पर अभी भी दोनों गाड़ियों के टूटे हिस्से और खून के निशान देखे जा रहे हैं।

हादसे में 7 लोगों की हुई मौत, स्कॉर्पियो को कंटेनर से बाहर खींचकर निकालाः टोल प्लाजा की हाइड्रा गाड़ी से स्कॉर्पियो को कंटेनर से बाहर खींचकर निकाला गया। इसमें 6 की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। एक की मौत सदर अस्पताल में इलाज के दौरान हुई है।पांच लोग बुरी तरह से घायल हैं।मृतकों में मोहनिया थाना क्षेत्र के 45 वर्षीय अरविंद कुमार शर्मा की पत्नी 42 वर्षीय रानी प्रेमलता प्रियदर्शी व 9 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार और 12 वर्षीय पुत्री रिया शामिल है। साथ में दो भतीजी थी 22 वर्षीय तारा व 20 वर्षीय चांदनी कुमारी दोनों ही अरविंद शर्मा के भाई अरुण कुमार शर्मा की बेटियां हैं।मरने वालों में अरविंद की 60 वर्षीय सास राजमती देवी बताई जाती है। साथ ही गाड़ी में अरविंद के ससुर सुद्धेश्वर शर्मा और 25 वर्षीय साला पिंटू भी था।पिंटू ही गाड़ी चला रहा था।दोनों फिलहाल गंभीर रूप से घायल हैं।जिन्हे बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि हादसा जिस स्कॉर्पियो से हुआ दो दिन पहले ही झारखंड से खरीदी गई थी।

नगर पंचायत हाटा के एक दिवसीय महिला फुटबाल का किया गया आयोजन

दैनिक भास्कर संवाददाता चैनपुर। कैमूर के नगर पंचायत हाटा में खेल दिवस के मौके पर हाटा हाई स्कूल के खेल मैदान में खेला गया एकदिवसीय महिला फुटबॉल मैच कोहिनूर महिला क्लब डिहां चैनपुर बनाम न्यू युवा महिला स्पोर्ट क्लब सबार रामपुर के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन हाटा नगर के चेयरमैन रमेश जायसवाल,उपचेयरमैन प्रदीप केशरी के द्वारा संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया गया। सबार की टीम ने शुरुआती दौर में ही अपनी बढ़त बनाते हुए एक के बाद एक गोल दागना शुरू कर दिया। 60 मिनट के खेल में सबार की टीम ने 06 से बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज कर लिया। विजेता टीम के कप्तान खुशबू कुमारी, उपविजेता टीम की कैप्टन फ्रूटी कुमारी को चेयरमैन रमेश जायसवाल ,उप चेयरमैन प्रदीप केशरी द्वारा संयुक्त रूप से ट्रॉफी दिया गया मौके पर पार्षद डिंपल जायसवाल, शिवकुमार शर्मा, पवन जायसवाल सहित अन्य लोग शामिल थे।

सांप के डसनें ने छात्रा की मौत,रक्षा बंधन की खुशी मातम में बदली

गड़हनी (भोजपुर)। गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप गांव में विषैले सांप के डसने से घर में पलंग पर मां के साथ सोई एक छात्रा की मौत हो गई। इलाज के दौरान आरा के सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। वहीं दूसरी तरफ घटना के बाद स्वजन सांप को मारने के बाद उसे झोले में डालकर अस्पताल में डॉक्टर के पास लेकर आए थे।प्राप्त जानकारी के अनुशार मृतका 18 वर्षीय उषा कुमारी गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप गांव निवासी श्री सिंह की पुत्री थी। वह इंटर की छात्रा थी।घटना के बारे मे बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात खाना खाने के बाद वह मां के साथ पलंग पर सोई हुई थी। इस बीच, मंगलवार की देर रात्रि विषैले सांप ने उसे डस लिया। इस दौरान हो-हल्ला होने पर मां ने उक्त सांप को देख लिया और उसे मार डाला। इसके बाद स्वजन उक्त मारे गए सांप को झोले में डालकर सर्पदंश की शिकार छात्रा के साथ गंभीर हालत में इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से सदर अस्पताल लेकर आए। जहां उक्त सांप को भी डॉक्टर को दिखाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद छात्रा की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। वहीं, एंबुलेंस आने में देरी होने के कारण छात्रा ने सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद स्वजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमार्टम कराए ही वापस गांव लेकर चले गए।

चैनपुर बीते दिन निर्मम हत्या को लेकर पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर बिंद पीड़ितों के गांव पहुंच कर लोगो को दिलाया न्याय का भरोसा

दैनिक भास्कर संवाददाता चैनपुर। कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नथुनी गिल्ली के खेत में लोला टोला बांस वाड़ी के पास एक विवाहिता का शव अर्धनग्न अवस्था में पुलिस के द्वारा बरामद किया गया था महिला की पहचान सबीना खातून पति टिंकू खलीफा के रूप में की गई थी जो चैनपुर के ही निवासी थे मिली जानकारी के अनुसार महिला रात से ही अपने घर से गायब थी शनिवार को बच्चों के द्वारा शव को देखा गया घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर बिंद बुधवार को चैनपुर पहुंचकर पीड़िता की मां से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार से मिलकर न्याय का भरोसा दिया घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जानकारी लेने के बाद पूर्व मंत्री बृज किशोर बिंद ने बताया गया चैनपुर के लोला टोला मकतब स्कूल के स्थित ड्राइवर इसराइल खलीफा की बेटी जिनका उम्र 25 वर्ष सबीना खातून बताई गई जिनकी शादी तिलौथू में हुआ था जो कुछ महीनों से अपने मायका में ही रहती थी बीते दिन निर्मम हत्या कर दी गई थी वहीं इससे संबंधित जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री ब्रजकिशोर बिंद के द्वारा बताया गया कि बुधवार को चैनपुर पहुंचकर इस घटना से संबंधित भभुआ एसडीपीओ से दूरभाष से अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया इस मामले में कैमूर के पुलिस अधीक्षक से भी बात कर न्याय दिलाने की बात कही गई वहीं उन्होंने कहा कि परिवार को न्याय मिल सके दोषी को सजा मिले गिरफ्तारी हो बिहार में घटनाएं आए दिन घट रही है प्रतिदिन बलात्कार, चोरी, डकैती, हत्या, छिनैती, अपरहण, लूट ,इस सरकार में दिन प्रतिदिन घटनाएं घट रही है आम लोग सभ्य और मर्यादित जो अपना गुजर बसर करते हैं सही ढंग से जिंदगी व्यतीत करना इस सरकार में मुश्किल है उन्होंने कहा कि सरकार से मांग करते हैं कि दोषी को सजा मिले दोषी को तत्काल गिरफ्तार करके जेल के सलाखों के अंदर डाला जाए वहीं उन्होंने कहा कि चैनपुर के वर्तमान विधायक सह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान कहते हैं कि सत्ता हमारा है तो जंगल का पत्ता भी हमारा है उनको जनता से कोई लेना-देना नहीं है।

कैम्प का किसानों ने किया बहिष्कार नहीं जमा किया कोई दस्तावेज खाली लौटे अधिकारी

चांद भभुआ, शुभ भास्कर। चांद प्रखंड के गोंई पंचायत भवन में आयोजित भू अर्जन जिला पदाधिकारी के द्वारा आयोजित कैम्प में गोंई एवं सहबाजपुर के किसानों ने बहिष्कार किया। कैम्प में किसानों ने किसी तरह का दस्तावेज एवं कागजात जमा नहीं किया। किसानों के बिरोध के बाद आये हुए अधिकारी एवं कर्मचारी वापस लौट गए।एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में भूमि अधिग्रहण में कम मुआवजा देने के बिरोध में किसानों ने कैम्प का बिरोध किया। भूमि अधिग्रहण में किसानों को मुआवजा देने के लिए भू अर्जन पदाधिकारी के द्वारा हर गांव में किसानों से दस्तावेज जमा कराने के लिए कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। किसान उचित मुआवजा नहीं मिलने पर नाराज़ बताए जा रहे हैं। किसानों को मुआवजा के नाम पर केवल झुनझुना थमाया जा रहा है। किसानों का आरोप है अधिकारी जानबूझकर तानाशाही रवैए को अपनाए हुए हैं। भूमि अधिग्रहण में किसानों के द्वारा प्रति एकड़ 1 करोड़ 28 लाख रुपए कृषि वाली भूमि की मांग की जा रही है। किसानों को 12 लाख 80 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जा रहा।जिसे लेकर किसानों के द्वारा आंदोलन किया जा रहा है। किसानों ने एन एच 219 सड़क चौड़ीकरण में भूमि को आवासीय घोषित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। मांग नहीं पुरी होने पर किसानों ने मुआवजे नहीं लेने एवं सड़क निर्माण नहीं होने देने के लिए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे हैं। कैम्प में किसानों ने किसान एकता जिंदाबाद के नारे से कैम्प का बिरोध एवं बहिष्कार किया। किसानों को बिरोध को देखते हुए भू अर्जन पदाधिकारी अमीन अंचलाधिकारी एवं पुलिस वापस लौट गए।भू अर्जन पदाधिकारी के आयोजित शिविर में अंचलाधिकारी नागेन्द्र कुमार कानुनगो शशिभूषण कुमार प्रधान सहायक गणेश सिंह यादव अनिल कुमार भू अर्जन अमीन सुरजीत कुमार राजस्व कर्मचारी राधेश्याम शुक्ला सहायक अभियंता एन एच आई अजय कुमार सिंह जिमंदार पुलिस बल शामिल थे। बहिष्कार करने वाले किसानों में दिनेश यादव पुर्व मुखिया असर्फी सिंह भुलन सिंह गब्बर सिंह अभिषेक कुमार विजय यादव नथुनी प्रजापति सुर्यनाथ सिंह आदि सैकड़ों किसान उपस्थित थे।बहिष्कार करते समय अभिमन्यु सिंह अध्यक्ष किसान मजदूर संघर्ष समिति ने कहा जबतक किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिलेगा तबतक किसान एन एच 219 का निर्माण शुरू नहीं होने देंगे। उन्होंने ने कहा निर्माण शुरू होने पर निर्माण स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। धरना में किसान नेता राकेश टिकैत सहित कई राज्यों से किसान नेता शामिल होंगे। अभिमन्यु सिंह ने कहा सरकार की ताना शाही रैवया मुआवजा के नाम पर किसानों को झुनझुना थमाया जा रहा है। कैमूर के किसान पुरी तरह एकजुट हैं।

भारी मात्रा में 5155 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ डीसीएम ट्रक, चालक सहित खलासी गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

दैनिक भास्कर संवाददाता चैनपुर। कैमूर के चैनपुर थाना मे गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष रणवीर कुमार ने भारी मात्रा में डीसीएम ट्रक सहित चालक खलासी ड्राइवर और खलासी को गिरफ्तार किया गया है आपको बताते चलें कि यह शराब की भारी मात्रा पंजाब के फिरोजपुर से तीन स्टेट पार कर पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश होते हुए शराब बंदी वाले बिहार में शराब को पटना ले जाया जा रहा था की गुप्त सूचना अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर कुमार के नेतृत्व में चैनपुर थाना अध्यक्ष रणबीर कुमार ने तत्काल एक टीम का गठित कर 4:00 बजे भोर में खारीगांव मोड़ के पास बैरिकेटीग लगाकर चेकिंग प्रारंभ किया गया जहां ट्रक ने खरीगावा चौक से पार करते हुए चैनपुर की तरफ निकला की जैसे ही तस्कर ड्राइवर की नजर पुलिस पर पड़ी तो अपनी गाड़ी को तेजी से भागने लगा और पुलिस उसके पीछे-पीछे आने लगी और गाड़ी के आगे लोकेशन देने के लिए कुछ लोग दे रहे थे जहां थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने थाना के गेट के सामने खाली ट्रैक्टर को जाम कर दिए ताकि गाड़ी आगे ना जा सके जाम की सूचना ट्रक ड्राइवर को मिलते ही गाड़ी को भुवालपुर पेट्रोल टंकी के पास गाड़ी को खड़ा करके ड्राइवर और खलासी भागने लगे जहां चैनपुर पुलिस के जवानों ने उन दोनों को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार कर ड्राइवर ट्रक को थाने लाया गया गाड़ी नंबर GJ03BW-7429 था जहां थाने में उन गाड़ी की तलाशी किया गया तो डीसीएम ट्रक से भारी कार्टून भरा था जिसमें 551 कार्टून इंपेरियल ब्लू अंग्रेजी शराब पाया गया और चालकों से पूछताछ किया गया तो ड्राइवर ने अपना नाम दलजीत सिंह उर्फ लाड़ी पिता सुरेंद्र सिंह साकिम सतौवाल थाना ब्यास जिला अमृतसर पंजाब दूसरा खलासी ने अपना नाम आकाशदीप सिंह 22 वर्षीय पिता वीर सिंह सकीम कमालके थाना धर्मकोट जिला मोगा पंजाब ड्राइवर दलजीत सिंह ने बताया कि पंजाब से जिला फिरोजपुर से पटना पहुंचने के लिए हमें 30000 मिलने वाला था लालच में पड़कर के ऐसा कदम उठाया था जबकि सभी लोगों को पता है की बिहार में माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के द्वारा बिहार में पूर्ण तरह शराबबंदी किया गया लेकिन जो लोग उल्लंघन करेंगे उनके लिए जुर्माना कोर्ट खुला हुआ है अपना भरे वही SDPO शिव शंकर कुमार ने बताया कि चैनपुर थाने में अब तक की सबसे बड़ी शराब की खेत को पकड़ा गया है जहां गुप्त सूचना मिल की शराब से गाड़ी सटे प्रान्त उत्तर प्रदेश की ओर से शराब से भरी एक डीसीएम ट्रक जा रही है जो की चैनपुर के रास्ते जा रही है इसकी पुष्टि के लिए तत्काल SDPO शिव शंकर कुमार ने चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार को निर्देश दिया कि तत्काल चेकिंग किया जाए जहां चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने तत्परता दिखाते हुए खरीगांवा चौक पर चेकिंग अभियान चलाया गया और साथ ही चैनपुर थाना के सामने ट्रैक्टर से रास्ते को जाम किया गया ताकि ट्रक वहां से आगे ना भागे और कोई हादसा ना हो जैसे ही तस्कर ड्राइवर को इसकी भनक लगी तो भुवालपुर पेट्रोल टंकी पर गाड़ी खड़ी करके वह फरार हो गया।

चिकित्सा शिविर लगभग 125 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया

महंगा इलाज एक बड़ी चुनौती है इसलिए यह अभियान आने वाले दिनों में गांवों के लिए वरदान साबित होगा

रामगढ़ कैमुर, शुभ भास्कर। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राष्ट्रीय की महत्वाकांक्षी योजना ' आओ गांव चलें ' अभियान के अंतर्गत आईएमए कैमूर शाखा द्वारा गोद लिए गांव ' अकोढ़ी में आज तीसरी बार निःशुल्क चिकित्सा शिविर राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सहयोग से आयोजित किया गया । जिसमें शिविर के बाद रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। शिविर मे लगभग 125 मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित किया गया । शिविर मे सर्दी , खांसी , बुखार, कै दस्त , आईफ्लू इत्यादि मौसमी बीमारियों , उच्च रक्तचाप, मधुमेह,रक्तल्पता, बाल रोग, नाक कान गला एव स्त्री रोग संबंधित मरीजो का इलाज किया गया। शिविर मे निःशुल्क खून जांच भी किया गया । आईएमए कैमूर शाखा द्वारा अंग दान जागरूकता अभियान के तहत लोगों को अंगदान के प्रति जागरूक किया गया । महिलाओ मे खून की कमी , एवं स्तन कैंसर के प्रति भी जागरुक किया गया । आईएमए कैमूर शाखा द्वारा गोद लिए गए गांव ' अकोढी ' में हर माह कैंप लगाया जा रहा है । और जरूरत मंद मरीजों का मार्गदर्शन भी किया जा रहा है । इस परियोजना को सफल बनाने के लिए एसोसिएशन सरकारी अस्पतालों और स्थानीय सेवा संगठनों की मदद ली जा रहा है । ग्रामीण स्तर पर टीकाकरण, खुन की कमी, बाल रोग, मौसमी बीमारियों, विषाणु जनित रोग के अलावा विशेष रूप से महिला रोग एवं माहवारी संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता का अभाव है। इसलिए प्राथमिक उपचार और विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बचाव के बारे में शिक्षित करने के लिए डॉक्टर ग्राम स्तर पर काम भी कर रहे हैं । आजकल छोटे-छोटे गाँवों से बहुत से लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों और उनकी समस्याओं के इलाज के लिए शहरों में आते हैं। जिनके लिए महंगा इलाज एक बड़ी चुनौती है इसलिए यह अभियान आने वाले दिनों में गांवों के लिए वरदान साबित होगा। शिविर मे शामिल जिला अध्यक्ष डी के सिंह, आईएमए के जिला सचिव डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ अविनाश कुमार इत्यादि चिकित्सक सहित मनोज, प्रमोद, राहुल मंगल इत्यादि पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद थे। शिविर को सफल बनाने में आरएसएस के जिला कार्यवाह वीरेंद्र तिवारी एवं मुखिया प्रतिनिधि चुन्नू तिवारी का योगदान सराहनीय रहा ।

विभागीय कार्रवाई हेतु विभाग को प्रतिवेदित करने का निर्देश

समाहरणालय कैमूर, शुभ भास्कर। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार द्वारा जिलाधिकारी आवास के आगे नदी के पास स्थित नगर परिषद भभुआ के WPU का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि जिलाधिकारी के आगमन के सूचना पर झाड़ू कस द्वारा झाड़ू लगाया जा रहा है। जाँच के क्रम में पाया गया कि विगत कुछ माह से उसमें किसी भी तरह का अपशिष्ट पदार्थ न तो लाया गया है न ही उसका प्रसंस्करण किया गया है। जबकी प्रसंस्करण हेतु चयनित एजेंसी को प्रतिमाह पूरा भुगतान किया जाता रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद भभुआ एवं संबंधित एजेंसी द्वारा आपसी तालमेल से खुले आम राशि का लूटपाट किया जा रहा है । जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रसंस्करण एजेंसी का निविदा तत्काल प्रभाव से समाप्त करने तथा इस वित्तीय अनियमितता के लिए कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद भभुआ के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हेतु विभाग को प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया।

पुलिस ने हत्याकांड अपराधी को किया गिरफ्तार

आरा (भोजपुर)। पुलिस एक सप्ताह पूर्व नवादा थाना क्षेत्र के मौला बाग मोहल्ले में बड़हरा थाना क्षेत्र के देवरथ गांव निवासी देवेंद्र कुमार के पुत्र रौनक कुमार उर्फ राजू की गोली मारकर हत्या करने के मामले शामिल मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजरजगंज ओपी अंतर्गत पासवान चौक से मंगलवार को हुई । गिरफ्तार अभियुक्त मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धोबहा ओपी अंतर्गत सलेमपुर गांव निवासी जयराम दुबे का पुत्र मनोज दुबे उर्फ राधे उर्फ मोनू है। इसके पास से पुलिस ने हत्या में इस्तमाल किए गए पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस भी बरामद की है।इसकी जानकारी बुधवार को भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार ने बुधवार को प्रेसवार्ता कर दी। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी में एक फायरिंग की घटना हुई थी। जिसमे फायरिंग के दौरान रौनक कुमार उर्फ राजू नानक युवक को गोली लग गई थी। जिसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध लग रहा था। इसके बाद जब पुलिस एवं fsl की टीम ने जांच की तो वह घटना मौला बाग में पाई गई थी। उन्होंने बताया की एक रूम में कुछ लड़के आपस में खा पी रहे थे। उसी दौरान गोली चलने से रोनक कुमार उर्फ राजू की मौत हो गई थी। उस हत्या में मनोज दुबे उर्फ राधे उर्फ मोनू मुख्य अभियुक्त था और उसी के हाथ से गोली चली थी। उस समय से वह लगातार फरार चल रहा था। उसी के पास वह हथियार था जिससे गोली चली थी। इस कांड में जो पांच अन्य लड़के शामिल थे उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि इस मामले में दो और लड़कों का नाम आ रहा है जो साथ बैठकर खा पी रहे थे। उनकी भी संलिप्ता इसमें सामने आई है। उनकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ख़ास ख़बर

रेल लाइन पर मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त



दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाज़ीपुर। वाराणसी भटनी रेलमार्ग के माहपुर सादात रेलवे स्टेशन के बीच बूढ़नपुर गांव के समीप किलोमीटर संख्या 108/19 के निकट बुधवार की सुबह रेल लाइन किनारे करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पाया गया।ग्रामीणों की सूचना पर गेटमैन ने इसकी सूचना रेलवे स्टेशन मास्टर को दी। इसके उपरांत स्टेशन मास्टर द्वारा इसकी सूचना मेमो के जरिए पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने अप लाइन की रेल पटरी के बीच पड़े मृतक के सिर और लाइन किनारे पड़े धड़ को एकत्रित कर ट्रैक को ट्रेनों के आवागमन हेतु सुचारू बनाते हुए शव के शिनाख्त का काफी प्रयास किया। उम्मीद जताई गयी कि युवक दुर्घटनावश किसी ट्रेन के्की चपेट में आकर कट गया होगा। पुलिस ने क्षत विक्षत शव को कब्जा में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के पास मिले मोबाइल से कई नंबरों पर बात की गई तो मृतक के बंजारा जैसे हालात होने की जानकारी मिली। लोगों से बातचीत के आधार पर उसके आगरा के होने की जानकारी मिली, लेकिन कोई स्थाई पता नहीं चल पाया। उसके एक भाई के होने की भी जानकारी मिली, लेकिन पता चला कि अब वह भी आगरा में नहीं रहता। फिलहाल पोस्टमार्टम के लिए शव को मर्चरी हाउस भेज दिया गया है, जहां शिनाख्त के लिए निर्धारित अवधि तक रखने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

छत पर सोते वक्त कोबरा सर्प ने सीने पर चढ़कर दो बार डंक मारा, ईलाज के दौरान मौत

दैनिक शुभ भास्कर, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर। भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के मंझनपुर कला गांव में बीती रात 12:00 बजे अपने छत पर सो रहा है 23 वर्षीय दीपक राजभर पुत्र परदेशी राजभर को सर्प ने सीने पर चढ़कर दो बार डंक मार दिया। जैसे नींद खुली सर्प को झटका मार के फेंक दिया और सर्प नीचे उतरकर भाग गया। तत्काल परिजनों के बताने के बाद परिजनों ने तत्काल मऊ फातिमा अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान आज दिन में 1:00 बजे मौत हो गई ।मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतक तीन भाई दो बहनों में सबसे बड़ा था मेहनत मजदूरी करके पूरे परिवार का जीविका का चलता था। इस घटना से मृतक की मां कबूतरी देवी सहित परिजन दहाड़े मारकर बिलखने लगे। मौके पर ग्राम प्रधान हरेंद्र कुमार सहित अन्य नागरिकों ने परिवार को सत्वाना दिए तथा पुलिस को सूचित करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

रक्षाबंधन के बाद पुरैनी का अतिक्रमण कारवाई शुरू होगी और जनता को मिलेगी राहत

दैनिक शुभ भास्कर, फिरदौस अहमद, भागलपुर (बिहार)। जगदीशपुर प्रखंड अंतर्गत पुरैनी उत्तरी एवं दक्षिणी में अंचलाधिकारी सुजीत कुमार के आदेश के बाद अंचल से आए कर्मचारी ,अमीन ने कहा कि यह अतिक्रमण नाला सड़क 60 फीट है लेकिन कहीं 7 और 10 फीट पर ही सिमट गया है रक्षाबंधन के बाद यूको बैंक मुख्य सड़क से लेकर शमशाद चाय वाला एवं पुरैनी पंचायत भवन मुख सड़क से होते हुए मध्य विद्यालय पुरैनी तक सड़क मापी कराकर अतिक्रमण वाले स्थान को चिन्हित कर अतिक्रमणकारियों को नोटिस के माध्यम से सूचना दे दी जाएगी। ताकि समय रहते अपना अतिक्रमण हटा लेंगे। 50 वर्ष पहले जहां से नाला था उसी स्थान पर अतिक्रमण मुक्त कर स्थाई नाले का निर्माण किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी रघुनंदन आनंद जी इस जटिल समस्या का हल स्थाई रूप से करना चाहते हैं ताकि बार-बार ऐसी समस्या उत्पन्न नहीं हो। गरीब दुखिया लाचार मजबूर जो 75 वर्षों से ऐसे विषम जल जमाव का दंश झेल रहे हैं अब आने वाले समय में ऐसा नहीं होगा। जिला परिषद हाशिम दिलकश उर्फ गुलजार का कहना है अतिक्रमण मुक्ति से ही जल जमाव का स्थाई समाधान है । दोनों पंचायत के जनप्रतिनिधि मुखिया सहवाज,आसिम जफर, सरपंच प्रतिनिधि नूर आलम,मेराज उर्फ लालू समिति प्रतिनिधि जहांगीर, अहद , अधिवक्ता जरा अहमद एवं वार्ड सदस्य मुश्ताक़ इश्तियाक रिजवान एवं सभी पंच सदस्य के साथ ग्रामीण जनता जफर अहमद राशिद उर्फ मिस्टर शाहजहां जहांगीर राजा अफरोज मुख्तार आलीम परवेज चायवाला जसीम अहमद अतिक्रमण मुक्ति कार्य शुरू को लेकर अंचल एवं प्रखंड के पदाधिकारी को शुक्रिया अदा किया है और गांव के लोगों को पूरा भरोसा है प्रखंड और अंचल के दो जांबाज़ पदाधिकारी अतिक्रमण से मुक्ति दिला कर बहुत बड़ी समस्या का समाधान करेंगे।

ब्राह्मण समाज के लोगों ने स्वामी प्रसाद का पुतला फूंका

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। वाराणसी गोरखपुर हाइवे पर सिधौना बाजार में आक्रोशित लोगों ने बयानबाज स्वामी प्रसाद मौर्या का पुतला फूंक कर विरोध जताया। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्या द्वारा हिन्दू धर्म के अपमान जनक बयान और ब्राह्मणवाद पर दिए गए अनैतिक बयान से ब्राह्मण समाज के लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। सिधौना बाजार में स्वामी प्रसाद के पुतले को नारेबाजी के साथ घुमाने के बाद हाइवे के चौराहे पर जूतों की माला पहनाई गई। स्वामी प्रसाद मौर्या को लानत भेजते हुए आक्रोशित लोगों ने पुतले में आग लगा दी। शिवाजी मिश्रा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सनातन धर्म के प्रति गलत बयानबाजी करने का अधिकार नही है। स्वामी प्रसाद मौर्या की राजनीति दम तोड़ रही है इसलिए मीडिया में ऐसे बयान देकर खुद को चर्चा में लाने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस नेता जिलाजीत तिवारी ने कहा कि हिन्दू धर्म और ब्राह्मण जाति के खिलाफ बोलने वाले नेता अपने पार्टी के सबसे बड़े दुश्मन है। सनातन धर्म के बढ़ते प्रभाव को देखकर धर्म विरोधी लोगों में बौखलाहट पैदा हो गई है। रामभद्र पाठक, करुणाशंकर मिश्रा, पंकज मिश्रा, शुभम पांडेय, अखिलेश मिश्र, श्रवण कुमार, भोला पांडेय, विनय सिंह, अमित मिश्रा रहे।

शादियाबाद हंसराजपुर चौकी इंचार्ज सुनील शुक्ला को एकल विद्यालय के संचालिकाओं ने बांधी राखी

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे शादियाबाद। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा संचालित एकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संचल सैदपुर संच मौधिया के संच प्रमुख की पूरी महिला टीम ने अपनी पूरी संच मौधिया की संचालिकाओं के द्वारा चौकी इंचार्ज हंसराजपुर सुनील शुक्ला को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई इस कार्यक्रम में हंसराजपुर चौकी इंचार्ज महोदय के द्वारा एक बड़े भाई के रूप में शुभकामनाएं दिए और रक्षाबंधन की बधाई भी दिए। संचल मौधिया की सभी सहायिकाओं ने एकत्र होकर थाना,और तहसील में राखी बांधा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिला लोग उपस्थित रही। कार्यक्रम के बाद चौकी इंचार्ज ने सबका धन्यवाद किए। सभी संचालिकाओं ने बहुत खुश होकर के बधाई दिया।

विद्यार्थियों में एकाग्रता बढ़ाने के लिए करें त्राटक ध्यान क्रिया का अभ्यास

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा। आयुष विभाग योग वेलनेस सेंटर गोंडा के तत्वावधान में बच्चों की एकाग्रता शक्ति को बढ़ाने के लिए जिले के फातिमा स्कूल में त्राटक ध्यान क्रिया योग का अभ्यास करवाया गया I योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने त्राटक क्रिया के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि त्राटक शब्द की उत्पत्ति 'त्रा' से हुई है। जिसका अर्थ है मुक्त करना। त्राटक क्रिया, ध्यान साधना की एक विधि है। त्राटक किसी वस्तु पर अपनी आँखों से लगातार टक-टकी लगाकर देखना। यह हठ योग का प्रमुख भाग है ।जिसमें अंतर्दृष्टि को जागृत किया जाता है। त्राटक, नेति, धौति, कपालभाति, बस्ती एवं नौली, छः षट्कर्म क्रियाएं हैं। जिन्हें करने से शरीर स्वास्थ्य एवं अध्यात्मिक विकास के लिए किया जाता है।त्राटक क्रिया मस्तिष्क के विकास में लाभकारी होती है।यह स्मृति एवं एकाग्रता बढ़ाती है। इसके अभ्यास से अल्फा तरंगें बढ़ती हैं, जो मस्तिष्क के विश्रामावस्था में होने का संकेत हैं। यह क्रिया आँखों को साफ करने एवमं नेत्रों की रोशनी बढ़ाने के लिए की जाती है। इसी क्रम में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने बताया की आप तनाव दूर करने और मन की चचंलता को शांत करने के लिए त्राटक क्रिया कर सकते हैं। यह शुद्धि ध्यान आपके स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक है। अंत में फादर पॉल कोरिया ने समस्त छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा आप सभी नियमित रूप से त्राटक ध्यान का अभ्यास करें I इसके अभ्यास से अल्फा तरंगें बढ़ती हैं, जो मस्तिष्क के विश्रामावस्था में होने का संकेत हैं। इस अवस्था में मस्तिष्क के निश्चित भाग काम करना बंद कर देते हैं तथा मस्तिष्क की प्रक्रियाएं रुक जाती हैं, इस प्रकार मस्तिष्क को अत्यावश्यक विश्राम प्राप्त होता है। एकाग्रता, याददास्त, और बौद्धिक विकास करता है। फादर पॉल कोरिया ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से त्राटक ध्यान के अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

छात्र-छात्राओं के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, ग़ाज़ीपुर। सनशाइन पब्लिक स्कूल जमानियां द्वारा विद्यालय के वीनस हाउस, मार्स हाउस, ज्यूपिटर हाउस और मर्करी हाउस के छात्र-छात्राओं के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। प्रत्येक हाउस के सभी छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर कैटेगरी में आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न रंगों से सुसज्जित अत्यंत आकर्षक राखी बनाया। प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन हेतु निर्णायक मंडल में विद्यालय के संस्थापक चेयरमैन सर्वानंद सिंह, अध्यक्ष चन्द्रशेखर सिंह, प्रबन्धक अमित कुमार सिंह, प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार सिंह और प्राइमरी विंग की प्रभारी पूजा सिंह थीं। कार्यक्रम के अंत मे प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। राखी कार्ड मेकिंग उप कनिश्ठ वर्ग प्रथम आष्वी सिंह 3-अ मार्स हाउस , द्वितीय समर प्रताप 4-ब वीनस हाउस, तृतीय आरिज राजा 2-ब मर्करी हाउस, कनिश्ठ वर्ग प्रथम गौरव कुमार सिंह 7-अ मर्करी हाउस, द्वितीय अष्विनी राज दीक्षत 7-अ मर्करी हाउस, द्वितीय आस्था केषरी 7-अ ज्यूपीटर हाउस, तृतीय सिमरन षर्मा 6-ब वीनस हाउस, तृतीय अंकिता सिंह 8-सी वीनस हाउस, वरिश्ठ वर्ग प्रथम प्राची 12-सी वीनस हाउस, द्वितीय सिद्धार्थ यादव 9-अ ज्यूपीटर हाउस, द्वितीय दिब्या सिंह 12-सी ज्यूपीटर हाउस, तृतीय अनुराधा सिंह 10-डी ज्यूपीटर हाउस, तृतीय समीर सिंह 10-डी वीनस हाउस।

खाली बोगी में रक्त रंजित अवस्था में मिली महिला आरक्षी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। अयोध्या में चल रहे सावन झूला मेले में गैर जनपद से ड्यूटी करने आई महिला आरक्षी घायल अवस्था में मनकापुर से अयोध्या आने वाली पैसेंजर ट्रेन में मिली है। पुलिस के मुताबिक मनकापुर से चलकर रात तकरीबन 3:40 पर अयोध्या पहुंची मनकापुर-अयोध्या प्रयागराज की एक खाली बोगी में महिला आरक्षी रक्त रंजित अवस्था में घायल पाई गई है। सूत्रों की माने तो महिला आरक्षी के कपड़े भी अस्तव्यस्त थे और उसके सिर और शरीर के अन्य भागों पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। जीआरपी ने महिला आरक्षी को श्रीराम अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। बताया गया कि महिला आरक्षी सुल्तानपुर से अयोध्या आ रही थी लेकिन संभवत नींद आ गई थी जिसके कारण वह ट्रेन से उतर नहीं सकी और मनकापुर चली गई। जिसके बाद वह मनकापुर से वापस अयोध्या आ रही थी। एसपी रेलवे पूजा यादव ने बताया कि महिला आरक्षी सुल्तानपुर में तैनात थी। इन दिनों मेला ड्यूटी में महिला आरक्षी अयोध्या आई थी। मंगलवार की मध्य रात्रि सुल्तानपुर से यह ट्रेन से अयोध्या आई। जिसके बाद सरयू एक्सप्रेस मनकापुर पहुंची और मनकापुर से वापस अयोध्या आने पर अयोध्या जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जीआरपी को यह सूचना मिली कि एक महिला रक्त रंजित अवस्था में ट्रेन के कोच में पड़ी है। जिसके बाद रेलवे कोच में पहुंचे पुलिसकर्मियों ने महिला आरक्षी को उठाकर श्रीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। घटना के कारणों की गंभीरता से जांच की जा रही है।

दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। एसएसपी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 473/23 धारा 363 आईपीसी संशोधित धारा 363/376 (3) व धारा 3(ख)/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ छोटू पुत्र जयप्रकाश सिंह निवासी जैन मंदिर चौराहा रायगंज थाना को0 अयोध्या जनपद अयोध्या को रानोपाली के पास रेलवे क्रासिंग टेढी बाजार के आगे वाले चौराहे के पास किया गिरफ्तार ।

मुस्लिम युवती से राखी बंधवाकर दरोगा ने दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिले में मुस्लिम युवती से राखी बंधवाकर दरोगा रणजीत यादव ने दिया सामाजिक सौहार्द का संदेश "रंजिशे मिट जायेंगी, नफ़रतें हो जायेंगी फना! तेरी ईद मै मनाऊँ,मेरी होली तू मना!!" भाई बहन के प्रेम में कब जाति पांती ये आया,तेरे अल्लाह ने नहीं,मेरे ईश्वर ने नहीं तो किसने ये भेद बनाया,रक्षाबंधन के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र के कार्यालय में नियुक्त सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ने मुस्लिम युवती शबीना खातून से अपने कलाई पर राखी बंधवाकर हिन्दू मुस्लिम एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। शबीना खातून थाना मवई क्षेत्र से लगभग 65 किलोमीटर की यात्रा करके समाजसेवी राकेश कुमार के साथ पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय अयोध्या में राखी और मिठाई लेकर पहुँची। सुपरकॉप दरोगा रणजीत यादव को पहले चंदन लगाया फिर उनकी कलाई पर अपने हाथों से राखी बाधकर मिठाई खिलाया। भाई रणजीत यादव ने अपनी मुँहबोली बहन को मिठाई खिलाने के साथ ही रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुए राखी का उपहार देकर विदा किया। पिछले पांच वर्षों से शबीना रणजीत यादव की कलाई पर राखी बांधती है। खाकी वाले गुरुजी के नाम से चर्चित सब इंस्पेक्टर रणजीत यादव ड्यूटी के चलते घर जाकर बहनों से राखी नहीं बंधवा पाते तो जौनपुर से उनकी मुहबोली बहन अन्नपूर्णा तिवारी, गोरखपुर से सपना शर्मा और मेरठ से ईहा दीक्षित प्रत्येक वर्ष डाक से उन्हें राखी भेजती हैं। वंचित वर्ग के बच्चों के लिए समर्पित अपना स्कूल की छात्राओं ने भी खाकी वाले गुरुजी की कलाई पर रक्षासूत्र बाँधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। रणजीत यादव ने बच्चों को उपहार के साथ साथ दिया शिक्षा और सुरक्षा का वचन।

जैन श्रद्धालुओ ने रक्षा सूत्र बांधकर लिया धर्म और साधुओं की सुरक्षा का संकल्प

जयपुर। शहर के प्रताप नगर सेक्टर 8 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य सौरभ सागर महाराज के सानिध्य में बुधवार को जैन धर्म के 11 वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांसनाथ स्वामी का निर्वाण महोत्सव एवं रक्षाबंधन (रक्षासूत्र) पर्व हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रातः 6.15 श्रीजी का कलशाभिषेक और शांतिधारा कर प्रातः 7.15 बजे मंदिर जी से मुख्य पांडाल स्थल तक भगवान श्रेयांसनाथ स्वामी को पालकी में विराजमान कर यात्रा निकाली गई। जहां पर श्रीजी को पंडुकशीला पर विराजमान कर कलाशाभिषेक किए गए और आचार्य श्री के मुखारविंद वृहद शांतिधारा की गई। पंडित संदीप जैन सेजल के निर्देशन में श्रेयांसनाथ भगवान का अष्ट द्रव्यों के साथ पूजन किया गया। इसके उपरांत मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ भगवान श्रेयांसनाथ स्वामी के मोक्ष कल्याणक पर्व के अवसर पर, अर्घ के साथ 11 श्रावक परिवारों द्वारा 1 किलो के 11 निर्वाण लड्डू चढ़ाये गये। इस दौरान आचार्य श्री ने कहा की " आज रक्षा सूत्र पर्व है सभी श्रावक और श्राविकाओ को इसके महत्व को समझना चाहिए और धर्म, मंदिर, तीर्थों एवं साधु - सतों की सुरक्षा का भी संकल्प लेना चाहिए। जिसके बाद उपस्थित श्रावक और श्राविकाओं ने मंदिर की वेदियों, मुख्य द्वारों और आचार्य सौरभ सागर महाराज की पिच्छिका पर रक्षा सूत्र बांधकर " धर्म, मंदिर, तीर्थ स्थलों, साधु और संतों " की सुरक्षा का संकल्प लिया। प्रचार संयोजक सुनील साखुनियां ने बताया की बुधवार को रक्षाबंधन के अवसर पर आचार्य सौरभ सागर महाराज की पूर्व की चारों बहनें विशेष आकर्षण का केंद्र रही, चारों बहनों ने सुबह जिनेन्द्र आराधना के पश्चात आचार्य सौरभ सागर महाराज की भक्ति की और रक्षा सूत्र बांधकर धर्म की रक्षा का संकल्प पूरा किया। इसके अतिरिक्त दिल्ली, हरियाणा, यूपी, एमपी से भी श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। प्रेम और रक्षा की प्रेरणा देने वाला पर्व है " रक्षाबंधन " - आचार्य सौरभ सागर। रक्षाबंधन के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री के दर्शनों का लाभ प्राप्त किया।

सूचना जारी प्रोजेक्ट एवं सेमिनार लाने वाले शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर किया जाएगा सम्मान

स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर को मिला केंद्र सरकार से शोध प्रोजेक्ट

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) की ओर से स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर को शोध प्रोजेक्ट मिला हैं। आईसीएसएसआर द्वारा आनलाईन इसकी सूचना जारी की गई है। प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि घोषित परिणामों में स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर को प्रोजेक्ट समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ० रुचि मूर्ति सिंह को मिला है। वह "कमजोर वर्गों पर सुकन्या समृद्धि योजना के प्रभाव का आकलन : उत्तर प्रदेश के जनपद गाजीपुर के सन्दर्भ एक अध्ययन" शीर्षक पर शोध करेंगी। केंद्र सरकार ने बेटियों के नाम पर निवेश को प्रोत्साहित कर, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत की है, जिसमें 15 साल तक निवेश करके बच्चियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए फण्ड एकत्रित किया जा सकता है। केंद्र सरकार ने इस योजना की शुरुआत "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान के अंतर्गत की थी। प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने डॉ० रुचि मूर्ति सिंह को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय शोध के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत सरकार एवं अन्य सभी शोध परियोजनाओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। इस शोध परियोजना में सुकन्या समृद्धि योजना के प्रभाव का आकलन पर केंद्रित शोध कार्य होगा। इससे सुकन्या समृद्धि योजना के प्रभाव का आसानी से पता लगाया जा सकेगा। अपने बधाई संदेश में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय में केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार से प्रोजेक्ट एवं सेमिनार हेतु फण्ड लाने वाले प्रत्येक शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।महाविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक प्रोफ० (डॉ०) एस० डी० सिंह, प्रोफ० (डॉ०) एस० एन० सिंह, प्रोफ० (डॉ०) अरुण कुमार यादव, डॉ० रामदुलारे, डॉ० हरेन्द्र सिंह, डॉ० पियूष कांत सिंह, डॉ० मनोज कुमार मिश्र, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव इत्यादि ने खुशी जताई और बधाईयां दी।

शालीन व्यवहार से इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय निभा रहे खाकी की जिम्मेदारी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। मैनेजमेंट में माहिर शादियाबाद इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय एसपी ओमवीर सिंह के अरमानों को चार चांद लगा रहे हैं। शादियाबाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने की दिशा में इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय ने कमर कस ली है। सुबह दस बजे से ही थाना में बैठकर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनते हैं और को फरियादी के सामने ही काम को खत्म कर अवगत कराने का भी फ़रमान सुनाते हैं। इंस्पेक्टर की इस कार्यों से स्थानीय लोगों में उनकी प्रशंसा हो रही है। इंस्पेक्टर ने थाने पर तैनात स्टाफ व पुलिस कर्मियों से स्पष्ट रूप से कह रखा है कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को धैर्य पूर्वक सुनकर शालीनता से फरियादी को संतुष्ट करने का प्रयास करें और कोई भी निराश होकर थाने से न लौटे। शालीन व्यवहार के इंस्पेक्टर पाकर थाना क्षेत्र जनता अपने आप को कृतज्ञ मान रही है और फरियादी भी अपनी समस्याओं को लेकर शादियाबाद पहुंच रहे हैं। इन छोटी बातों व बदलाव से आम जनता में पुलिस की छवि बदल रही है। इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय के व्यवहार से आम जनता ही नहीं बल्कि उनका स्टाफ भी काफी प्रसन्न रहता है। इस गर्मी के बीच फरियादियों को गर्मी से बेहाल न होना पड़े इसलिए थाना में स्थित एसी कक्ष में कुर्सी पर बैठाकर इंस्पेक्टर सुनवाई करते हैं। इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय ने पूर्व में जब नंदगंज थाने की कमान संभाल रहे थे तभी अवैध शराब बनाने वालों पर एक मुहिम चलाकर कईयो को हवालात पहुंचाये थे। थाना क्षेत्र के ढ़ेलवा ग्राम सभा के ग्राम प्रधान कमलेश बिंद समेत ग्रामीण आज भी इंस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय की प्रशंसा करते हैं।

इंस्पेक्टर ने भांवरकोल में अपराधियों समेत गौ तस्करों पर किया था बड़ी कार्यवाही: स्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार राय ने पूर्व में भांवरकोल थाना का कमान संभाल चुके हैं। तभी गौ तस्करों पर काफी अंकुश लगाये थे। इंस्पेक्टर ने अपने कार्यकाल में भांवरकोल थाना को भी काफी अच्छा बना दिये है।

बाढ़ प्रभावित परिवारों को मिलेगी हर संभव मदद: मुख्यमंत्री

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर गोण्डा पहुंचकर कर्नलगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें राहत सामग्री वितरित की। इस मौके पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को आश्वस्त करते हुये कहा कि डबल इंजन की सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। आपदा के समय में पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की जाएगी। सरकार जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों व राजस्व विभाग की टीम, शैक्षिक संस्थानों और संगठनों के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचा रही है। बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत किट में रोजमर्रा के खाने के सामान को रखा गया है जिसमें 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 10 किलो, दो किलो अरहर दाल, एक किलो नमक, हल्दी, मिर्च, धनिया व सब्जी मसाले, एक लीटर रिफाइंड तेल, 5 किलो लाई, दो किलो भुना चना, एक किलो गुड़, दस पैकेट बिस्किट, माचिस एवं मोमबत्तियां, साबुन, एक तिरपाल

आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि सुखा या अत्यावृष्टि के कारण जिन अन्नदाताओं की फसलों को नुकसान पहुंचा है उसका जिला प्रशासन द्वारा सर्वे कराया जा रहा है सर्वे के बाद जिन किसानों की फसलों का नुकसान हुआ है उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गत वर्ष अक्टूबर में सरयू नदी में बाढ़ आई थी इस वर्ष मानसून काफी लेट है इसके बावजूद प्रथम चरण में 30 गांव प्रभावित हुए थे इनमें से कई गांव जल जमाव से मुक्त हो चुके हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल व नौकाओं की व्यवस्था की गई है। मंत्री व प्रभारी मंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगले डेढ़ महीने तक सबको सतर्क रहना होगा जिससे कि हम लोग बाढ़ से होने वाली जनहानि को कम कर सकेंगे। उन्होंने सभी अन्नदाताओं व परिवारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी परिवार का पूरा मकान बाढ़ से या अन्य किसी कारण से क्षतिग्रस्त हो गया तो उसे प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नया मकान दिया जाएगा, यदि मकान आशिक क्षतिग्रस्त होता है तो उसे उचित मुआवजा भी दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को आदेश देते हुए कहा है कि सभी अधिकारी बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत किट को लेकर पहुंचे, जिन इलाकों में बाढ़ आई है उन इलाकों का जायजा लें। जिन इलाकों में बाढ़ का पानी कम होने लगा है वहां पर तेजी के साथ-साथ सफाई अभियान चलाया जाए। उन इलाकों में साफ-सुथरे पानी की व्यवस्था की जाए जिससे किसी भी तरीके की बीमारियां ना बना पाए। इस मौके पर मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक तरबगंज प्रेम नारायन पाण्डेय, विधायक गोण्डा सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप आयुक्त देवीपाटन मंडल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र , पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली, सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश समस्त एसडीएम सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

खास ख़बर

राखी बांधने जा रही महिला व बेटे की सड़क हादसे में मौत

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। रक्षाबंधन पर्व पर भाई को राखी बांधने जा रही एक महिला और उसके बेटे की सड़क हादसे में मौत हो गई। हालांकि बाइक चला रहा उसका ससुर सकुशल बच गया। हादसा बुधवार को दोपहर बाद अयोध्या कोतवाली के ओवरबिरज के पास हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जिले के पूराकलंदर थाना क्षेत्र के गांव रामू का पुरवा भदोखर निवासी महिला 28 वर्षीय शोभा मौर्या पत्नी राजन अपने पांच वर्षीय बेटे रितेश मौर्या के साथ भाई को राखी बाँधने अपने मायके पड़ोसी जनपद बस्ती के चिलमा जा रही थी। मोटरसाइकिल उसका ससुर अनंतराम चला रहा था। दोपहर बाद गोरखपुर हाइवे पर अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में साकेत पेट्रोल पंप स्थित ओवरब्रिज के पास लखनऊ की ओर जा रहे एक ट्रक ने मोटसाइकिल में टक्कर मार दी। हादसे के बाद अनंतराम ने अपनी पुत्रबधु शोभा और पोते रितेश को 2.30 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डा आशीष पाठक ने मां-बेटे को मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भेजवाया है। अनंतराम का कहना है कि टक्कर के बाद बहू और पोते को ट्रक ने रौंद दिया, जबकि वह किनारे गिरा और सुरक्षित बच गया। मृतका के भाई कप्तान मौर्या का कहना है कि पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई कराई जा रही है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया है

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के बैनर तले 83 ग्राम प्रधानों की एक सितंबर को ब्लॉक सभागार में

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। विकासखंड मया बाजार अखिल भारतीय प्रधान संगठन के केसरी प्रसाद यादव ब्लाक अध्यक्ष मया, जिला- अयोध्या की अगवाई में ग्राम प्रधानों की समस्याओं को संज्ञान में लेकर बृहद चर्चा के लिए एक सितंबर 2023 समय 11:30 को एक सितंबर में विकासखंड मया सभागार में आहुत की गई है। जिसमें सभी 83 ग्राम प्रधानों की उपस्थिति अनिवार्य है। ब्लॉक अध्यक्ष केसरी प्रसाद यादव ने बताया कि जो प्रधान बैठक में उपस्थित नहीं रहेंगे उनके ऊपर एक हजार रूपये जुर्माना दे होगा यह संगठन का निर्णय है। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव को भी सादर आमंत्रित किया गया है ब्लॉक अध्यक्ष ने अभी बताया कि विकासखंड अधिकारी गौरीशा श्रीवास्तव अपने कार्यकाल मे अखिल भारतीय प्रधान संगठन किसी भी बैठक में शिरकत नहीं की है जिससे ग्राम प्रधानों में आक्रोश व्याप्त है ग्राम पंचायत और ग्राम प्रधानो से संबंधित कई समस्याओं पर चर्चा होनी है अगर खंड विकास अधिकारी गौरीश श्रीवास्तव बैठक में उपस्थित नहीं होती हैं तो आखिर समस्याओं का निस्तारण विकासखंड अधिकारी स्तर का है इसको कौन करेगा।

लाभार्थियो के बैंक खातो को आधार से लिंक कराये जाने के क्रम में डीएम ने की बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत आधार कैश ट्रान्सफर कम्प्लाइण्ट (एसीटीसी) के माध्यम से लाभार्थियो के बैंक खातो को आधार से लिंक कराये जाने के क्रम में बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत आच्छादित लाभार्थी, मुख्यतः समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित होते है, जिन्हे निर्धारित पात्रता शर्तो के क्रम में आयल कम्पनियों द्वारा एलपीजी वितरको के माध्यम से सिलेन्डर वितरित किये जाते है। उक्त लाभार्थियों को वितरित किये जाने वाले सिलेण्डरो पर केन्द्र सरकार द्वारा सब्सिडी का वहन किया जाता है। वर्तमान में उपभोगताओ को सब्सिडी का अंतरण 02 प्रकार से किया जाता है पहला आधार कैश टांसफर कम्प्लाइन्ट (एसीटीसी) तथा दूसरा बैंक कैश टांसफर कम्प्लाइन्ट (बीसीटीसी) के माध्यम से किया जाता है। बीसीटीसी के एकाउण्ट को आधार से लिंक कराया जाना है, ताकि वास्तविक उपभोकता को सब्सिडी का लाभ पारदर्शिता के साथ मिल सके। जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित किया है कि पीएमयूआई उपभोकता के बैंक खातो से आधार लिंक कराने में बैंको की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस हेतु लीड बैंक मैनेजर द्वारा जनपद में स्थापित समस्त बैंक शाखाओ के प्रबन्धको के माध्यम से बैंक कैश ट्रांसफर कम्प्लाइन्ट (बीसीटीसी) उज्जवला लाभार्थियो के बैंक खातो के आधार लिंक कराया जाये। उक्त कार्य बैंको द्वारा अभियान के तौर पर पूर्ण किया जाये। लाभार्थियो की संख्या अधिक होने के कारण बैंको में विशेष अतिरिक्त काउन्टर खेलवाये जाये। उक्त के अतिरिक्त बैंको के द्वारा अभियान के तौर पर कार्य को पूर्ण करायें जाने हेतु कैम्पो का आयोजन किया जाये ताकि अधिकतम लाभार्थियो के बैंक खाते में तत्कालिक आधार पर लिंक कराया जा सके बैंठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनीता यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर विशाल कुमार व अन्य उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर आदि उपस्थित रहें।

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद सेवा ट्रस्ट की बैठक

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान वा पंडित कृपा निधान तिवारी के मार्गदर्शन में श्रावणी महोत्सव 30 अगस्त दिन बुधवार को श्री पाराशर ऋषि आश्रम सरयू तट पौसरा पर पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य मया विकासखंड अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अध्यक्ष पंडित राधेश्याम पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से महामंत्री श्रीकांत दुबे, कोषाध्यक्ष राम तिलक पांडे ,मनोज दुबे राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत जिला अध्यक्ष अयोध्या, राजकरण पांडे, सुरेश मिश्रा, विजय मिश्रा, विनोद दुबे, धीरेंद्र उपाध्याय, ज्ञानेंद्र मिश्रा ,पारसनाथ तिवारी, राममुनी पांडे, गुड्डू पांडे ,ओमप्रकाश तिवारी ,रामसूरत तिवारी आदित्य मिश्रा, दिनेश मिश्रा एवं क्षेत्र के तमाम गणमान्य ब्राह्मण उपस्थित हुए।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 385 या उससे ज्यादा सीटें मिलेंगी: विजय बंसल

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। दिल्ली से आए विजय बंसल ने सरयू नदी में स्नान-पूजन उपरांत श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई और मत्था टेका। उसके बाद रामघाट चौराहा स्थित मानस भवन में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि उनके द्वारा 1985 से अब तक राजनीतिक क्षेत्र में कुल 12 भविष्यवाणियां की गई हैं, जिसमें से सभी भविष्यवाणियां सही निकली। मैं कोई ज्योतिषी नही हूं। मेरे अंतरआत्मा या मन की जो बात निकलती है। उसी को कहता हूं अब तक मन की जितनी बातें कहा हूं। वह सच निकली है। इस बार मेरे अंतरआत्मा की आवाज कह रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 385 या उससे ज्यादा सीटें मिलेंगी। नरेंद्र दामोदर दास मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। इस बात को मेरे द्वारा लिखित रूप से पांच महीना पहले ही पीएम मोदी व अमित शाह को भेंज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, जम्मू एंड कश्मीर के

विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी। यह मेरे मन की बात कह रही है। इसको भी लिखित रूप भाजपा नेतृत्व को भेजा गया है। विवेक बंसल ने कहा कि 2014, 19 लोकसभा एवं 2017, 22 यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए उनके द्वारा जो भविष्यवाणी की गई थी। वह सच साबित हुई। नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री व योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री बने। इससे पहले धारा 370, 35ए, राममंदिर निर्माण के लिए कही गई भविष्यवाणी सच हुई। इसी तरह से उन्होंने अन्य भविष्यवाणियां की है। जो शत-प्रतिशत सत्य रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के समय में भारतवासियों को देश-विदेश में जितना सम्मान मिला है।

मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। सभी ट्रांसफार्मरों से नलकूप हेतु विद्युत कनेक्शन दिये जाने, प्रतिदिन 18 घंटे विद्युत आपूर्ति करने, विद्युत बिल वसूली में किसानों मजदूरों का उत्पीड़न न करने, उपखंड अधिकारी कार्यालय स्तर पर उपखंड अधिकारी मीटर के कार्यालय खोले जाने, किसानों को फ्री बिजली उपलब्ध कराने आदि मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन उप जिला अधिकारी अभिषेक सिंह को सौंपा गया।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों को ऐसे ट्रांसफार्मरों से ट्यूबेल कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं जिन ट्रांसफार्मर से घरेलू कनेक्शन दिए गए हैं जिसके कारण लगभग 20 गुना महंगा स्टीमेट बनाया जा रहा है जो क्षम्य नहीं है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन 18 घंटा बिजली देने का आदेश होने के बावजूद भी स्थानीय स्तर पर 8 घंटे बिजली भी नहीं दी

जा रही है उसमें भी बार-बार ट्रिप हो रही है, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्री बिजली देने का घोषणा करने के बाद भी किसानों से बिल लिया जा रहा है, उपखंड अधिकारी कार्यालय स्तर पर उपखंड अधिकारी मीटर का कार्यालय ना होने के नाते मीटर संबंधी समस्या बड़े पैमाने पर व्याप्त है जिसका समाधान नहीं हो पा रहा है जिसके संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की गई है।ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ,देवी प्रसाद वर्मा ,पंकज सिंह, राजेश मिश्र शामिल रहे।

यूपीपीसीएल की परीक्षा एग्जीक्यूटिव अस्सिटेंट पर चयनित होकर आकांक्षा अग्रहरि ने मान बढ़ाया

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। चौरे बाजार क्षेत्र व्यापार मंडल अध्यक्ष अशोक अग्रहरि की पुत्री आकांक्षा अग्रहरि ने यूपीपीसीएल की परीक्षा में एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट पद पर चयनित होकर अपने परिवार एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया आकांक्षा अग्रहरि को कल नाका अयोध्या में गणपति गेस्ट हाउस में वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर एस हलवाशिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने वैश्य प्रतिभा समारोह सम्मान 2023 से सम्मानित किया समारोह सम्मेलन में वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष देवेंद्र अग्रहरि रामबाबू कसौधन सियाराम सराफा नंदकिशोर अग्रहरि विष्णु शंकर अग्रहरी राम अभिलाख अग्रहरि सहित आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने दिखाई मानवता,मानसिक विक्षिप्त महिला पहुंची वाराणसी

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी,गोण्डा-परसपुर। स्थानीय आम नागरिक से पुलिस को मिली सूचना पर बाजर क्षेत्र में मिली मानसिक विक्षिप्त अज्ञात महिला। जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर न्यायालय की अनुमति से कराया मेडिकल और अंततः पहुंचा दिया मानसिक चिकित्सालय वाराणसी। बताते चलें परसपुर में तैनात उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को जैसे सूचना मिली वो अपने साथ महिला आरक्षी अंजू रावत व रचना के साथ मौके पर जा पहुंचे जहां वो मानसिक विक्षिप्त महिला आरक्षियों की पुलिस वर्दी देख मारपीट करने के साथ दांत काटने पर आमादा थी , लेकिन रचना ने बुद्धिमानी दिखाते हुए पुलिस वर्दी उतार सादी वर्दी में आकर जैसे तैसे उसे अपने कब्जे में कर सकी दोनों महिला आरक्षियों ने उसे नहलाया धुलाया अपने साथ लाए अपने कपड़े पहनाए ये मानवता देख मौजूद लोग दंग रह गए सभी ने भूरि भूरि प्रसंसा की , तत्पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया और मेडिकल कराने के बाद न्यायालय के आदेश पर उपनिरीक्षक वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव व दोनों महिला आरक्षियों ने उक्त अज्ञात महिला को ले जाकर वाराणसी के मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कराया।

कुरीतियों को दूर कर रही कन्या सुमंगला योजना: गिरीशचन्द्र

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी। गोंण्डा बुधवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा एनआईसी में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों का संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कराया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी गिरीश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य समाज में प्रचलित कुरीतियां एवं भेद-भाव जैसे कन्या भ्रूण हत्या, असमान लिंगानुपात, बाल विवाह एवं बालिकाओं के प्रति परिवार की नकारात्मक सोच जैसी प्रतिकूलताओं को समाप्त करना है। संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा ने बताया कि निदेशालय व जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी के निर्देश पर उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह व जिला समन्वयक राजकुमार आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत 6 श्रेणियों में लाभ प्रदान किया जा रहा है, जिसमें बालिकाओं के जन्म से लेकर उनके स्नातक या डिप्लोमा में दाखिला तक लाभान्वित किये जाने का प्राविधान है।उन्होंने सभी को महिला कल्याण विभाग के योजनाओं की जानकारी भी दी। लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के उपरान्त एनआईसी में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, रक्षाबंधन व मिठाई देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने सभी से बच्चों की अच्छी परिवरिश के साथ उनके शिक्षा पर जोर देने की अपील की। इस दौरान फैसल फतेह, रवि गौड़, आशीष मिश्रा, अंकित पाण्डेय समेत अन्य उपस्थित रहे।

59 और भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट प्रमाण पत्र वितरित

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना के तहत 59 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित भवन स्वामियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दीपोत्सव कार्यक्रम तथा निर्माणाधीन श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अयोध्या धाम में वृहद स्तर पर श्रद्धालुओं/पर्यटकों के आगमन व रात्रि विश्राम के दृष्टिगत अधिक से अधिक भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना से जोड़ने हेतु अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में आज 59 भवन स्वामियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह यूनिक योजना अयोध्या में विशेष रूप से संचालित की जा रही है। इसका प्रयास अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भवन स्वामियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पेइंग गेस्ट योजना से संस्कृति

आदान-प्रदान के साथ ही स्थानीय व्यंजन एवं अवधी पकवान से भी श्रद्धालु अवगत हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी इससे पूरे अयोध्या में लोगों को रोजगार सृजन के साथ ही आय सृजन भी होगा। उन्होंने कहा कि पेइंग गेस्ट में ठहरने वाले लोगों से विनम्रता के साथ अच्छा व्यवहार करें, परिवार की तरह रखें, अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करायें, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, कम से कम मूल्य पर अच्छा से अच्छा सर्विस दें। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने भावनो को व्यवस्थित रखने एवं स्टैंण्डर्ड निरंतर सुनिश्चित रखें। साथ ही आसपास के भवन स्वामियों को भी पेइंग गेस्ट योजना की जानकारी देने तथा योजना से जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश पर्यटन की पेइंग गेस्ट योजना है इस योजना के माध्यम से हम अपने घरों में रहते हुए 02 रूम से लेकर 05 रूम तक रजिस्टर करवा सकते हैं। पर्यटन विभाग द्वारा किराए का निर्धारण 1500 से लेकर 2500 तक का किया गया है। इसके अतिरिक्त भोजन के चार्ज अलग से होंगे। अभी तक इस योजना के माध्यम से लगभग 300 घरों के आवेदन स्वीकार किए गए हैं। प्रथम चरण में 41 भवन स्वामियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, द्वितीय चरण में 102 भवन स्वामियों को सर्टिफिकेट दिए गए तथा तृतीय चरण में 59 भवन स्वामियों को सर्टिफिकेट दिए गए हैं। शेष भवन स्वामियों का सर्टिफिकेट उनके द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र मिलते ही वितरित कर दिए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से यहां के स्थानीय भोजन को एक थाली के रूप में अयोध्या की थाली भी विकसित की जा सकती है।

कार्यक्रम अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने मनाया श्रावणी पूर्णिमा उपक्रमों का कार्यक्रम

प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा: समाज के समस्त वर्गो को इस त्यौहार को मनाना चाहिए

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में विधि विधान के साथ अनेकों स्थानों पर प्रमुख रूप से गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट के द्वारा झुनकी घाट में श्रावणी पूर्णिमा उपक्रमों का कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम ब्राह्मणों का प्रमुख त्यौहार है। जिसमें नदी व जलाशयों में सभी ब्राह्मण उपस्थिति होकर विधि विधान के साथ प्रथमतः हेमाद्रिक संकल्प जिसमें वर्षभर में यवद्जीवन प्रयंत वाल्या अवस्था से लेकर वृद्धा अवस्था तक ज्ञात अज्ञात प्रायश्चित समन का संकल्प के साथ में दश विधि स्नान जिसमें कई प्रकार के वस्तुओं औषधियों से स्नान कराया गया जिसमे ब्रह्मण समाज एवम सर्व समाज के कल्याण के लिए रोग मुक्ति के लिए तथा प्रखर ज्ञान वर्धक होता है। इस कार्यक्रम में ऋषि तर्पण, देव तर्पण,

पितृ तर्पण एवम पितामह के आत्म तृप्ति के लिए तर्पण किया गया साथ में लुप्त पिंड का तर्पण किया गया। संध्या एवम सूर्योपस्थान हुआ सप्त ऋषियों एवम मां अरुंधती का पूजन गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट में विधि विधान से संपन्न हुआ जिसके मुख्य आचार्य वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में संपन्न हुआ। ब्राह्मण इस विशेष पूजा द्वारा श्रावणी महापर्व आयोजित कर वर्ष भर के लिए ऋषि परंपरा द्वारा ब्राह्मण को शुद्ध पूजित यज्ञोपवित प्रदान किया जाता हैं। इस कार्यक्रम में प्रायश्चित स्वरूप दही जौ का सेवन किया जाता है। जिसमे आध्यात्मिक शक्ति प्रदान किया जाता है। संस्कृत दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समाज के समस्त वर्गो को इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में विशेष पूजन दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ जय गुरुदेव शुक्ल, कोषाध्यक्ष प्रदेश राधा रमण त्रिपाठी रामभद्र जानकी कुंज, रणंजय शास्त्री, सूर्य कांत मिश्र, राम जश दास जी, आचार्य राजेश तिवारी राघव जी, जगदम्बा मणि त्रिपाठी, मनोज मिश्र, विजय प्रकाश मणि, अवधेंद्र प्रापन्नाचार्य, महामंडलेश्वर आशुतोष दास कामधेनु मंदिर बड़ा अखाड़ा, गौरव, महंत विशंभर दास, शेखर द्विवेदी , हर्ष पांडेय, शिवाकांत मिश्र, प्रमोद पांडे ज्ञानेंद्र नागा द्वारा संपन्न हुआ। इसी क्रम में सूर्य कुंड पर सत्यदेव मिश्र, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र सचिन तिवारी आदि मौजूद रहे।भरत कुंड में सच्चिदानंद के अचारत्व में सतीश चंद्र पांडेय एवम सीता कुंड मानस तिवारी सुरेश प्रधान मौजूद रहे ऋषि पांडेय मौजूद रहे, दिलाशीगंज में जय प्रकाश तिवारी कार्यपरिषद सदस्य के सानिध्य में सरयू नदी पर कार्यक्रम आयोजित हुआ सभी का कल्याण हो।

रक्षाबंधन पर सजी दुकानें बनी आकर्षण का केंद्र

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। रूदौली नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की बाज़ारों में पूरी तरह से भाई और बहन के इस प्रेम,स्नेह और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन के त्योहार के लिए सजी दुकानों पर रंग-बिरंगी राखियां सजी हुई हैं जो आकर्षण का केन्द्र बनी हुई हैं।भाई और बहन इस बार रक्षा बंधन पर्व को कुछ खास अंदाज में मनाने जा रहे हैं।बहन जहां अपने भाई को राखी के साथ गिफ्ट देने के लिए दुकान दुकान पहुंच रही हैं।वहीं भाई भी बहन के इस स्नेह और प्रेम को समझते हुए वह भी रक्षा वचन के साथ बहन को पसंद आने वाले बेहतरीन उपहार देने की तैयारियां में लगे हुए हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर सजी बाजार के साथ उपहार का बाजार भी जुड़ा हुआ है जिसमें चाकलेट और मिठाई की खूब मिठास भी है।इस बार रक्षाबंधन पर उपहार के तौर पर चाकलेट और मिठाई की भरपूर बिक्री हो रही है। इसके अलावा हर बार की तरह इस बार भी सेलिब्रेशन गिफ्ट पैक की मांग भी बढ़ी है।रुदौली क्षेत्र में भी इस बार कई कंपनियों ने अपने ब्रांडेड गिफ्ट पैक बाजार में उतारे हैं।चाकलेट से लेकर मोबाइल सहित भाई बहनों की पसंद के देने वाले तमाम ब्रांडेड उपहार आदि देने की जमकर खरीदारी हो रही है।दुकानदारों ने बताया कि इस बार रक्षा बंधन पर बहनों ने भाई की पसंद का काफी ध्यान रखकर उपहार खरीद रहीं हैं। रुदौली नगर ही क्षेत्र की मुख्य बाजार मानी जाती है नवाब बाजार,कोठी,कटरा,टेढ़ी बाजार, रसूलाबाद,कुद्दुसी मार्केट साहित दर्जनों दुकानें रंग-बिरंगी राखियों से सजी हुई हैं।वहीं क्षेत्र के भेलसर चौराहा,शुजागंज बाजार,अख्तियार पुर,रौज़ागांव,पटरंगा,मखदूमपुर और मवई क्षेत्र के मवई चौराहा सहित क्षेत्र की समस्त सजी हुई बाजारों में हर प्रकार की राखियों की भरमार है।वहीं बाज़ारों में चाइना मेड राखियां भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।चांदी की राखियां भी उपलब्ध हैं।इस बार बाजार में बच्चों से लेकर बड़ों के लिए तरह-तरह की राखियां मौजूद हैं।

ख़ास ख़बर

मध्य विद्यालय नाला में दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर का हुआ आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी,नाला/ जामताड़ा। झारखंड शिक्षा परियोजना जामताड़ा के तत्वाधान में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय नाला में दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर डॉ दीपक कुमार, डॉक्टर शशी पवार सिंह, डॉक्टर जयचंद , थेरेपिस्ट विवेक विकास चंद के द्वारा कुल 98 बच्चों का जांच किया गया, जिसमें 75 बच्चे चिन्हित किए गए ।मालूम हो कि इस दौरान पूर्व सत्र में जांच किए हुए कुल 39 बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर ,सीपी चेयर कान की मशीन आदि यंत्र प्रदान की गई। इस अवसर पर थैरेपिस्ट विवेक विकास चंद, डॉ रामकृष्ण बाबू, बीआरपी सुनील कुमार मंडल, बीआरपी टुनटुन कुमार, शिक्षक राधा विनोद मंडल ,महेश्वर घोष ,नवीन कुमार, संजय झा, ठंडा मंडल ,रंजीत भट्टाचार्य, विमल कुमार घोष, रिसोर्स टीचर सुशीला रानी, राजदेव रविदास, विमल कुमार सिंह ,रोशन कुमार ,प्रदीप राय, प्रतिमा हांसदा ,दुलाल चंद्र महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

मधुपुर आरपीएफ ने हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस ट्रेन से 19 पीस केन बियर किया बरामद

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर। मधुपुर आरपीएफ ने 13029 अप हावड़ा मोकामा एक्सप्रेस से एक बैग से 19 हेवर्ड्स केन बियर 5000 प्रीमियम जब्त किया। जिसका वजन 500 मिलीलीटर जिसका – लगभग मूल्य -130/- प्रत्येक बीयर और 10 गॉड फादर सुप्रीम स्टांग बीयर प्रतेयक का वजन 500 मिलीलिटर 140/ प्रति केन कुल मूल्य रु-2345/- बताया जाता है। इसकी जानकारी आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रसाद ने देते हुए बताया कि 13029अप एक्सप्रेस मोकामा-हावड़ा के सामान्य बोगी के बाथरूम में एक पिठु बैग में लावारिस अवस्था में बरामद किया गया । मधुपुर स्टेशन पर ऑन ड्यूटी आरपीएफ के एएसआई नरेंद्र कुमार द्वारा जब्त किया गया। वही कानूनी औपचारिकताओं का पालन करने के बाद जब्त की गई केन बियर को आगे की कार्रवाई और निपटान के लिए आबकारी विभाग देवघर को भेज दिया गया है।

ट्रेनों में आग लगने की घटना की रोकथाम के लिए यात्रियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। ट्रेन में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए 28 अगस्त से 15 दिवसीय रेलवे बोर्ड सुरक्षा अभियानके तहत सीनियर डीसीएम असनसोल संतानु चक्रवर्ती के निर्देश पर सीटीआई मधुपुर अमरदीप कुमार के नेतृत्व में बुधवार को मधुपुर आरपीएफ के आधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आग लगने की रोकथाम की घटना को लेकर मधुपुर रेलवे स्टेशन में विभिन्न ट्रेनों में यात्रीयों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान बुधवार को ट्रेन संख्या 03603 मधुपुर - गिरिडिह सवारी गाड़ी एवं 12317अप कलकत्ता जमुतवी अकालतखत सुपरफास्ट एक्सप्रेस में चलाया गया। मौके पर सीटीआई मधुपुर अमरदीप कुमार ने बताया कि ट्रेनों में जलवंत पदार्थ जैसे पेट्रोल, पटाखा, गैस सिलेंडर, केरोसिन तेल इत्यादि ना ले जाए। जिससे ट्रेनों में दुर्घटना घट सकती है और कई लोगों की जान जा सकती है। मौके पर सीटीआई मधुपुर निशांत कुमार आरपीएफ एएसआई डी. पी. सिंहा कंस्टबल ए.के. यादव उपस्थित रहे।

विदाई सह सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी तथा जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया गया आमंत्रण

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, संवाददाता नाला(जामताड़ा)। गेड़िया शैक्षणिक अंचल के मध्य विद्यालय खैरा में आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में शिरकत करने हेतु सरकारी/सहयोगी शिक्षक समन्वय समिति की ओर से आयोजित होनेवाली विदाई सह सम्मान, जो दिनांक 3 सितंबर को मध्य विद्यालय खैरा में की जाएगी, आज समिति की ओर से शिक्षक प्रतिनिधि राधा विनोद मंडल, संजय झा, नवीन कुमार तथा काजल दास ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, जामताड़ा डॉ गोपाल कृष्ण झा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम जामताड़ा से मुलाक़ात कर इस कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रण किया। विदित हो कि इस कार्यक्रम में गेड़िया शैक्षणिक अंचल से सेवानिवृत्त हो चुके सभी शिक्षको को (सरकारी और सहयोगी)साथ ही इस अंचल के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी गिरीश चंद्र मंडल, जो इसी महीने में सेवानिवृत्त होने जा रहे है, इसके अलावा विपरित परिस्थितियों में भी सुदूर गाँव मे शिक्षा में अलख जगाने वाले संकुल साधन सेवी को भी सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है।

'जिले में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में कोताही न बरतें'

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा । बुधवार को उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में पर्यटन/खेल, इनोवेटिव स्कीम एवं अनटाइड फंड की समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। उपायुक्त द्वारा समीक्षा क्रम में पर्यटन, इनोवेटिव स्कीम एवं अनटाइड फंड से जुड़े संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को योजनाओं के ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बिंदुओं पर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अवशेष राशि का कार्य योजना तैयार करने एवं उन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया एवं कहा कि बेहतर कार्य योजना बनाएं एवं इसे धरातल पर उतारें एवं कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार का चूक नहीं होने चाहिए। वहीं बैठक के दौरान चहारदीवारी, शेड, पीसीसी, अतिरिक्त कमरा के निर्माण सहित अन्य कार्यों को लेकर आवश्यक जानकारी लेते हुए उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के नाला प्रक्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में काजू के उपज को देखते हुए तथा जिले में कोई भी प्रोसेसिंग प्लांट नहीं होने के कारण सरकार को हो रहे राजस्व की हानि को देखते हुए काजू प्रोसेसिंग प्लांट के अधिष्ठापन को लेकर अधिकारियों से विमर्श कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई हेतु दिशा निर्देश दिया वहीं कहा कि काजू प्रोसेसिंग प्लांट से जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे साथ ही किसानों के द्वारा इसकी खेती के प्रति जागरूकता बढ़ेगा, जिससे वो आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे। उपायुक्त द्वारा जिला के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों के विकास एवं पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पर्वत विहार पार्क, लाधना डैम, मलांचा पहाड़ आदि में किए गए एवं किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा इस संबंध में बेहतर कार्य योजना बनाने हेतु आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।इसके अलावा बैठक में जिला खेल पदाधिकारी जामताड़ा के द्वारा बताया गया कि उनका पदस्थापन दुमका में है एवं वे जामताड़ा के अतिरिक्त प्रभार में हैं। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सप्ताह में 03 दिन जामताड़ा में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।वहीं बैठक के दौरान उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने निर्देश देते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी से कहा कि जो भी योजनाएं संचालित है, इसका क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करें, इसमें कोताही एवं शिथिलता न बरतें अन्यथा लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी, जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार,कार्यपालक अभियंता विशेष प्रमंडल मुकेश कुमार बमबम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी की महफिल सजी

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर । पीरे तरीकत हजरत सूफी शाह कुर्बान अली चिश्ती निजामी" का हजजे उमरा जाने से पहले खानकाह चिश्तिया निजामी ख्वाजा नगर मदीना मोहल्ला में जश्ने ईद मिलादुन्नबी की महफिल सजाई गई। महफिल का शुरुआत कुराने पाक की तिलावत से की गई। इसके बाद बारी बारी शायरों ने नाते रसूल पेश की। वही उलमाओ ने अरकाने हज के बारे में अपने तकरीर से जानकारी दी।मौके पर पीरे तरीकत "हजरत सूफी शाह कुर्बान अली चिश्ती" ने हज के बारे में गुफ्तगू करते हुए कहा फरिजा हज एक ऐसी इबादत है जो मुसलमान की जीवन के मुख्तलिफ पहलुओं पर असर अंदाज होती है। उन्होंने कहा हज इस्लाम का पांचवा रुकन है और हर मुसलमान पर फर्ज है जो इसकी माली और जिस्मानी इश्तेताअत रखता हो। चाहे वह किसी मुकाम का रहने वाला हो। हज इंसानी मसावत का वह पैगाम है जिसकी सदा एक तरफ बंदा ए मोमीन के दिल मैं गूंजती है और दूसरी तरफ दुनिया के सामने इंसानों में इंसानियत का एक ऐसा नादर नमूना है जिसकी नजीर जमाना में ना कोई और मजहब पेश कर सका ना कर पाएगा। उन्होंने कहा हज दुनिया भर के मुसलमान का एक सालाना इजतमा है। हर मुस्लिम समाज के दुनिया के तमाम देशों के प्रतिनिधि अपने हकीकत यानी बैतुल्लाह में जमा होते हैं। मगर जमा होने की शान यह है कि हर शख्स नस्ल और कोम, दौलत और मर्तबे की बनावटी शान को पीछे छोड़ आता है। वह बेतुल्ला में हाजरी देने के लिए दरवेशी फकीरी लिबास पहनकर आता है और हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह की बनाई हुई मस्जिद का रुख करते हैं और सब एक ही तरह के फकीरी लिबास पहने एक ही जज्बे से सरमोसार नजर आते हैं। और बार-बार पुकारते हैं "लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक" लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक। अल्लाह ताला से दुआ है कि हर मुसलमान भाइयों को हज बैतुल्लाह कि कामना को पूरा करें यही हमारी दुआ है। मौके पर शकील अख्तर अयूबी, अलाउद्दीन चिश्ती निजामी, मास्टर हाजी इलियास अयूबि, डॉक्टर मोहम्मद हाशिम अंसारी, तकबुल अली चिश्ती, अधिवक्ता लुकमान अंसारी, अधिवक्ता रिजवान अंसारी मदीना मस्जिद के सचिव फरीद अंसारी, आजाद अंसारी, मास्टर इकबाल अंसारी समेत दर्जनों अकीदतमंद चाहने वाले उपस्थित थे।

महिला व बच्चों सहित रेल यात्रियों के बीच स्टेशन परिसर में चला जागरूकता अभियान

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। मधुपुर रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त राहुल राज के निर्देश पर बुधवार को मधुपुर आउट पोस्ट गिरिडिह रेलवे सुरक्षा बल के एसआई धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में गिरिडीह स्टेशन परिसर में महिला बच्चों सहित रेलयात्रियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया । मौके पर आरपीएफ एसआई धीरेंद्र कुमार ने बताया कि महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और चलती ट्रैन पर पत्थर ना मारे उसको लेकर जानकारी दी गई। यह भी कहा कि जो व्यक्ति ट्रेन में पत्थर फेंकते हैं उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने का प्रावधान है । बेवजह अनावश्यक कोई ट्रैन का जंजीर नहीं खींचे। ।साथ ही यात्रियों के सामान कि चोरी कि घटना से अवगत करते हूए वैसे लोगो के बिरुद्ध गुप्त सुचना देने कि अपील किया। उन्होंने कहा कि महिला बोगी में महिला ही यात्रा करें पुरुष यात्रा करते है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विकलांग बोगी में विकलांग ही सफर करें। यात्रा के दौरान कोई समस्या हो तो पैसेंजर हेल्प लाइन 139 पर सुचना देकर मदद लेने हेतु जागरूक किया । मोके पर हेड कांस्टेबल सुमित रंजन, कांस्टेबल ए.के बर्मा,शिव कुमार समेत आरपीएफ के जवान मौजुद थे।

नौ साल के बाद मोदी जी को बहनों का ख्याल आया, जबकि प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन आता है - शबाना खातून

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। केंद्र सरकार महंगाई की मार झेल रही देश की जनता को रक्षाबंधन पर देश की बहनों को तोहफ़ा के नाम पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 200 रुपये की कटोती की है। इसको लेकर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी सचिव शबाना खातून ने मोदी सरकार पर जम कर हमला बोला। उन्होने कहा कि " मोदी सरकार ने लगातार 9 साल तक रसोई गैस पर भारी लूट" की है और अब आगामी लोकसभा को देखते हुए राहत के नाम पर 200 की छूट देश की महिलाओं को ठगने की साजिश है। मार्च 2023 तक के आंकड़े के अनुसार भारत में कुल 31.36 करोड़ उपभोक्ता हैं। जिसे मोदी सरकार प्रत्येक वर्ष लगातार रसोई गैस के दाम बढ़ाकर लूटने का काम करती आ रही थी। मनमोहन सरकार के समय 2014 तक रसोई गैस की कीमत 414 रुपए हुआ करती थी। जिसे वर्तमान में मोदी सरकार ने 1160 रुपए पहुंचा दिया। एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कटौती के एलान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर के कहा कि "रक्षाबंधन का पर्व अपने परिवार में खुशियां बढ़ाने का दिन होता है। गैस की कीमतों में कटौती होने से मेरे परिवार की बहनों की सहूलियत बढ़ेगी और उनका जीवन और आसान होगा। मैं पूछना चाहती हूं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की प्रत्येक वर्ष रक्षाबंधन आता है और प्रत्येक वर्ष सरकार गैस के कीमतों में भारी वृद्धि करती रही हैं। 9 साल के बाद आपको बहनों का ख्याल कैसे आ गया? देश की सभी महिलाएं आपकी करनी और कथनी को अच्छी तरह से समझ चुकी है। देश की गरीब महिलाएं आज भी लकड़ियां जलाकर खाना बनाने पर मजबूर है। सिलेंडर है परंतु उसमें गैस भराने के लिए 1160 रुपए नहीं है।देश की प्रत्येक महिला इस महंगाई का हिसाब 2024 के लोकसभा चुनाव में करेगी।

लाईट एण्ड द वे फाउंडेशन के बच्चों के बीच उपहार वितरण

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर। मधुपुर स्थानीय नबी बक्स रोड स्थित शांति विला में लाईट एण्ड द वे फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षण केन्द्र में अध्ययनरत करीब 120 बच्चे -बच्चियां और महिलाओं के बीच मदर्स इंटरनेशनल अकादमी की मैनेजिंग ट्रस्टी सुषमा अग्रवाल और दृष्टि गर्ग ने उपहार वितरण किया। उपहार में छाता, मिठाई ,चॉकलेट आदि खाद्य सामग्री का पैकेट पाकर बच्चे काफी खुश हुए। केंद्र के शिक्षक शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। सुषमा अग्रवाल ने कहा कि लाइट एंड द वे फाउंडेशन मधुपुर के उपेक्षित बच्चों के लिए सराहनीय कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की निर्देशिका सेंण्ड्रा सुब्बा द्वारा पिछले 9 वर्षों से समाज के वंचित उपेक्षित लोगों के बीच शिक्षा, हुनर विकास, महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य सेवा का कार्य किया जा रहा है। शिक्षण केंद्र में भीख मांगने वाले, कूड़ा चुनने वाले, दैनिक मजदूरी करने वाले, बंदर नचाने वाले, रिक्शा चालक, दाई का काम करने वाली महिलाओं के बच्चों को शिक्षित किया जाता है। महिलाओं को सिलाई बुनाई का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ऐसे शिक्षण संस्थान के संचालन के लिए समाज का सहयोग जरूरी है। मौके पर शिक्षिका तारा दास, मुन्नी, गुड़िया, अनिल, मीनू, मालोती सोरेन सहित कई लोग उपस्थित थे।

अभियान इस अभियान में विद्यालय के सभी बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है

1 से 15 सितंबर तक विद्यालयों में "स्वच्छता पखवाड़ा" कार्यक्रम का होगा आयोजन

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक विद्यालय में स्वच्छता पाखवाड़ा मनाया जाना है । इस अभियान में विद्यालय के सभी बच्चों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। साथ ही ग्राम पंचायत के सदस्य, विद्यालय प्रबंध समिति, शिक्षकगण, बाल संसद, अभिभावक को भी कार्यक्रम से जोड़ना है। उक्त बातों की जानकारी शिक्षा विभाग के एडीपीओ संजय कापरी ने देते हुए बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 1 सितम्बर से 15 सितम्बर तक किया जाना है। इस कार्यक्रम में सभी विद्यालय भाग लेंगे। इस वर्ष अन्य गतिविधियों के अलावा पर्यावरण संरक्षण, बाल संसद, इको क्लब, जल शक्ति अभियान एवं किशोरी छात्राओं के लिए माहवारी स्वच्छता पर विशेष बल दिया गया है। साथ ही ऐसी गतिविधियों की जानी है, जिससे छात्र-छात्राओं के व्यवहार में स्वच्छता के प्रति परिवर्तन आए। उन्होंने बताया कि इस कार्य से हमारे विद्यालयों को तीन प्रकार का लाभ मिल सकेगा। पहला विद्यालय में बच्चों के ठहराव में वृद्धि होगी। दूसरा बच्चे शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षणीक स्तर पर अधिक प्रभावशाली बनेंगे। बाल संसद के माध्यम से उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। तीसरा विद्यालयों के आकर्षक, सुसज्जित, स्वच्छ एवं अनुकूल वातावरण के कारण बच्चों के उपलब्धि स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान जिला स्तर पर "स्वच्छता पखवाड़ा" अभियान का शुभारंभ किसी एक विद्यालय से किया जायेगा । कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए दूरदर्शन, रेडियो, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया तथा अन्य संचार साधनों का अधिक से अधिक उपयोग किया जायेगा। अभियान की सफलता हेतु सभी शिक्षकों को संवेदनशील एवं उत्तरदायी बनाने हेतु उन्मुखीकरण किया जाए। प्रत्येक शिक्षक अपने विद्यालय में स्वच्छता सुविधाओं की समीक्षा करेंगे । यदि आवश्यक हो, तो गुणवत्ता युक्त पेयजल की व्यवस्था, पेयजल स्रोत की जांच, शौचालय की साफ-सफाई की व्यवस्था, अन्य स्वच्छता सुविधाओं की मरम्मत और रखरखाव के लिए संबंधित मुखियाजी को प्रस्ताव या योजना बनाकर उपलब्ध कराएँगे ताकि 15वें वित्त आयोग की राशि से सुधारात्मक कार्य किया जा सके। विशेष गुरुगोष्ठी का आयोजन कर "स्वच्छता पखवाड़ा"अभियान के संबंध में सभी संबंधितों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पखवाड़ा के पहले कार्य दिवस में दिनांक 01 सितम्बर, को सभी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में स्वच्छता शपथ का आयोजन किया जायेगा।

उपायुक्त शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में नीलाम पत्र एवं राजस्व विभाग का समीक्षात्मक बैठक संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। बुधवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा श्री शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में नीलाम पत्र एवं राजस्व विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त जामताड़ा शशि भूषण मेहरा ने विभागवार राजस्व संग्रहण, भू राजस्व संग्रहण से संबंधित अंचलवार समीक्षा, दाखिल खारिज के लंबित मामलों, राजस्व न्यायालय में लंबित ई कोर्ट से संबंधित मामलों, जीएम लैंड सत्यापन, नीलाम पत्र परिशोधन पोर्टल सहित अन्य सभी बिंदुओं पर बारी बारी से समीक्षा की गई। बैठक में अनुपस्थित रहने एवं कई विभागों में उपलब्धि कम रहने के कारण जिले के कई अधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने हेतु उपायुक्त ने दिए निर्देश।उपायुक्त ने समीक्षा क्रम में भू लगान, सैरात, वाणिज्य कर, विद्युत, उत्पाद, मापतौल, खनन, मत्स्य, प्रमाण पत्र वाद/नीलाम पत्र वाद, सहकारिता, परिवहन, नगर पंचायत जामताड़ा, नगर परिषद मिहिजाम, वन विभाग एवं कृषि के अंतर्गत वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति की समीक्षा करते हुए वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध माह जुलाई 2023 तक किए गए राजस्व संग्रहण की समीक्षा की गई। जिसमें उपायुक्त ने वार्षिक लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण में तेजी लाने एवं शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण का कार्य वार्षिक एवं मासिक दिए गए लक्ष्य के अनुरूप सुनिश्चित करें। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। वहीं समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कई विभागों का राजस्व संग्रहण दिए गए लक्ष्य से काफी कम पाया गया, जिस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में अनुपस्थित रहने पर उपायुक्त ने जिला माप तौल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, वाणिज्य कर पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत को स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिला मत्स्य पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी को कम उपलब्धि रहने के कारण स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया साथ ही अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।इसके अलावा बैठक में दाखिल खारिज से जुड़े मुद्दे पर समीक्षा किया गया, जिसमें बताया गया कि चालू वित्तीय वर्ष में कुल 116 मामले सामने आए, जिसमें से 94 निष्पादित कर दिए गए हैं एवं शेष 22 लंबित है, जिसमे जल्द से जल्द निष्पादित करने हेतु उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। दाखिल खारिज के सभी मामले को निष्पादन करने के अलावा बंदोबस्ती करने हेतु लोगों को जागरूक करने सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने बैठक के दौरान कहा कि उतराधिकारी और आपसी बंटवारा के आधार पर जो रेवेन्यू का कार्य किया जाता है, उसमें वंशावली के आधार पर सभी उत्तराधिकारी को शामिल करें। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान जीएम लैंड सत्यापन की समीक्षा करते हुए दिए गए लक्ष्य कुल 38921 को समय से प्राप्त करने का निर्देश दिया। वहीं बैठक में नीलाम पत्र वाद से संबंधित समीक्षा क्रम में संबंधित पदाधिकारी को पंजी मिलान सहित अन्य बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावा उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, अपर समाहर्ता सुरेन्द्र कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी, जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार, एलडीएम राजेश कुमार सहित संबंधित अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

मुखियाओं ने 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया

मधुबनी। बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के आह्वान पर जिला अध्यक्ष रुपम कुमारी के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के अधिकारों में कटौती के खिलाफ मंगलवार को समाहरणालय के समक्ष जिला भर के मुखियाओं ने 19 सूत्री मांगों को लेकर धरना दिया। तथा मांग पत्र एमएलसी अंबिका गुलाब यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलकर सौपा। धरना स्थल को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रुपम कुमारी और रहिका प्रखंड संघ के अध्यक्ष मिथिलेष कुमार झा ने कहा कि हम सभी मुखिया 16 अगस्त से 31 अगस्त तक हड़ताल पर रहकर कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है, जो जारी है। उन्होने कहा कि हड़ताल के दौरान ग्राम पंचायत के सभी प्रकार के कार्यों एवं सरकारी कार्यक्रमों के बैठक का बहिष्कार कर रहे हैं। अगर सरकार हम मुखियाओं के मांगों पर विचार नही करती है,तो बिहार प्रदेश मुखिया महासंघ के निर्देष पर आगे इसी तरह चटटानी एकता के साथ आन्दोलन करेंगे। वहीं जीवन कुमार भंडइवार, हरि सहनी, अशोक मंडल, जितेंद्र सिंह, कपिलेश्वर यादव, मदन पासवान, मंजू देवी, पंडोल मुखिया संघ के अध्यक्ष राम कुमार यादव एवं बेनीपट्टी मुखिया संघ के अध्यक्ष विनय कुमार झा ने कहा कि हमारी मांगे है कि ग्राम पंचायत को 73वां संविधान संशोधन के तहत प्रदत 29 अधिकारों को पूर्णरूपेण ग्राम पंचायत को सौंपा जाये। ग्राम सभा से चयनित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। तथा सरकार ग्रामसभा से पारित प्रस्तावों में अनावश्यक हस्तक्षेप करना बंद करें। मुखिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना में ब्रेंडा असफल हो चुकी है, इसे पुनः ग्राम पंचायत को सौंपा जाए। पंचायत सरकार भवन के निर्माण में पूर्व में ही एलएईओ असफल साबित हुई है। इसे ग्राम पंचायत को दिया जाये। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को वेतन भत्ता में बढ़ोतरी की जाए। उन्होने कहा कि मुखिया को दस हजार, उप मुखिया को सात हजार एवं वार्ड सदस्य को पांच प्रति माह दिया जाए। ग्राम पंचायत के मुखिया को उनकी सुरक्षा हेतु आवश्यक अनुसार उनके मांग पर आर्म्स का लाइसेंस दिया जाए। राजनगर मुखिया संघ के अध्यक्ष शेखर सुमन एवं कलुआही मुखिया संघ के अध्यक्ष राजेश मिश्र ने कहा कि पंचायतों में बंद परे अंत्योष्टि योजना को चालू किया जाए। सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना को गति प्रदान किया जाए। ग्राम पंचायत को पुनः जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अधिकार दिया जाए। अपराधियों द्वारा मुखिया की हत्या कर दी गयी है। उन मृतक मुखिया के परिजनों को सरकार 50 लाख तक का मुआवजा दिया जाये। तथा एसपीडी ट्रायल के माध्यम से दोषियों को अभिलंब सजा दिलवायी जाय। ग्राम पंचायत में कार्यरत कर्मियों के वेतन विवरण उपस्थिति पंजी मुखिया के हस्ताक्षर के बाद ही भुगतान किया जाए, इसको शक्ति से अनुपालन कराया जाये। ग्राम पंचायतों को राजसव कर वसूली का हिस्सा सभी मतों से उपलब्ध कराई जाए। मनरेगा में ग्राम पंचायत को प्रशासनिक का अधिकार पंचायती राज्य विभाग के तरह 20 लाख तक किया जाए। तथा मनरेगा योजना का ग्राम पंचायतों को भुगतान का अधिकार दिया जाये। मनरेगा में मजदूरी दर बढ़ायी जाये। बाजार दर के अनुसार एसओआर निर्धारित किया जाए। तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। 15वीं वित्त की राशि आवंटन में ग्राम पंचायत को अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराया जाए। तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में नए पत्र लाभुकों का नाम जोड़ने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

ख़ास ख़बर

अनुमंडल पदाधिकारी को दी गई विदाई

सिवान। शांति समिति के सदस्यों ने जिला सीवान सदर के अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा के लिए विदाई समारोह की आयोजन की। जिसमें सोल उड़ा कर तथा भूखे देकर सभी शांति समिति के सदस्यों ने रामबाबू बैठक को विदाई दी।

एडीजे वेद प्रकाश मोदी की अदालत ने विष्णु राम हत्याकांड में दोषी करार

मधुबनी। एडीजे वेद प्रकाश मोदी की अदालत ने विष्णु राम हत्याकांड में दोषी करार दिए गए संतोष दास को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने हत्या व आर्म्स एक्ट के तहत 30 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। मंगलवार को सजा के बिन्दु पर सुनवाई के दौरान एपीपी जगदीश प्रसाद यादव तथा सूचक के वकील डा. देवन दास ने हत्यारा को फांसी की सजा देने की मांग की थी। एपीपी ने बताया कि संतोष दास बासोपट्टी थाना के महिनाथपुर गांव का रहने वाला है। 15 जुलाई 2020 को रात करीब नौ बजे संतोष दास ने विष्णु राम के घर पहुंचा और उसे बुलाकर घर से बाहर ले गया। कुछ दूर जाने के बाद संतोष दास ने विष्णु राम पर पर गोली चला दिया। प्राइवेट पार्ट में गोली लगने से विष्णु राम बेहोश होकर वहीं गिर गया। दो दिन बाद इलाज के दौरान डीएमसीएच में उसने दम तोड़ दिया

इस साल रक्षाबंधन नहीं मना पाएंगे शिक्षक

सिवान संवाददाता। बिहार के शिक्षक इस बार रक्षाबंधन नहीं बना पाएंगे। नीतीश कुमार के तुगलक्की फरमान के कारण इस बार रक्षाबंधन की छुट्टी रद्द कर दिए जाने की सूचना है। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। पटना शिक्षा विभाग बिहार सरकार के द्वारा एक पत्र निकालकर बिहार में भाई बहनों का अटूट रिश्ते का महान पर्व रक्षाबंधन के छुट्टी रद्द करने समेत अन्य छुट्टियां को भी रद्द करने की बात सामने आई है। पहले 30 अगस्त को होने वाले रक्षाबंधन को बदलकर 31 अगस्त को छुट्टी का ऐलान कर दिया गया था। वही बुधवार को एक पत्र आया की हिंदू के सभी पर्वों को की छुट्टियां रद्द कर दी गई। वहीं दुर्गा पूजा में 10 दिन के बदले मात्र 3 दिन छुट्टी रहेगी। वहीं बिहार के महापर्व छठ में अब मात्र 1 दिन की छुट्टी रहेगी। जिसको लेकर परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष महेश प्रभात ने कहा कि यह बिहार सरकार का तुगलक्की फरमान है । जिसको लेकर सभी शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक संघ आपस में बैठक कर रहा है। जिसके बाद इस बात को लेकर कड़ी विरोध जताई जाएगी। बताते चलें कि आम शिक्षकों में रक्षाबंधन नहीं मनाई जाने तथा रक्षाबंधन की छुट्टी को रद्द करने को लेकर काफी असंतोष का माहौल व्याप्त हो गया है।

महुवल में वारंटी के घर पर चिपकाया इस्तिहार

हुसैनगंज। थाना क्षेत्र के महुवल गांव में रविवार को पुलिस ने पूर्व के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी के घर इस्तिहार चिपकाया है। प्राप्त सूत्रों के अनुसार महुवल गांव के निवासी करीमन नट पर 2016 में मुफस्सिल थाने के मामला दर्ज हुआ था जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी के हाजिर नही के बाद कोर्ट के आदेश पर उसके दरवाजे पर मुफस्सिल थाने की पुलिस द्वारा इस्तिहार चिपकाया गया है। अगर इसके बाद भी आरोपी खुद को सरेंडर नही करता है तो कोर्ट के आदेशानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

मां काली का पूजा संपन्न

मैरबा सिवान संवाददाता। सिवान जिले के मैरवा प्रखंड मुख्यालय के बगल में स्थित लक्ष्मीपुर गांव में मां काली का पूजन संपन्न हुआ। जिसमें हजारों के संख्या में श्रद्धालु गणपति थे। बताते चलें कि ग्राम लक्ष्मीपुर में मां काली का शायरी पूजा संपन्न हुआ। जिसका नेतृत्व एक अनुसूचित जाति के महिला ने किया और गांव के सभी जाति के लोगों ने समर्थन दिया। चर्चा है कि कौन कहता है कि अनुसूचित जाति के लोगों से छुआछूत होता है और मंदिर में जाने से रोका जाता है। चर्चा में हैं कि सनातनी संस्कृति को बदनाम करना बंद करो।

छातापुर में झुलनोत्सव को लेकर बना उल्लास पूर्ण माहौल

छातापुर। सुपौल। छातापुर प्रखंड क्षेत्र के बिभिन्न पंचायतों में झुलनोत्सव को लेकर उल्लास पूर्ण माहौल बना हुआ है। झूला पूजा को लेकर पूजा पंडालों को आकर्षक साज सज्जा कर आयोजकों द्वारा कदम की टहनियों में झूला लगाकर कृष्ण कन्हैया की प्रतिमा, फोटो स्थापित किया गया है। जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन झूलन को लेकर किया गया है। बिभिन्न पूजा पंडालों में भक्तों द्वारा झूला लगे कदम की डाली झूलें कृष्ण मुरारी न हो ...की भजन से माहौल भक्तिमय बना हुआ है। इधर, छातापुर बाजार में पत्रकार एन. के. शुशील द्वारा झूला पूजा किया जा रहा है। वही जीवछपुर में रमेश कुमार के देखरेख में पूजा संचालित हो रहा है। पूजा को लेकर चुन्नी, सोहटा, कटही, माधोपुर, बलुआ, मधुबनी आदि पंचायतों में उत्सवी माहौल बना हुआ है। मौके पर संतोष कुमार भगत, संजय कुमार , मोनू कुमार, अक्षय कुमार, गुड्डू कुमार, कुंदन भगत, श्याम कुमार, सोनू कुमार, रवि रौशन आदि थे।

रात राम जानकी मंदिर से लाखों रुपए मूल्य के तीन मूर्ति की चोरी

रहिका। रहिका थाना क्षेत्र के नाजिरपुर पंचायत के बहरबन गांव में सोमवार की रात राम जानकी मंदिर से लाखों रुपए मूल्य के तीन मूर्ति की चोरी हो गई है।मूर्ति की चोरी की घटना के बारे में स्थानीय ग्रामीण राम जानकी मंदिर के पुजारी संजय दास ने बताया कि रात में झूला उत्सव का कीर्तन कार्यक्रम करीब बारह बजे रात तक चला था।झूला कीर्तन के बाद अज्ञात चोरों ने राम,लक्ष्मण एवं कृष्ण भगवान की कीमती धातुओं की मूर्ति मंदिर के गेट के ताला तोड़कर मूर्ति चोर उठाकर ले गया है।पुजारी ने बताया कि मूर्ति करीब सौ से डेढ़ सौ वर्ष पुरानी था।पुजारी ने बताया कि वर्तमान में तकरीबन छह लाख रूपए मूल्य की प्रतिमा मंदिर में स्थापित था।मूर्ति चोरी की घटना के संबंध में थानाध्यक्ष राजकिशोर कुमार ने बताया कि मूर्ति की चोरी की घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी ने दिया है।पुलिस को घटनास्थल पर चोरी की घटना की तहकीकात के लिए भेज दिया है। मंदिर के बगल के एक दुकान में सीसीटी कैमरा लगा हुआ था।अज्ञात चोरों की पहचान के लिए सीसीटी केमरा की डिवाइस की जांच पुलिस ने शुरू कर दिया है।ग्रामीण ध्यानी पासवान , रामनिवास मिश्रा , विपिन ठाकुर , राजकुमार ठाकुर ,गंगा पासवान , घनश्याम पासवान, मुखिया प्रतिनिधि भगवान पांडे समेत अन्य ग्रामीणों ने जानकारी दिया की रात्रि करीब एक बजे के बाद राम जानकी मंदिर में भगवान के कई मूर्तियां जो धातु से बने हुए थे चुराकर चोरों ने ले गया है।जब पुजारी सुबह में पूजा करने के लिए आए तो मंदिर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। जब वह अंदर गए तो पता चला कि भगवान की धातु से बना मूर्तियां गायब है, तो तत्काल पुजारी ने स्थानीय ग्रामीणों को सूचना दिया। ग्रामीणों द्वारा मुखिया और संबंधित थाना को सूचना दिया।मौके पर थाना पहुंचकर छानबीन कर रही है। वहीं सम्बंधित थाना प्रभारी से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से खंगाला जा रहा है । जांच जारी है जल्द से जल्द चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

पूर्वाग्रह से ग्रसित है के के पाठक- शिक्षक संघ

सीवान संवाददाता। 30 अगस्त 2023 सिवान शिक्षक संघ व जिला सचिव बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीवान अशोक कुमार प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां है कि बिहार सरकार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक द्वारा शिक्षकों के संदर्भ में पूर्वाग्रह से प्रेरित होकर निर्णय लेने पर बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीवान के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह और जिला सचिव अशोक कुमार प्रसाद ने निम्न बयान जारी किया है। प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा नेता द्वय ने कहा है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सरकार लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है और इससे आशा की जाती है कि यह सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगी। लेकीन शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री के के पाठक द्वारा मनमाने तरीके से शिक्षा विभाग को चलाना एक गैर लोकतांत्रिक तरीका है। विद्यालय सुचारू रूप से चले और योजनाओं का विधिपूर्वक निरीक्षण का हम स्वागत करते हैं लेकीन शिक्षकों की रक्षा बन्धन,तीज, जिउतिया, दशहरा, दिवाली और छठ जैसे महापर्वों पर छुट्टियों को कम करना अतिउत्साह में की गई पूर्वाग्रह वाली करवाई है।

हम मांग करते हैं कि

1. छुट्टियों को पूर्ववत रखा जाए।
2. 11 जुलाई 2023 को पटना के गर्दनीबाग में धरना में शामिल होने या शामिल होने के लिए प्रेरित करने के नाम पर की गई गैरकानूनी करवाई को वापस लिया जाए।
3. अविलंब सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाय।

शिव भजन और देवी गीत में प्रवीण मिश्रा बुलबुल का जवाब नहीं

सीवान संवाददाता। शिव भजन और देवी गीत प्रवीण मिश्रा बुलबुल की तरह कोई नहीं गा सकता है। फुहड़पन और अश्लीलता से दूर प्रवीण मिश्रा बुलबुल एक साफ सुथरा गीत संगीत और भजन गाने वाले गायक का नाम है। उक्त बातें गीतकार पिंटू तूफानी और मनीष अलबेला ने कही। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रवीण मिश्रा बुलबुल का गया हुआ दर्जनों भोलेनाथ का मंत्र तथा दर्जनों देवी भजन लोगों के जुबान पर है। दिल्ली की प्रसिद्ध कैसेट कंपनी एंगल म्यूजिक, वेब म्यूजिक कंपनी, टीम फिल्म कंपनी, समेत

विश्व के हिंदी जगत में सबसे बड़े कैसेट कंपनी सुपर कैसेट इंडस्ट्री जो गुलशन कुमार जी के टी-सीरीज कंपनी के नाम से मशहूर है। उसके द्वारा लगातार अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त गायक प्रवीण मिश्रा बुलबुल के भजन बाजार में लगातार आ रहे हैं। जो लगभग दो दशक से विभिन्न कैसे कंपनियों से लगातार गा रहे हैं। गीतकार अलबेला ने बताया कि प्रवीण मिश्रा बुलबुल की एक अलग पहचान है। आज अश्लीलता के दौर में कोई भी गंदा गाकर कुख्यात हो सकता है। लेकिन प्रख्यात होने के लिए अच्छी गायकी तथा मेहनत एवं लगन की जरूरत है। उन्होंने बताया कि लगभग दो दशक से प्रवीण मिश्रा बुलबुल एक ऐसा नाम है। जो कैसेट के जमाने में भी बुलबुल बम, जय हो दारु जय मेहरारू, समेत कांवर करे टन टन और मैया मोरी थावे वाली समेत सैकड़ो गानो से प्रसिद्ध रहे हैं। इस बार भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा... जैसे गीत से फिर से मार्केट में आ गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रख्यात तथा कुख्यात दो रूप से लोग बाजार में प्रसिद्ध हो सकते हैं । कुख्यात होने में कुछ नहीं रखा है कोई भी गलत काम कर दीजिए कोई भी अश्लील गीत गा दीजिए । कोई भी गंदा काम कर दीजिए लोग गाली देने लगेंगे वह आदमी कुख्यात हो गया ।जबकि प्रख्यात होने के लिए मेहनत और लगन की आवश्यकता है। जो प्रवीण मिश्रा बुलबुल के गायकी में दिखती है।

अवैध लॉटरी मामले में एक गिरफ्तार, एसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी





संवाददाताः अब्दूल वहाब , उधवा - साहिबगंज! राधानगर थाना पुलिस ने बीते मंगलवार की शाम को थाना क्षेत्र अन्तर्गत फुदकीपुर गांव में छापेमारी कर एक लाख 25 हजार रुपए की अवैध लॉटरी के साथ बबलू मंडल को गिरफ्तार किया है। इस संदर्भ में बुधवार को राधानगर थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है। इस दौरान एसपी नौशाद आलम ने बताया कि राधानगर थाना पुलिस के द्वारा गस्ती के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि फुदकीपुर में एक युवक अवैध लॉटरी का बिक्री कर रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार दलबल के साथ फुदकीपुर पहुंचे। जहां पंचायत भवन के पास पुलिस गाड़ी को देखकर उक्त व्यक्ति घबराकर वहां से खिसकने का प्रयास करने लगा। इस क्रम में गश्ती दल के द्वारा बबलू मंडल नामक युवक को पकड़ लिया। उनके पास से एक लाख 25 हजार रुपए की अवैध लॉटरी टिकट बरामद किया है। एसपी ने बताया कि घटना के संबंध में राधानगर थाना कांड संख्या 128/23 के तहत बबलू मंडल के विरुद्ध प्राथमिकी कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मौके पर राजमहल एसडीपीओ प्रदीप उरांव, राजमहल इंस्पेक्टर राजीव रंजन, राधानगर थाना प्रभारी राकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक इकवाल खान, श्रीनाथ कुमार राम, मटुक शाहा, विकास कुमार साहा मौजूद थे।

बहन भाई के कलाई पर बांधते हुए राखी

संवाददाता अमित कुमार शर्मा बौसी बांका। बौंसी स्थित एम के पब्लिक स्कूल में रक्षा बंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया स्कूल के डायरेक्टर राजीव कुमार सिंह के मौजुदगी मै बिधालय की बहनों ने भाई के कलाई पर राखी बांधकर तिलक लगाया इस अबसर पर, स्कूल के प्रधानाचार्या निजात खान ने रक्षा बंधन पर प्रकाश डालते हुए बताया रक्षा बंधन भाई बहन के अटुट प्रेम का संदेश देता है बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांध कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है इस अबसर पर कार्यक्रम प्रमुख सानु झा सोनल कुमारी ब्युटी कुमारी पुजा कुमारी आदि मौजुद थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

संवाददाता अमित कुमार शर्मा बौसी बांका। भाजपा जिला महादलित प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिव शंकर एवं नगर अध्यक्ष मनमीत साह ने संयुक्त रूप से बौंसी नगर के विभिन्न महादलित टोले का भ्रमण किया। बुधवार को इस महादलित टोला जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्होंने क्षेत्र के महा दलित से मिलकर उनकी जन समस्याओं को सुना एवं इसके समाधान को लेकर प्रयास का आश्वासन दिया। इसके अलावा भाजपा की जनकल्याणकारी एवं गरीबों पिछड़ों की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए आगे भी विकास के मुद्दे पर संगठित होकर भाजपा के पक्ष में आगामी मतदान करने का अपील किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान नगर महामंत्री मुन्ना साह, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप दास,लोधी पासवान, परमेश्वर हरिजन व अन्य कार्यकर्ता गण काफी संख्या में उपस्थित थे। सभी ने केंद्र सरकार के महादलित के लिए किए गए प्रयासों की जानकारी टोले के लोगों को विस्तार पूर्वक दी।

रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट विश्वास का पर्व

कुशेश्वरस्थान, दरभंगा। बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य नारायण पासवान उर्फ सूरज सक्सेना ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) शिक्षा विभाग पटना द्वारा रक्षाबंधन के दिन 31 अगस्त को पूर्व घोषित छुट्टी को रद्द कर उक्त तिथि को सभी विद्यालय को खोल कर शैक्षणिक कार्य करने के विभागीय निर्देश को तुगलकी फरमान करार दिया है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट विश्वास का पर्व है।इस पर्व को शिक्षक, शिक्षिका,छात्र एवं छात्राएं हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने का वर्षों से परम्परा चली आ रही है। दूर दराज में रहने वाले भाई बहन अपने सुविधा अनुसार राखी बांधते हैं या बंधवाते हैं। ऐसे में उक्त तिथि को विद्यालय में छुट्टी रद्द करना भाई बहन के प्रचलित संस्कृति एवं रीति रिवाज को समाप्त करने के साथ साथ बाल अधिकारों का हनन करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि बिहार को छोड़कर अन्य सभी राज्यों रक्षाबंधन की छुट्टी है। लेकिन बिहार में रक्षाबंधन की छुट्टी रद्द कर दिया गया है। जबकि उक्त तिथि को बिहार में शिक्षा विभाग के सभी कार्यालय बंद रहेंगे। श्री पासवान ने कहा कि वर्ष 2023 के अवकाश तालिका में विद्यालयों की स्वीकृति छुट्टियां शिक्षा विभाग गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नाम पर आरटीई के तहत रद्द करने का निर्देश जारी कर दिया है। उसे रद्द करने की मांग शिक्षक संघ ने किया है।

पुण्यतिथि स्व0 श्रीकांत लाभ की पुण्यतिथि, विभिन्न स्थानों के डीलर रहे मौजूद

छातापुर में मनाई गई फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री

छातापुर।सुपौल। छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित ललितेश्वर पांडेय भवन परिसर में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन द्वारा स्व० श्रीकांत लाभ की 7 वी पुण्यतिथि बुधवार को मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता करने सुपौल जिलाध्यक्ष सिया लाल यादव पहुंचने वालें थे लेकिन वे जिला मुख्यालय में भी समारोह आयोजित होने के कारण समारोह मे शामिल नही हो सके। जिसको लेकर समारोह की अध्यक्षता छातापुर डीलर संघ के अध्यक्ष गणेश झा ने की। जबकि समारोह का संचालन डीलर संघ छातापुर के सचिव ललितेश्वर पांडेय ने की। समारोह में फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री दिवंगत श्रीकांत लाल जिला कटिहार की पुण्यतिथि

समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह का आगाज श्रीकांत लाल के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके साथ ही दिवंगत आत्मा की शांति हेतू एक मिनट का मौन धारण डीलर संघ के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। जबकि कार्यक्रम के दौरान पूर्व महामंत्री दिवंगत श्रीकांत लाल के जीवनी पर विभिन्न पंचायतों के जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं द्वारा विस्तृत रूप से चर्चा की गई। डीलर संघ छातापुर के अध्यक्ष गणेश झा ने कहा की फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री दिवंगत श्रीकांत लाल द्वारा संघ के माध्यम से आवाज बुलंद कर सरकार से कई तरह की सुविधाएं डीलरों को प्रदान करवानें का कार्य किया। उनके कथनी और करनी को दोहराते हुए श्री झा ने कहा की डीलर संघ को दिवंगत श्रीकांत लाल से प्रेरणा लेकर आगे का कार्य करने की जरूरत है। ताकि सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को समय समय पर वाजिब हक मिलता रहे। जबकि डीलर संघ छातापुर के सचिव ललितेश्वर पांडेय ने कहा की दिवंगत श्रीकांत लाल हम लोगों के लिए आदर्श है। जिनके बताए मार्गों पर चलकर हम सभी को आगे बढ़ना है। इसके साथ ही उन्होंने फेयर प्राईस डीलर्स एसोसिएशन जिंदाबाद का नारा भी लगाया। मौके पर अनिरुद्ध कुमार सिंह, मो. कलाम, मोहिउररहर्मान, कमल किशोर सिंह, रामेश्वर सरदार, हेमलाता कुमारी, नागेश्वर सादा, रघुनंदन मेहता आदि थे।

मुखिया सिंह के धरना में जाप कार्यकर्ता भी शामिल हुए

केंद्र व राज्य सरकार पंचायती राज को कमजोर कर रही हैः डॉ मुना खान

मधुबनी संवाददाता। जन अधिकार पार्टी लोक तांत्रिक के प्रदेश कार्यालय से जारी पत्रः पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के अपील पर JAP/664/23 के निर्देशानुसार एवं बिहार मुखिया सिंह द्वारा .मंगलवार को पूरे राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर आयोजित धरना और प्रदर्शन के आलोक में दरभंगा जिला जन अधिकार पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुखिया सिंह से धरना में भाग लेने और इसे पूरा करने की अपील की थी. मुखिया सिंह को पूरे बिहार के जिला अध्यक्षों का समर्थन मिला. इसी निर्देश के आलोक में जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. अब्दुल सलाम खान उर्फ माना खान के नेतृत्व में दरभंगा जिले के सैकड़ों जाप कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और मुखिया सिंह के धरने को सफल बनाया. .जिले के मुखिया सिंह से भी लिखित में पूरा सहयोग देने का अनुरोध किया गया है, जबकि कार्यक्रम में डॉ. माना खान ने कहा कि मुखिया सिंह का समर्थन करेंगे. मुखिया सिंह जनहित आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे. सरकार की सभी मांगों को सड़क से सदन तक पहुंचाया

जायेगा. अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी को उस समय हायाघाट प्रखंड अध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष सनाउल्लाह खान को सौंपा गया. उनके साथ पूर्व मुखिया मणिकांत यादव, मुहम्मद काशिफ इकबाल, इस्माइल अख्तर, रोशन झा, पिंटो खान व अन्य भी मौजूद थे.

ख़ास ख़बर

कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने नए थाने के किए भूमि पूजन

कैमूर। जिले के अधौरा प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित क्षेत्र लोहारा थाना से लगभग 10 किलोमीटर दूरी पर पुलिस अधीक्षक कैमूर ललित मोहन शर्मा के कर कमल द्वारा सारोदागऔर आथन् में पुलिस स्टेशन हेतु दोनों जगह पर भूमि पूजन का कार्य किया गया। लोहरा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम ने बताया कि भूमि पूजन के अवसर पर जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित रहे।

श्रमिकों को बीमा करवाने को दिया निर्देश

हसनपुरा(सिवान)। प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को पीओ अरविंद दास, डीपीआरओ शालू कुमारी व जिले से पहुंचे श्रम परिवर्तन पदाधिकारी मुरारी सिंह के संयुक्त नेतृत्व में सभी पीआरएस की बैठक की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि सभी आप सभी पंचायत के वार्ड के महादलित टोले में जाकर सभी श्रमिकों का जॉब कार्ड (ई श्रम कार्ड धारियों) को बीमा कराएं। वहीं अन्य जातियों को भी जॉब कार्डधारियों को भी बीमा बनवाने को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पीआरएस, पंकज कुमार, राजमंगल मांझी, रौशन कुमार, महर्षि प्रवीण, दिनेश कुमार, नीरज कुमार, दीपक कुमार ऑपरेटर, नीरज कुमार ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

तीज, जिउतिया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गुरु नानक जयंती जैसे त्योहारों की छुट्टियां रद्द

रघुनाथपुर, सीवान। बिहार में सरकारी स्कूलों में छुट्टी को लेकर शिक्षा विभाग ने एक नया आदेश जारी किया है जिसमें सितंबर से लेकर दिसंबर के बीच सरकारी स्कूलों में छुट्टियों की संख्या 23 से घटाकर 11 कर दी गई है। जारी छुट्टियों की नई सूची के अनुसार हरितालिका तीज व्रत, जीवित्पुत्रिका व्रत, विश्वकर्मा पूजा, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, गुरु नानक जयंती जैसे कई महत्वपूर्ण त्योहारों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है तो वही दशहरा में रविवार छोड़ दिया जाए तो मात्र दो दिन तथा छठ पूजा में रविवार छोड़कर मात्र एक दिन की छुट्टी का आदेश जारी हुआ है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य प्रतिनिधि उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आजाद देश में बिहार के शिक्षकों के साथ गुलामो जैसा व्यवहार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के इस आदेश से उनका तानाशाही रवैया देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आरक्षण देते हुए सरकार ने शिक्षक के पद पर बहाल किया। लेकिन आज उसका कोई औचित्य नहीं रह गया है। महिलाओं का त्योहार जीवित्पुत्रिका व्रत की छुट्टी रद्द कर दी गई, हरितालिका तीज व्रत की छुट्टी रद्द कर दी गई, आस्था का महापर्व छठ व्रत जो की चार दिनों का होता है उसको भी रविवार छोड़कर सोमवार को एक दिन का कर दिया गया है। यह तीनों व्रत महिलाओं का मुख्य व्रत होता है और इसमें महिला शिक्षकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि छुट्टी के लिए जो अवकाश तालिका बनती है वह सरकार व शिक्षक संघ के आपसी विचार विमर्श के उपरांत ही निर्णय लिया जाता है। सरकार के द्वारा जारी छुट्टियों को घटाना या बढ़ाना अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र से बाहर होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए की विभाग का कोई भी अधिकारी अपने तानाशाही रवैया के कारण छुट्टी को बदल सके। उन्होंने कहा कि विशेष परिस्थिति में सरकार छुट्टियों में संशोधन करने का निर्णय ले सकती है। उपेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि इसमें शिक्षक संघो की भी कहीं ना कहीं कमी है कि जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक संघ के बहुत से ऐसे पदाधिकारी हैं जो सेवा निवृत हो चुके हैं सेवानिवृत होने के साथ-साथ उन लोगों की बुद्धि भी सेवानिवृत हो चुकी है जिसके कारण आज शिक्षकों की ऐसी स्थिति हुई है। ऐसे लोगों को हटाकर नए लोगों को मौका देना चाहिए। जब नए लोग प्रतिनिधित्व करेंगे तो नया उमंग और नया उत्साह व नई सोच होगी। जिसके बाद ऐसी स्थिति आने की संभावना ही नहीं होगी।

मंदार पर मॉक ड्रिलः दुर्घटना के मॉक ड्रिल में जाना ,दुर्घटना के दौरान कैसे अपनाएं सुरक्षित उपाय

संवाददाता अमित कुमार शर्मा बौसी बांका। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद एनडीआरएफ की बिहटा के 21 सदस्यीय बटालियन द्वारा मंदार में दो दिवसीयमॉक ड्रिल एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्थानीय कर्मचारी सहित रोपवे के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया ताकि रोप वे के संचालन के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से आसानी से सामना किया जा सके। प्रशिक्षण के द्वितीय दिन एनडीआरएफ बटालियन के डिप्टी कमांडेंट जेपी प्रसाद के नेतृत्व में दुर्घटना के बाद बचाव एवं प्राथमिक उपचार के सुरक्षित तौर तरीकों की जानकारी दी गई इस दौरान बताया गया कि दुर्घटना के बाद कैसे घायल लोगों को उपचार के लिए पहुंचाया जाता है या प्राथमिक उपचार के लिए क्या-क्या जरूरी उपाय अपनाए जाते हैं। मॉक ड्रिल के द्वारा दुर्घटना का रिहर्सल किया गया इस दौरान सुरक्षित उपायों को अपनाकर लोगों को इसकी जानकारी दी गई। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं डिप्टी कमांडेंट जेपी प्रसाद, रोपवे प्रबंधक मुकेश कुमार, जिला आपदा पदाधिकारी शालिग्राम शाह, डिजास्टर मैनेजमेंट के अनंत कुमार, आर पी एल इंजीनियर सोनू कुमार, सहित एनडीआरएफ बिहटा के 21 सदस्य टीम मौजूद थे।

19 सूत्री मांग को लेकर जिला मुख्यालय पर मुखिया संघ के द्वारा दिया गया धरना

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भभुआं (कैमूर)। समाहरणालय परिसर में 19 सुत्रीय मांगों को लेकर मुखिया संघ के द्वारा किया गया एकदिवसीय धरना। बिहार प्रदेश मुखिया संघ के आवाहन पर कैमूर जिले के जिला मुख्यालय पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ पिंटू के नेतृत्व में, जिला मुख्यालय पर प्रत्येक प्रखंड के मुखिया के द्वारा 29 अगस्त को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। वही इस मौके पर कैमूर जिले के मुखिया संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ पिंटू के द्वारा बताया गया, कि प्रदेश मुखिया संघ के आवाहन पर जिले के सभी प्रखंड के मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के लिए उपस्थित है। उन्होंने कहां की बिहार सरकार एवं भारत सरकार द्वारा ग्राम पंचायत के अधिकारों की कटौती के खिलाफ दिनांक 16/08/2023 से 31/08/2023 तक राज्य के सभी मुखिया प्रथम चरण राज्यव्यापी हड़ताल पर हैं। जिसमें सरकारी कार्यों का बहिष्कार भी किया जा रहा है जिसके क्रम में आज दिनांक 29/08/2023/को जिला मुख्यालय कैमूर पर मुखिया संघ कैमूर के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ((पिंटू) के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया।धरना के माध्यम से मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष एवं जिला संघ के अन्य सदस्यों द्वारा जिला पदाधिकारी कैमूर को 19 सुत्रीय ज्ञापन दिया गया। मांगों में मुख्य रुप 73 वें पंचायती राज संशोधन के तहत 29 विभागों में प्रदत अधिकारों को पुर्ण रुपेण लागू करने, ग्राम पंचायत के पंद्रहवीं वित्त एवं षष्टम वित्त के निधी को अन्यत्र कटौती न करने, ग्राम सभा को पुर्णतः अधिकार देने, प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड एवं पेंशन को लाभुक तक पहुंचाने में ग्राम पंचायत की सहभागिता सुनिश्चित करने, पंचायत सरकार भवन का निर्माण अयोग्य एजेंसी को न देकर पंचायत को देना, मुखिया गण को शस्त्र लाइसेंस देना, त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों का भत्ता सम्मानजनक देना तथा कूल 19 सुत्रीय मांग की गई। धरना में सासाराम कैमूर के एम एल सी संतोष कुमार सिंह ने अपने भाषण में मुखिया संघ को सड़क से सदन तक हर आंदोलन में साथ देने की घोषणा की। धरना का संचालन नुआंव प्रखंड के मुखिया संघ अध्यक्ष जय प्रकाश राय ने की तथा अध्यक्षता मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने की। मुख्य वक्ता के रूप से मुखिया मांधाता तिवारी, रणजीत सिंह अमरेंद्र पाण्डेय, श्रवण पटेल , श्रीकांत पासवान,रेशाद खान,वीरबहादुर सिंह, प्रदीप कुमार इत्यादि ने अपनी मांगों को सरकार से मानने की अपील की। जिलाध्यक्ष द्वारा ये कहा गया कि अगर सरकार हमारी मांगे नहीं मानती है तो प्रदेश संघ के निर्णय के अनुसार संघ चरणबद्ध आंदोलन में पुर्ण रूप से सड़क से सदन तक साथ देगा। धरना में जिले के सैकड़ों मुखिया तथा वार्ड सदस्य और आम जनता उपस्थित थी।

घरेलू गैस सिलिंडर पर दो सौ रुपया कम करना भाजपा की जादूगरी : सुशील गुप्ता

हसनपुरा (सीवान)। केंद्र सरकार के द्वारा सिलिंडर की कीमत मात्र दो सौ रुपए कम करने पर जदयू जिला सचिव सुशील गुप्ता ने मोदी सरकार पर हमला बोला है। जदयू जिला सचिव श्री गुप्ता ने कहा है

कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब 2014 में लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे तो गैस सिलिंडर की कीमत 414 रुपये प्रति सिलिंडर था। जो अब लगभग साढ़े बारह सौ रुपये प्रति सिलिंडर पहुंच चुका है। ऐसे में सरकार ने करीब साढ़े नौ साल सिलिंडर के दाम बढ़ाए और अब मात्र 200 रुपया कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा के हाथ की जादूगरी है। यदि आंकड़ें देखें तो 200 रुपया प्रति सिलिंडर दाम करने के बाद भी अभी सिलिंडर करीब आठ सौ रुपये से अधिक उपभोक्ताओं पड़ेगा। यह पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल की अपेक्षा 600 रुपया अधिक है।

जदयू नेता के भतीजा और माले नेता के बेटे की हत्या का शूटर गिरफ्तार

भभुआ कैमुर, शुभ भास्कर। टाउन थाने की पुलिस द्वारा भोजपुर के टॉप टेन अपराधियों में शामिल शूटर विक्की यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसे मंगलवार को भभुआ (कैमूर) कोर्ट परिसर के बाहर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी विक्की यादव टाउन थाने के शीतल टोला निवासी ललन यादव उर्फ सुरेश यादव का पुत्र है। वह जदयू नेता भीम पटेल के भतीजे आकाश पटेल और माले गोपाल प्रसाद के पुत्र विजय कुमार की हत्या का मुख्य शूटर था।दोनों मामलों में वह वांटेड था। पुलिस को इसकी काफी दिनों से तलाश थी। एसपी प्रमोद कुमार यादव बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि पिछले साल 12 नवंबर की शाम को शीतल टोला निवासी अमरजीत पटेल और उनके पुत्र आकाश पटेल अपने आटा चक्की पर काम कर रहे थे। तभी अपराधियों द्वारा दोनों पिता-पुत्र को गोली मार दी गयी थी। उसमें आकाश पटेल की मौत हो गयी थी। उस मामले में छह नामजद सहित अन्य अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद पुलिस द्वारा कुछ अपराधियों को गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि विक्की यादव सहित अन्य अपराधी फरार चल रहे थे। उनकी गिरफ्तारी को ले एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। जिसके बाद टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इस बीच मंगलवार को विक्की यादव के भभुआ (कैमूर) कोर्ट परिसर के समीप होने की सूचना मिली। उस आधार पर थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा उसे भभुआ कोर्ट परिसर के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने बताया कि विक्की यादव सितंबर 2021 में माले नेता गोपाल प्रसाद के पुत्र विजय कुमार की हत्या में भी फरार था।

महज 6 घंटे के अंदर दीपक अपहरण, हत्या कांड का उद्भेदन

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा। दिनांक-29.08.23 को संध्या 05:00बजे वादी रामसागर पासवान पे0-स्व० विदेशी पासवान सा0-ललियाही थाना-सहायक जिला-कटिहार ने थाना आकर एक आवेदन दिया जिसके आधार पर 'नगर(सहायक) थाना कांड सं0-640/23 दिनांक-29.08.23 धारा-364/34 भा०द०वि0 विरूद्ध अभियुक्त 01.बंटी कुमार सिंह उम्र-25वर्ष पे0-अभय सिंह सा० ललियाही थाना-सहायक जिला-कटिहार और तीन अज्ञात के अंकित किया गया था। उक्त अंकित कांड में वादी के द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपने पुत्र दीपक कुमार पासवान उम्र-22वर्ष का हत्या के उद्देश्य से अपहरण करने का आरोप लगाया।उक्त कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय कटिहार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय सदर के नेतृत्व में अपहृत दीपक कुमार पासवान की वरामदगी एवं प्राथमिकी नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया|छापामारी टीम के द्वारा घंटनास्थल के आसपास एवं अपहरण कर ले जाने वाली संदिग्ध दिशा में लगे सी0सी0टी0भी0 कैमरा का अवलोकन एवं तकनीकी सर्विलांस के मदद से कांड के प्राथमिकी नामजद मुख्य अभियुक्त बंटी कुमार सिंह उम्र-25वर्ष पे0-अभय सिंह सा0 ललियाही थाना-सहायक जिला-कटिहार को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त बंटी कुमार सिंह से गहन पूछताछ किया गया तो उन्होंने इस कांड में ना केवल प्रा अभियुक्त संजीत पासवान के साथ अपने अपराध को स्वीकार किया बल्कि इस कांड में अपहृत दीपक कुमार पासवान उम्र-22वर्ष रामसागर पासवान सा0-ललियाही थाना-सहायक जिला-कटिहार की हत्या कर शव को रानीघाट स्थित बहियार में छुपाने की बात को स्वीकार किया।पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार बंटी सिंह ने घटना का कारण बताया कि ये संजीत पासवान, अरमान सेख एवं मृतक दीपक पासवान चारो आपस मे दोस्त हैं और कई अपराधिक वारदातों को इनलोगो ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया है। वर्ष 2021 के दिसम्बर महिने में सहायक थानांतर्गत टाईगर मोबाईल का इनलौगो के द्वारा हथियार छिन लिया. गया. था. जिसमें सहायक थाना. कांड. सं0-699/21. दिनांक-06.12.21 धारा-394 /307/353 /337/ 338/332 /34 भाण्द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट मृतक दीपक पासवान सहित अन्य अपराधकर्मियों के विरूद्ध अंकित किया गया था। इन्होने बताया कि पिछले साल अरमान सेख और दीपक पासवान के, द्वारा पूर्णियां में तीन लाख रूपये की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था जिसमें पैसा पचाने के उद्देश्य से दीपक पासवान ने अरमान शेख का दुर्घटना करवा दिया था। अरमान शेख संजीव पासवान और बंटी सिंह दोना का साथी था। इसी घटना से आकोशित होकर बंटी सिंह एवं संजीत पासवान ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया। घटना के दिन संजीत्त पासवान रानीघाट बॉध पर बैठा हुआ था बंटी सिंह ललियाही चौक से मृतक दीपक पासवान को अपने साथ लेकर गया वहाँ पर संजीत पासवान और बंटी कुमार सिंह दोनो ने दीपक पासवान को विश्वास में लेकर बॉध के नीचे ले जाकर पहले साथ में ही बैठाकर शराब पिलाया।

दुनिया के सबसे पवित्र रिश्ते का नाम है रक्षाबंधन

दुर्गावती कैमुर, शुभ भास्कर। निर्विवाद रूप से यही एक ऐसा रिश्ता है, जिसकी बुनियाद स्वार्थ पर नहीं टिकी होती है। कोई बहन अपने भाई का कभी अहित नहीं चाहती है और न ही कोई भाई कभी अपनी बहन को असुरक्षित देख सकता है। एक आदर्श भाई के रूप में मैं योगेश्वर श्री कृष्णा का नाम लेना चाहूँगा। पांचाली के पाँचों पति चीर हरण के समय सिर झुका के बैठे थे। पूरी हस्तिनापुर मौन थी। लेकिन भाई के रूप में श्री कृष्णा ने लज्जा बचाई थी, आज वर्तमान में भगवान श्री कृष्ण से सीखने की आवश्यकता है। इस सूत्र को समझिए,भारत भूमि पर यदि किसी भी बेटी बहन के साथ अन्य अत्याचार हो रहा है और आप वहां मौन हैं। तो आप कृष्ण की भूमिका में नहीं हैं, आप भीष्म और धृतराष्ट्र व कर्ण की भूमिका में है और अंत समय में भीष्म, कर्ण और धृतराष्ट्र का क्या हश्र हुआ था ? यह हमसे आपसे छुपा नहीं है। तो जो हमारी पौराणिक कथाएं हैं, उनके संदेश को जब तक आप आत्मसात नहीं करेंगे, जब तक उन तथ्यों को उन विचारों को जीवन में जीना नहीं सीखेंगे, तब तक आपको राम और कृष्ण का वंशज खुद को कहना खोखला दावा होगा।इसलिए इस राखी पर यह संकल्प लें कि देश की किसी भी बेटी बहन के साथ अगर अत्याचार हो रहा हो, तो वहां कृष्ण की भूमिका में रहें धृतराष्ट्र, भीष्म और कर्ण की भूमिका में नही।

आगामी पर्व चेहल्लुम व महाबीरी झंडा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हसनपुरा/ सीवान। एमएच नगर थाना परिसर में बुधवार की शाम करीब 4 बजे आगामी पर्व चेहल्लुम एवं महाबीरी झंडा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश्वर राम व अंचलाधिकारी प्रभात कुमार के संयुक्त अध्यक्षता में तथा थाने के पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार सिन्हा की उपस्थिति में किया गया। जहां इस बैठक में प्रखंड, नगर व थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान बीडीओ श्री राम ने उपस्थित लोगों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी चेहल्लुम व महाबीरी झंडा के दौरान अश्लील गाना, डीजे व आर्केस्ट्रा पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आप सभी शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ पर्व मनाए। वही सीओ श्री कुमार ने शांति समिति के सदस्यों से निर्धारित रूट को पुनः सत्यापित करने व निर्धारित समय पर अपना जुलूस निकालने, अफवाह नही फैलाने तथा इस पर ध्यान नही देने व फैलने से रोकने की अपील की। मौके पर मुखिया मुर्शिद खान, प्रमुख प्रतिनिधि नोमान अहमद उर्फ कक्कू, डॉ सुनील कुमार, उप चेयरमैन प्रतिनिधि तबरेज आलम उर्फ सोनू, कुणाल शर्मा, रिजवान खान उर्फ भुट्टू खान, पिंटू खान, नंदजी श्रीवास्तव, अमरजीत दास सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद जिला शाखा कटिहार के तत्वावधान में रक्षाबंधन के शुभ

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा। कार्यकर्ताओं के द्वारा बिना हेलमेट वाहन चालकों को रोक कर उन्हें तिलक लगाकर राखी बांधा गया एवं उन सबों को सुरक्षा की दृष्टिकोन से यातायात नियमों का पालन करने एवं हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर यातायात पुलिस उपाधीक्षक एवं यातायात प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक दिनेश कुमार अपने यातायात दल के साथ मौके पर मौजूद थे। वाहन चालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद के द्वारा यह कार्यक्रम को देखने हेतु सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे एवं इस जागरूकता अभियान को लेकर आम लोगों ने परिषद के प्रशंसा करते देखे गए। मौके पर उपस्थित यातायात पुलिस उपाधीक्षक ने प्रेस को बताया कि कटिहार यातायात पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से वाहन चलाने की अपील की जा रही है। मोटरसाइकिल चालकों से हेलमेट लगाने एवं चार पहिया वाहन चलाने को सीट बेल्ट लगाने का बार-बार संदेश दिया जा रहा है । पुलिस के द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का असर अब दिखने लगा है । फिर भी वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए अभी बहुत कार्य करने होंगे। वहीं एससी एसटी विकास परिषद की जिला अध्यक्ष पूर्णिमा कुमारी ने कहा कि आज रक्षाबंधन के दिन परिषद की बहनों के द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय सहित चौक पर राखी बांधकर वाहन चालकों को सुरक्षा का ध्यान रखते हुए यातायात नियमों का पालन करने एवं मोटरसाइकिल चलाते वक्त हेलमेट तथा चार पहिया वाहन में सवारी करते वक्त सीट बेल्ट आवश्यक रूप से उपयोग करने का संदेश दिया। उन्होंने आगे बताया कि असुरक्षित वाहन चलाने से आए दिन सड़क दुर्घटना की छोटी बड़ी खबरें आती रहती है तथा सड़क दुर्घटना में कितनों की जान भी चली जाती है । इसलिए आज रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर परिषद के द्वारा वाहन चालकों में जागरूकता फैलाने हेतु यह कार्यक्रम रखा गया था एवं आगे भी परिषद के द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

संदेश राखी को देश की सबसे बाड़ी राखी के रूप में देखा जा सकता हैं

चंद्रयान-1 के तर्ज पर राखी को कैमूर डीएम ने पीपल के पेड में बांध दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआ (कैमूर)। भभुआं रक्षाबंधन के अवसर पर कलाकृति मंच के संस्थापक व राष्ट्रीय कला मंच प्रांत संयोजक बिहार अमरीश के द्वारा 32 स्क्वायर फीट में राखी बनाया गया है। जो देश कि सबसे बाड़ी राखी के रूप में देखा जा सकता हैं। इस राखी को जिला पदाधिकारी सावन कुमार द्वारा पीपल के पेड़ में बांधकर पर्यावरण का संदेश दिया गया। इस मौके पर जिला पदाधिकारी धिकारी द्वारा जिला वासियों से अपील किया गया, कि हर रक्षाबंधन के त्योहार पर हर एक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।जिस तरह से रक्षाबंधन त्योहार पर बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी और स्वस्थ आयु की कामना करती है। इसी तरह हर व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसे अपने परिवार के सदस्य जैसा देख रेख करना चाहिए। इस संबंध में कलाकृति मंच के संस्थापक व राष्ट्रीय कला मंच प्रांत संयोजक बिहार अमरीश के द्वारा जानकारी दिया गया की नारियल रस्सी, रक्षा सूत्र, धान की भूसी, चावल, गेहूं, बास का डलिया तथा नेचुरल रंगों का प्रयोग कर चंद्रयान-3 के तर्ज पर राखी का निर्माण किए हैं। राखी को 6.4 बाई 5 फिट में बनाते हुए एक तरफ चन्द्रयान 3 का मॉडल बनाया हैं। तो वही दूसरी तरफ चंद्रयान-3 विक्रम लैंडर को बनायें है। तथा बीच में स्वस्तिक को दर्शाया गया हैं। इस दौरान सहयोगी मुकेश पाल का सराहनीय योगदान रहा। गौरतलब है कि उक्त राखी को कैमूर जिले के भभुआ शहर स्थित वन विभाग के सामने विशाल पीपल के वृक्ष में जिलाधिकारी सावन कुमार के हाथों से बंधवाया गया। और चंद्रयान- 3 की सफलता की खुशी भी जाहिर किया गया। उक्त अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला संयोजक आलोक श्रीवास्तव, अभय द्विवेदी, चंदन तिवारी, राकेश पांडे, ओ पी गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बिरजू पटेल, इत्यादि उपस्थित रहे।

भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ ने एक दिवसीय धरना देकर मुख्य सचिव को मांग पत्र दिया

पटना 29 अगस्त अशोक वर्मा। बिहार में बढ़ते अपराध, पत्रकार हत्या एवं हिंसा के खिलाफ भारती श्रमजीवी पत्रकार राज्य इकाई की ओर से एक दिवसीय धरना दिया गया। धरना का नेतृत्व प्रदेश संयोजक सागर सूरज ने किया ।धरना में भाग लेने वालों में मुख्य रूप से भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव शहनवाज हुसैन एवं पटना दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर एवं अन्य मीडिया ग्रुप के पत्रकारों के अलावा पूर्वी चंपारण पश्चिमी चंपारण जिले के पत्रकार शामिल हुए मोतिहारी से 40 सदस्यीय पत्रकारों की टीम गई थी जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकार थे। पूर्वी चंपारण टीम को मोतिहारी मे हरी झंडी दिखाकर वरिष्ठ अधिवक्ता पप्पू दुबे ,डॉक्टर हेना चंद्रा ने रवाना किया। धरना पर बैठे हुए पत्रकारों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बिहार में प्रतिदिन बढ रहे अपराध एवं पत्रकार हत्या का जमकर विरोध किया। उन्होंने यहभी कहा कि बिहार अभी खतरनाक दौर से गुजर रहा है, अगर समय रहते इसे कंट्रोल नहीं किया गया तो स्थिति और भयानक होगी तथा कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं रहेगा ।पत्रकार अपने धर्म का पालन करता है, लेकिन जो लोग भी व्यवस्था के खिलाफ कलम चला रहे है उन्हें डराने की साजिश की जा रही है। हर दौर में पत्रकार का दमन उत्पीड़न हुआ है लेकिन अभी दमन उत्पीड़न का चरम दौर चल रहा है। दमन से पत्रकार और तेज कलम चलायेगे और हीं मुखर होकर व्यवस्था के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। वक्ताओं ने मीडिया खाशकर डिजिटल मीडिया के पत्रकारों को परेशान किए जाने, जेल में बंद करने जैसी साजिश का भी विरोध किया। मनिष कश्यप के साथ जो हो रहा है,वह काफी घातक है। कहा कि एक मनिष कश्यप को गिरफ्तार किया गया है लेकिन उनकी गिरफ्तारी के बाद आज बिहार में सैकडो मनीष कश्यप पैदा हो गए हैं । राष्ट्रीय महासचिव ने पत्रकारों को प्रेस काउंसिल आफ इंडिया से मिले निर्देश और मानदंड का का पालन करने को कहा ।बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार से वक्ताओं ने पत्रकार सुरक्षा की मांग की तथा पत्रकार पेंशन , कार्ड ,पत्रकार सुरक्षा, रेलवे टिकट में रियायत के अलावा बिहार भर के उन पत्रकारों के जिनको गलत मूकदमो में फंसाया गया है उसकी जांच अलग से टीम बनाकर की जाए और कलम चलाने वाले पत्रकारों के उपर से गलत मूकदमो को उठाया जाय। धरना समाप्ति के बाद पांच सदस्यीय डेलीगेट बिहार सरकार के मुख्य सचिव से मिलकर उन्हें ज्ञापन दिया। डेलिगेटों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव, शहनवाज हुसैन,प्रदेश संयोजक सागर सुरज एवं जिला उपाध्यक्ष पूर्वी चंपारण अशोक के अलावा अन्य दो पत्रकार शामिल थे।

ख़ास ख़बर

जंगली हाथियों के उत्पात मचाने से बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के आमजनों में खौफ का माहौल

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी, बरखट्ठा। हजारीबाग बरकट्ठा विधानसभा चुनाव क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्रों में बीते लगभग एक माह से जंगली हाथियों के उत्पात मचाने से आमजनों को जीवन जीना मुहाल हो गया है.बीते रात्रि बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र करमटांड पंचायत डाढा प्रखंड ईचाक के गीता देवी पति स्वः- महाबीर तुरी को हाथियों के द्वारा घर पर तोडफ़ोड़ व हमला करने के पश्चात हाथियों के हमले में महिला का कमर टुट गया।जिसका ईलाज सदर अस्पताल हजारीबाग में किया जा रहा है।वहीं बासुदेव तुरी पिता स्वः-सोमर तुरी के पक्का मकान का दरवाजा तोडते हुए.घर में रखें चावल व आटा चट कर गए।सबसे तो आश्चर्य की बात यह है कि दिलीप तुरी पिता स्वः-योगेंद्र तुरी के घर खिडक़ी तोडकर सामने रखें ड्राम में चावल व नगद नौ हजार रुपये चट कर गये।वहीं गिरजा तुरी पति सुखदेव तुरी के यहां हाथियों ने कच्चा मकान को तोड़ डाला एवं घर में रखें अनाज व सब्जियों को चट कर गए।वहीं जीतन तुरी के घर का दिवार तोड़कर नुकसान पहुंचाया गया एवं खेतों में लगें मक्का के फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया गया है।हाथियों के भय से ग्रामीण सरकारी विधालयों के छतों पर अपना आश्रय लिए हुए हैं।जंगली हाथियों के द्वारा नुकसान का जायजा लेने पहुंचे बरकट्ठा दक्षिणी क्षेत्र के जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय नें आमजनों के नुकसान को देखते हुए अपने निजी कोष से चावल,आलू,तेल देकर मदद किया।समाचार लिखें जाने तक हाथियों के झुंड पचरुखी तिलैया जंगल में अपना डेरा जमाए हुए है।

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना मिश्रा के नेतृत्व में रक्षा सूत्र बांधने का अनोखा मुहिम चलाया गया, सर्वत्र प्रशंसा

मोतिहारी,अशोक वर्मा। पूर्वी चंपारण जिला महिला मोर्चा, मोतिहारी की बहनों ने नगर में सभी के लोगों को रक्षा सूत्र बांधने का अनोखा अभियान चलाया । जिला अध्यक्ष मीना मिश्रा के नेतृत्व में बहनो ने नगर के विभिन्न चौक चौराहो पर जाकर रिक्शा ,ठेला, टेंपो चालकों के कलाई पर रक्षा सूत्र बांधी। बहनो ने सड़क के किनारे लगने वाले दुकानों एवं अन्य जगहों पर जाकर सभी की कलाई पर राखी बांधकर उनके मंगल में जीवन की कामना की ।बहनो के अंदर आत्मिक प्रेम एवं मधुरता देख सभी भाव विहवल हुए ।और कई भाइयों ने बहनो के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। बहनों ने फल और सब्जी विक्रेताओं के भी कलाई पर भी रक्षा सूत्र बांधा। भाजपा महिला सेल के इस अनोखे कार्यक्रम की सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

किशनगंज सर्किट हाउस में जिला जदयू कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई

दैनिक शुभ भाष्कर, अजमल अख्तर। किशनगंज-सर्किट हाउस किशनगंज में जिला जदयू कार्यकारणी की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें 01 सितम्बर से 20 सितम्बर तक भाजपा के विरूद्ध पोल खोल अभियान की सफलता के लिए पार्टी सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यरूप से जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर मुजाहिद आलम जदयू प्रमंडलीय प्रभारी सह पूर्व विधान पार्षद भूमि पाल राय कोचाधामन विधानसभा प्रभारी दीपक कुमार, किशनगंज विधानसभा प्रभारी मोजीबुर रहमान अपनी बातों को रखे। बैठक में वरिष्ठ जदयू नेता पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो० बुलंद अख्तर हाशमी अल्पसंख्या प्रकोष्ठ किशनगंज जिला अध्यक्ष एहेतशाम अंजुम टेढ़ागाछ प्रभारी सह जिला महासचिव डॉ नजीरुल इस्लाम महादलित जिला अध्यक्ष बलराम दास किसान प्रकोस्ट जिला अध्यक्ष नूर इस्लाम नूरी अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष डॉ अमीर मिन्हाज जिला सचिव मुजफ्फर आलम दर्जनों वरिष्ठ जदयू कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

जिला पंचायती राज कार्यालय के उच्च वर्गीय लिपिक विजय कुमार टूटी हुए सेवानिवृत

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। उपायुक्त कार्यालय के जिला पंचायत राज शाखा में बुधवार 30 अगस्त को कार्यालय अधीक्षक विजय कुमार टूटी का सेवानिवृत विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुनिल सिंह ने सेवानिवृत श्री टूटी को विदाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके द्वारा 40 वर्षों के पूरे कार्यकाल में स्वस्थ एवं बेदाग सेवा देकर सेवानिवृत होना एक बड़ी उपलब्धी है। उन्होंने सेवानिवतृ के पश्चात बेहतर भविष्य के लिए पुनः शुभकामनाएं देते हुए समय-समय पर अपने पूर्व कर्मियों, अधिकारियों सहित कार्यालय के सहयोग अथवा सलाह देते रहने की बात कही। इस अवसर पर कार्यालय के अन्य कर्मियों ने भी श्री टूटी को शुभकामनांए देते हुए उनके स्वस्थ्य दीर्घायु जीवन के साथ पारिवारिक जीवन के मंगलमय होने की कमना की। उनके लम्बे सेवाकाल और उनके कार्य सेवा के लिए आभार जताया।

ज़िला स्तरीय माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न, दिये गये कई निर्देश

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय माईनिंग टास्क फोर्स की मासिक बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बालू, पत्थर, कोयला के अवैध खनन एवं व्यापार, परिवहन की रोकथाम सहित टास्क फोर्स की पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के अनुपालन पर गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एनजीटी (माननीय हरित न्यायाधिकरण) के आदेश के आलोक में अवैध बालू खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विभिन्न स्थलों एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्थाई चेक नाका के माध्यम से अवैध परिवहन रोकथाम करने के संदर्भ में अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी से चेकनाका स्थल के अलावा तस्करी के अन्य मार्गों का चिन्हितीकरण कर संयुक्त रूप से सघन जांच का निर्देश दिया। विभिन्न अंचलों अंर्तगत यथा मेरु, झुमरा, बोंगा, नरकी में अवैध रुप से स्थापित क्रशरो के विरुद्ध टास्क फोर्स के सदस्यो को निरंतर कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही ध्वस्त किए जा चुके क्रशरों, बंद खादानो में पुनः खनन माफिया गतिविधि संचालित करने की संभावना के बाबत जानकारी संग्रहित करने, सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया। मौके पर पुलिस कप्तान चोथे मनोज रतन ने भू-माफिया, दलालों एवं फर्जीवाड़ा करने वालों को चिन्हित कर विधि सम्मत कार्रवाई सहित सीसीए तड़ीपार के लिए प्रस्ताव भेजने का निर्देश थाना प्रभारियों को दिया। साथ ही उन्होंने जमीन के संबंध में विवाद एवं फर्जीवाड़ा के क्रम में अपराधिक घटनाओं को कम करने के लिए बिचौलियों का मनोबल तोड़ने के लिए कार्रवाई करने पर बल दिया। साथ वन क्षेत्र में अतिक्रमण व अवैध कब्जा पर वन विभाग, अंचलाधिकारी से समन्वय बनाकर अतिक्रमन मुक्त करने के लिए माफियाओं पर नियंत्रण व कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया।

बैठक में दिये गये कई निर्देशः- मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी एवं मोटर यान निरीक्षक द्वारा खनिजों के पकड़े गए वाहनो पर खनन अधिनियम के तहत दंड अधिरोपण हेतू की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अवैध खनन,परिवहन की रोकथाम हेतु जिले के सभी थाना प्रभारी व संबंधित सीओ को समन्वय बनाकर अवैधकर्ताओ पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही ईचाक में पुनः खनन/क्रशर शुरू करने के मामले पर सजग रहने, डाडी में फायर क्ले चोरी कर उपयोग न हो यह सुनिश्चित करने, ईचाक में बुशर के लिए बिजली चोरी करने के मामले पर एसडीओ को नियमित निरीक्षण करने, फर्जी चलाने का सत्यापन चेक पोस्ट पर करने का निर्देश संबंधितों को दिया गया। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी को हर कार्रवाई के बाद रेफर किये गये वाहनों से जुमार्ना वसूलने, भूमि संबंधी मामलों को संवदेनशीलता के साथ एवं विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की रक्षा करने में सभी अंचलाधिकारियों की महत्वपूण भूमिका है। उन्होंनें सभी अंचलाधिकारियों को अपना कार्य अच्छे तरीके एवं संवेदनशीलता से करने की ताकिद की। साथ ही उन्होंने अनुमण्डल पदाधिकारी को संबंधित अंचलों के साथ समन्वय करते हुए अभियान की समीक्षा एवं नेतृत्व करने का निर्देश दिया

जुलाई माह में की गई टास्क फोर्स की कार्रवाईयांः- मौके पर खनन अधिकारी ने जानकारी दी कि जुलाई माह में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 31 कारवाई करते हुए 81 अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया है। खनन विभाग द्वारा 7 बालू लदे वाहनों वाहनों से 1.20 लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। जबकि परिवहन विभाग द्वारा 14 वाहनों से परिवहन नियमो के उल्लंघन मामले में 2 लाख रुपए, 7 वाहनों पर तिरपाल नहीं ढक कर परिवहन मामले में 14 हजार एवं 7 ओवरलोड वाहनों से 2.15 लाख रूपए का दण्ड की वसूली की गई है। जबकि विभिन्न अंचलों के द्वारा 17 बालू, कोयला आदि खनिज लदे वाहनों मालिक/ड्राइवर के खिलाफ़ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वन विभाग के पश्चिमी वन प्रमंडल द्वारा जुलाई माह में 30 टन एवं 100 बोरा कोयला दो 14 ट्रक जब्त करते हुए 3 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। पूर्वी वन प्रमंडल द्वारा 100 सीएफटी पत्थर जब्त किया गया है। मौके पर उपायुक्त के आलावा एसडीओ सदर विधा भूषण कुमार, प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, एसडीओ बरही पूनम कुजूर, डीएफओ, जिला खनन पदाधिकारी, डीएसपी सदर समेत सभी सीओ एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

सेंट स्टीफन व नमन विद्या स्कूल की छात्राओं ने बीएसएफ मेरू कैंप में सीमा प्रहरियों को रक्षा सूत्र बांध मनाया रक्षाबंधन

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। रक्षाबंधन भारत के प्राचीनतम त्यौहारों में से एक है। गौरतलब है कि श्रावण मास की पुर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन का उत्सव देशभर में मनाया जाता है। भाई-बहन के अटूट व पवित्र प्रेम का प्रतीक, रक्षाबंधन को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विभिन्न क्षेत्रीय मान्यताओं और लोक परम्परा के अनुसार इसके विविध रूप भारत में ही देखने को मिलते है। रक्षा पर्व का सीधा सम्बन्ध भाई द्वारा बहन की रक्षा के प्रण का पुनः स्मरण है। प्रत्येक साल वह अपने दायित्वों को पुनः याद कर उस पर खरा उतरने का प्रयास करता है। इस पर्व को भाई और बहन के रिश्ते की पहचान का प्रतीक माना जाता है। इसी शुभ अवसर पर आज श्री देवी सरन सिंह, का० महानिरीक्षक प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की अगुवाई में मेरू परिसर स्थित प्रशासनिक भवन प्रांगण में इस पर्व को बड़ी धुमधाम से मनाया गया। जिसमें सेंट स्टीफन स्कूल व नमन विद्या स्कूल की छात्राओं ने सीमा सुरक्षा बल मेरू कैंप के वीर जवान सीमा प्रहरीयों को राखी बांधकर भाई बहन के प्यार व देशभक्ति की भावना को मजबूत किया। स्कूली छात्राओं द्वारा देश की सुरक्षा की प्रथम रक्षा पंक्ति में तैनात सीमा सुरक्षा बल के सीमा प्रहरियों की कलाईयों पर राखी बांधकर उनकी दीर्घायु की कामना की व सीमा प्रहरियों ने भी अनैतिक वाहय शक्तियों से राष्ट्र की बहनों की रक्षा करने का वचन दिया। कार्यक्रम को चार चाँद लगाने के लिए सीमा सुरक्षा बल की जॉज व ब्रास बैंड टीम ने विख्यात प्रस्तुति दी एवं ब्रास बैंड धुन व देशभक्ति गीत गाकर सभी का मन मंत्र मुग्ध कर दिया। तदोपरांत सेंट स्टीफन स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार प्रस्तुतिकरण कर तदोपरांत सेंट स्टीफन स्कूल के छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का शानदार प्रस्तुतिकरण कर सभी को हर्षित किया। इस अवसर पर कैंप के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी अन्य कार्मिक, सेंट स्टीफन स्कूल एवं नमन विद्या स्कूल के 150 छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अतं में श्री देवी सरन सिंह, उप महानिरीक्षक (प्रशासन) ने श्री के० एस० बन्याल, महानिरीक्षक की प्रेषित शुभाकामनाएँ एवं संदेश सभी से साझा किया व कहा कि त्यौहार हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते है जोकि हमारी संस्कृति को दर्शाते है। रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर बहनें अपनी भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती है और भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। रक्षाबंधन सिर्फ त्यौहार नही एक स्नेह एवं विश्वास का रिश्ता है, उम्मीद का बंधन है, रक्षा का संकल्प है और प्रेम की डोर है। महोदय ने कहा कि राष्ट्र सुरक्षा की प्रथम पंक्ति एवं अग्रणी प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की बहनों के परम्परागत अटूट स्नेह का जीक्र करते हुए उन्होने सभी बहनों एवं स्कूल के छात्रों का धन्यवाद किया एवं समस्त मेरू परिवार को शुभकामनाएँ दी। अन्त में महोदय ने इस त्यौहार में सम्मलित सेंट स्टीफन व नमन विद्या स्कूल के छात्रों को इस पर्व की शुभकामनाएँ और भेंट देते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा की नई प्रबंधन समिति का एजीएम संपन्न

किशनगंज। (अली रेजा सिद्दिकी)। श्रीकांत शास्त्री,जिलाधिकारी - सह - सभापति इन्डियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा की अध्यक्षता में इण्डियन रेड क्रॉस सोसाइटी किशनगंज के नवनिर्वाचित प्रबंधन समिति का एजीएम समाहरणालय सभाकक्ष में आहूत की गई।सर्वप्रथम डीएम ने सभी सदस्यो का स्वागत किया और उन्हें रेडक्रॉस हित में सत्यनिष्ठा/समर्पण का शपथ दिलवाया। विदित हो कि राज्यपाल सचिवालय ,पटना से प्राप्त दिशा - निर्देश का अनुपालन करते हुए निर्धारित तिथि पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा के मैनेजिंग कमिटी का निर्वाचन पूर्ण हुआ था। यद्यपि एक पार्टी विशेष ने रेडक्रॉस सोसायटी को राजनीतिक बनाने का प्रयास किया तथापि निष्पक्ष रूप से इसके सदस्यों का चुनाव 27 अगस्त को संपन्न हुआ।उसी दिन 25 अभ्यर्थी में अधिकतम मत प्राप्त करने वाले 20 अभ्यर्थी को मैनेजिंग कमिटी के सदस्य के रूप में निर्वाचित कर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। तदालोक में राज्यपाल सचिवालय, पटना के निदेशानुसार नई समिति का एजीएम 30 अगस्त को शांतिपूर्ण ढंग से हो गया।निर्वाची पदाधिकारी श्वेतांक लाल भी बैठक में उपस्थित रहे ताकि 20 सदस्यो के द्वारा अपनी समिति के पदाधिकारियों को चुना जा सके। डीएम-सह-प्रेसिडेंट इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी किशनगंज की अध्यक्षता में आहूत इस एजीएम में नव निर्वाचित 20 प्रबंधन समिति के सदस्य द्वारा समिति का एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और एक कोषाध्यक्ष का चुनाव किया गया। साथ ही कार्यकारिणी समिति का गठन हेतु सदस्य को भी चुना गया। इस प्रकार मैनेजिंग समिति के सदस्य से एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 5 कार्यकारिणी के सदस्य चुने गये। बैठक में सर्वसम्मति से मैनेजिंग कमिटी का अध्यक्ष-डॉ इच्छित भारत, उपाध्यक्ष-शंकर लाल महेश्वरी, कोषाध्यक्ष-नागरमल झावर को चुना गया।

प्रोर्ब्स कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड शाखा कार्यालय का उद्घाटन

मोतिहारी 30 अगस्त अशोक वर्मा। प्रोर्ब्स कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड शाखा कार्यालय का उद्घाटन डॉ० राजेश श्रीवास्तव ने फीता tv काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता। राष्ट्रीय उच्च पथ के बड़े भूभागीय परिसर में खुले कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि वर्तमान दौर में लाभप्रद एवं सुरक्षित निवेश के प्रति लोगों में काफी जागरूकता आई है , वे किसी अच्छी निवेश कंपनी की तलाश में रहते हैं। इस प्रोर्ब्स कैपिटल के खुल जाने से आम निवेशकों को काफी लाभ मिलेगी। डॉ० राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के कार्य पहले पटना, दिल्ली मुंबई में होते रहे हैं लेकिन अब मोतिहारी में सुविधा मिल जाने से आम लोगों को काफी सहूलियत होगी। संस्था के निदेशक अजीत कुमार शाह ने बताया कि एक छत के नीचे यहां सभी प्रकार के , सुरक्षित एवं लाभप्रद वित्तीय निवेश की समाधान परक सलाह दी जाती है। शाखा प्रबंधक सौम्या केसरवानी ने बताया कि निवेश में वरिष्ठ नागरिक एवं महिलाओं को विशेष लाभ की जानकारी दी जाती है ।

टीवीटी अवार्ड 2023 में 4 शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल



किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)। सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा स्वतः प्रेरित होकर निशुल्क ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों में उत्कृष्टता के आधार पर जिला किशनगंज के 4 शिक्षकों का चयन टीबीटी अवाड्र्स 2023 के लिए किया गया है, जिसको लेकर जिला के शिक्षकों में काफी हर्ष है। टीबीटी अवाड्र्स सरकारी विद्यालय के उन शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदान किया जाता है जो साल भर ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण गतिविधियों से जुड़कर सृजनात्मक तरीके से बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य करते हैं। सरकारी विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा बनाया गया एवं संचालित सोशल मीडिया का सबसे बड़े प्लेटफार्म "द बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स" के द्वारा बिहार के 38 जिलों से चयनित शिक्षकों को 10 सितंबर दिन रविवार को अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज, पटना के विशाल सभागार में एक बड़े आयोजन के साथ इन शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। राज्य के 40 से अधिक शिक्षाविद व उच्च पदस्थ शिक्षा पदाधिकारी इस समारोह के हिस्सा बनते हैं। इसी कड़ी में किशनगंज जिला के 4 शिक्षकों ने अपनी मेहनत और लगन की बदौलत इस उत्कृष्ट समारोह में अपना स्थान बनाया है जो किशनगंज जिला के लिए गर्व की बात है। इन शिक्षकों में बिंदू कुमारी भारती (उ० म० वि ० मंगुरा), कहकशां प्रवीन (प्रा० वि० खानकाह), विजय कुमार मांझी (प्रा० वि० चैनपुर) और बिजेंद्र कश्यप (प्रा० वि० इचामारी) के नाम हैं जिन्होंने निस्वार्थ भाव से रात दिन मेहनत करके विद्यालयों में एक अलग पहचान स्थापित की है एवं बच्चों के भविष्य को सजाने और संवारने का कार्य किया है। टीवीटी मंच के राज्य मीडिया प्रभारी डॉ. कुमार मदन मोहन ने 38 जिलों से चयनित इन शिक्षकों के साथ-साथ किशनगंज के चारों शिक्षकों के भी स्वर्णिम भविष्य की उज्जवल कामना करते हुए उनके चयन की आधिकारिक पुष्टि की है।

अभियान तीसरे दिन 200 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली

झामुमो नगर मंडली के सदस्य सरफराज अहमद के नेतृत्व में हज़ारीबाग मे लगातार चलाया जा रहा सदस्यता अभियान

संवाददाता/हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा हजारीबाग शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ,इसी कड़ी में बुधवार को भी वार्ड नंबर 1 और वार्ड नंबर 20 के युवाओं ने झामुमो शामिल हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर संयोजक मंडली के सदस्य मोहम्मद सरफराज अहमद के नेतृत्व में हज़ारीबाग नगर के युवाओं को सदस्यता अभियान से जोड़ा गया तीसरे दिन 200 से अधिक युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ली, नगर संयोजक सरफराज अहमद ने कहा कि हजारीबाग शहर के हर घर से झामुमो का सदस्य हो यह मेरी पहली प्राथमिकता है , नगर मंडली के सदस्यों ने हजारीबाग झामुमो कार्यालय में रसीद काटकर लोगों को झामुमो की सदस्यता दिलाई।इस मौके पर झामुमो की सदस्यता ले रहे कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संयोजक मंडली मोहम्मद नईम ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता की अपनी पार्टी है। नगर संयोजक मंडी सदस्य अनवर हुसैन ने कहा कि पार्टी में शामिल हो रहे झारखंड मुक्ति मोर्चा की विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार पार्टी में आ रहे हैं, तथा झारखंड सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

शादाब हाशमी ने भी सदस्यता ग्रहण कराईः सदस्यता लेने वालों में मोहम्मद आदिल ,मोहम्मद फैजान ,फैजान आलम, मोहम्मद संजर, मोहम्मद जैद, सनाउल्लाह, तौसीफ, राजा शीश खान, फिरोज खान, तौसीफ आलम, अदनान खान, अफीउल्लाह हाशमी, मोहम्मद इरफान, कामरान हाशमी, इसरार आलम,वसीमअकरम ,कमरुल अंसारी, मुस्तफा अली, मोहम्मद सलामत, इमामुद्दीन, इमरान खान मेराजुद्दीन, विकास कुमार, साहिल अहमद मोहम्मद मारूफ, फैजुद्दीन अंसारी आदि सदस्य ग्रहण की।

ऐपवा जिला संयोजन समिति का हुआ गठन, 9वे राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी शुरू

मोतिहारी बृज किशोर। भाकपा माले से संबद्ध महिला संगठन अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की बैठक आज कोलहुरवा स्थित अशोक कुशवाहा के आवास पर संपन्न हुई।जिसमे एक 7सदस्यीय जिला संयोजन समिति का गठन किया गया।बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक शबनम खातून ने की।संयोजन समिति में देवंती देवी,सिंधु देवी,सलेकुन नेशां,हसीना खातून,रीता देवी,बेबी खातून चुनी गई।इस मौके पर अतिथि के बतौर भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य विष्णुदेव प्रसाद यादव,भैरव दयाल सिंह और अशोक कुशवाहा ने भी बैठक को संबोधित किया। बैठक में 30सितंबर से 1 अक्टूबर 2023 को दिल्ली में आयोजित ऐपवा के 9वें राष्ट्रीय सम्मेलन से पहले जिले में 2000सदस्यता भर्ती करने और कोष संग्रह करने का फैसला लिया गया। बताया कि आज केंद्र की भाजपा सरकार में महिलाओं पर सबसे ज्यादा जुल्म हो रहा है। महिला पहलवानों के यौन उत्पीडन के दोषी सांसद बृजभूषण सिंह को सजा दिलाने के बदले सरकार उसे बचाने में लगी हुई है।

श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने की गौ सेवा

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव से पहले युवाओं ने गौ माता का लिया आशीर्वाद। 02 सितंबर को मुनका बगीचा के प्रांगण में गूंजेगा जय श्री श्याम प्रभु का जयकारा। हजारीबाग।भक्ति के रस में हर कोई डुबकी लगाने को आतुर रहता है इसी आतुरता के बीच कोई बाबा श्याम का दर्शन करने राजस्थान के सीकर जिले स्थित रिंगस से 18 किलोमीटर की पदयात्रा कर बाबा श्याम का दर्शन करता है। तो कुछ भक्त बाबा की तस्वीर के पास ज्योत जलाकर बाबा का आराधना घर में ही करते हैं। श्याम भक्तों के लिए श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के द्वारा एकदिवसीय द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव का आयोजन 2 सितंबर को मुनका बगीचा के प्रांगण में किया जा रहा है जिससे पूर्व बुधवार को शहर से 7 किलोमीटर दूर कोलकाता पिंजरापोल सोसाइटी द्वारा संचालित हजारीबाग गौशाला परिसर में प्रातः काल के समय में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार के सदस्यों ने गौ माता को गुड़, चोकर सहित अन्य सामग्री खिलाकर उनकी सेवा कर गौ माता का आशीर्वाद लिया। साथ ही सभी युवा साथियों ने गौशाला परिसर में बाबा श्याम का कीर्तन एवम गुणगान किया।

आकर्षक सजावट के बीच होगा द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सवः 2 सितंबर को मुनका बगीचा प्रांगण में दोपहर 12:30 बजे बाबा श्याम की पूजा अर्चना के उपरांत भव्य भजन कीर्तन प्रारंभ होगा। बाबा श्याम का पूजा अर्चना श्री रानी सती मंदिर के प्रधान पुजारी श्री शशिकांत मिश्रा के द्वारा विधिवत रूप से कराया जाएगा। इसके बाद सभी श्याम भक्त बाबा श्याम के अखंड ज्योत के साथ बाबा का दीदार करेंगे।वहीं दूसरी और भव्य भजन कीर्तन का सिलसिला प्रारंभ होगा। भजन कीर्तन में सर्वप्रथम स्थानीय कलाकारों के द्वारा अपनी भजन प्रस्तुति की जाएगीइसके उपरांत लव अग्रवाल, मंडल के सदस्य एवं प्रसिद्ध भजन गायक रोहित शर्मा एवं कृष्णा अग्रवाल जिनकी उम्र महज 16 वर्ष है अपनी सुमधुर वाणी से बाबा को रिझायेंगे। इनके साथ सुप्रसिद्ध भजन गायक और श्याम भक्तों की दिलों में अपनी जगह कायम करने वाले संजय मित्तल अपनी मधुर भजनों से लोगों को झुमाएंगे। संजय मित्तल पहली बार हजारीबाग की पावन धरती पर पधार रहे हैं। संजय मित्तल पिछले 35 वर्षों से बाबा श्याम, रानी सती दादी सहित अन्य देवी देवताओं की भजन की प्रस्तुति दे रहे हैं। भव्य भजन कीर्तन में अलौकिक झांकी श्याम भक्तों को देखने को मिलेगी। श्याम भक्तों के लिए सुरक्षा की दृष्टिकोण से उत्तम व्यवस्था की गई है। द्वितीय श्री श्याम मनुहार महोत्सव मे श्री श्याम परिवार तुलसीदास कोलकाता के विशेष आशीर्वाद से संपन्न होगा,वही इस कार्यक्रम में श्री श्याम अरदास कीर्तन परिवार रामगढ़ कैंट का विशेष सहयोग भी प्राप्त हो रहा है।

ख़ास ख़बर

डीएम ने फीता काटकर किया खेल आयोजन का शुभारंभ

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में खेल सप्ताह दिवस मनाये जाने के दृष्टिगत महेन्द्र टेक्निकल इंटर कालेज परिसर में हॉकी/कुश्ती/वॉलीबॉल व कबड्डी खेल का आयोजन कार्यक्रम का जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।बॉलीबाल एवं कबड्डी के खिलाड़ियों से उनका परिचय प्राप्त कर कार्यक्रम का शुरुआत हुआ। उन्होंने सभी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

दस वर्षीय मासूम के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म



अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली/बबुरी। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा 10 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है । घटना के समय पहुंचे परिजनों ने युवक को पकड़ कर बुरी तरह पीट दिया । इसके पश्चात युवक की पिटाई से छुपता होकर पहुंचे आरोपित के बड़े भाई ने बालिका की पिता के साथ मारपीट कर हाथ तोड़ दिया । बालिका के परिजनों ने स्थानीय थाने में पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की । बालिका के परिजनों ने बताया कि गांव निवासी 22 वर्षीय युवक घर में घुस आया तथा बालिका को अकेले पाकर उसे अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखने लगा । इसके पश्चात वह जबर्दस्ती बालिका के साथ करने लगा । इसी बीच बालिका के परिजन घर पहुंच गए तथा युवक को आपत्तिजनक स्थिति में देखकर आग बबूला हो गए तथा उसकी जमकर धुलाई कर दी । घटना की जानकारी होने पर आरोपित युवक का बड़ा भाई भी मौके पर पहुंच गया तथा बालिका के पिता के साथ मारपीट करने लगा । जिससे बालिका के पिता का हाथ टूट गया । परिजनों ने बबुरी थाने पर जाकर इस संबंध में तहरीर दिया । जिस पर बबुरी पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है ।

रक्षाबंधन पर्व हर भाई की रक्षा करती है राखी- सुशील शर्मा

चंदौली। सैयदराजा जीटी रोड नगर स्थित सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में बुधवार को रक्षाबंधन का पर्व धूमधाम से मनाया गयाजिसमें राखी बनाने की प्रतियोगिता हुई और सभी बहनों ने राखी बांधकर सभी भाइयों को शुभकामनाएं दी। जिसमे विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को राखी के त्यौहार का महत्व बताया और कहा गया कि रक्षा बंधन का त्यौहार भाई-बहिनों का त्यौहार है। जिसमे बहन अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर उन्हें आशीर्वाद देती हैं एवं सभी भाई अपनी बहनों की रक्षा के लिए उन्हें वचन देते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सुशील शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया स्कंद पुराण पद्म पुराण श्रीमद् भागवत के वामनावतार कथा में रक्षाबंधन का प्रसंग मिलता है हिंदू पौराणिक कथा के अनुसार राजा बलि ने भगवान विष्णु से अपना साम्राज्य दुश्मनों के प्रपंचों से बचने का आग्रह किया भक्ति के अनुरोध पर भगवान विष्णु ने ब्राह्मण स्त्री का रूप लेकर राजा बलि के निवास में रहने का संकल्प लिया इस प्रतिज्ञा को सुन भगवान विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधकर उनसे अपने स्वामी को स्वर्ग लोक नहीं त्यागने का वचन लिया बहन के कामना जानकर राजा बलि ने विष्णु देव से स्वर्ग लोक में ही रहने की विनती कर बहन के राखी की लाज रखी इसी के अनुसार रक्षा पर्व मनाया जाता है आज बच्चों के बीच रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया और साथ ही साथ बच्चों के बीच रक्षाबंधन प्रतियोगिता रखा गया प्रथम पुरस्कार ,द्वितीय पुरस्कार, तृतीय पुरस्कार पाने वाले बच्चों को समनित किया गया, प्रधानाध्यापक अर्चना सोनी ,प्रीति गुप्ता ,सुनीता कश्यप वंदना गुप्ता ,रंजना कुमारी किरण कुमारी, फेराज ,घूरेलाल कन्नौजिया,अजीत गुप्ता ,आकाश शर्मा ,विशाल शर्मा धनंजय,शिव शंकर तिवारी शिक्षक व शिक्षकों के साथ बच्चे रहे उपस्थित रहे ?

वेतन और नियुक्ति को लेकर रोष, सरकार से उठाई मांग

चकिया। एक तरफ सुबे के मुखिया द्वारा लगातार दैनिक वेतन कर्मचारियों को लगातार भर्ती निकालकर रेगुलर भर्ती की जा रही है तो वहीं दुसरी तरफ वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के द्वारा नई नियुक्ति नए लोगों को कर दी जा रही है तथा दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी जो पहले से अपनी कार्य ड्यूटी कर रहे हैं उनको इसी तरीके से छोड़ दिया जा रहा है जबकि सरकार का सख्त निर्देश है कि जो दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है उनको नई नियुक्ति में पहले नियुक्ति और वरीयता दी जाए लेकिन सरकार के इस निर्देश पर अधिकारी भारी पड़ते नजर आ रहा है। वही जिला मंत्री द्वारिका प्रसाद प्रदेश संरक्षक महासंघ के त्रिवेणी प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा नियमों को बाकायदा चालु किया गया है, और पांच प्रकार के प्रोफार्माओं को भरकर हर महीने कार्यालय पर भेजना होता है लेकिन क्षेत्रीय वन विभाग के दरोगा रेंजर समेत अधिकारियों की मिली भगत से दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी के लोगो का प्रोफार्मा पर जानकारी को सही तरीके से नहीं भरा जा रहा है वही अधिकारियों द्वारा अपने चहेते लोगों का उपस्थित 29 से 30 दिन का भरकर कार्यालय पर भेज दिया जा रहा है। वहीं सरकार के द्वारा सख्त निर्देश है कि पांच प्रकार के इन प्रोफार्माओं पर दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी का अधिकारियों द्वारा बाकायदा भरकर कार्यालय में भेजा जाए लेकिन सभी धांधली के द्वारा दैनिक वेतन कर्मचारियों का नियुक्ति नहीं हो पा रहा है। वही पूर्व अध्यक्ष समीम खान संघ के जिला अध्यक्ष द्वारा भी बताया गया कि हम लोग सन 1991 से ही इस लड़ाई को लेकर कई बार कोर्ट तक ले गए जहां पर हम लोगों की ही जीत हुई और कुछ लोगों को नियुक्ति के दौरान दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी को रखा गया लेकिन उसके बाद फिर से अधिकारियों की मिलीभगत से नियुक्ति में धांधली की जा रही है जिसको लेकर आज जिले के समस्त पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रदर्शन करते हुए दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी के नियुक्ति के लिए आवाज उठाई गई और प्रदर्शन भी किया गया। वही इस दौरान कहा गया की अगर सुनवाई नहीं होती है तो हम अपने कर्मचारियों और दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघके साथ आगे भी इस लड़ाई को लड़ेंगे तथा अपने दैनिक सवेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। पूर्व अध्यक्ष मुरारी सिंह मौर्य, महासंघ के मण्डल अध्यक्ष कान्ता प्रसाद, मकसूद, लल्लु, अफरोज, मुक्सान, अध्यक्ष आदि दैनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद एक गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा जनपद मे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने व चोरी करने वाले गिरोह के विरूद्ध कार्यवाही हेतु दिये गये निर्देशों के क्रम मे थाना सैयदराजा की पुलिस व जनपद चन्दौली की स्वाट टीम/सर्विलांस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था कि मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की रात्रि जमनिया तिराहा कस्बा सैयदराजा से चोरी की 04 मोटर साइकिलें बरामद करते हुए गिरोह के एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया गया।पकड़ा गया अभियुक्त विकास यादव निवासी ग्राम कविलाशपुर थाना दुर्गावती जिला भभुआ बिहार बताया जाता है।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मेरे गिरोह मे दो साथी और हैं।हम लोग मिलकर जनपद गाजीपुर, वाराणसी,चन्दौली के भीड़ भाड़ वाले इलाकों से वाहनों की चोरी करते हैं तथा चोरी किये गये वाहनों को बिहार मे ले जाकर बेंच देते हैं और पैसे को आपस मे बांट लेते है। जिसपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

ज्वलनशील पदार्थों की चेकिंग करते आरपीएफ के अधिकारी व जवान

डीडीयू। डीडीयू नगर स्टेशन पर सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार रावत व इनकी टीम द्वारा चलाया जा रहा चेकिंग अभियान जिसमें चेकिंग के दौरान खास तौर पर ज्वलनशील पदार्थ की चेकिंग की गई ताकि कोई दुर्घटना ना हो ,बताते चलें कि बीते कुछ दिन पहले ज्वलनशील पदार्थ से ही ट्रेन दुर्घटना हो गई थी उस दुर्घटना से सीख लेते हुए पूर्ण सतर्कता बरती जा रही है ताकि आने वाले समय ऐसी दुर्घटनाएं ना हो ,स्टेशन से गुजरने वाले प्रत्येक ट्रेनों में एवं उसमे स्थापित कैटरिंग में बेहद सतर्कता पूर्वक चेकिंग की गयी।

खबर की प्रमाणिकता प्रिंट मीडिया ही करता है,लेकिन पत्रकारों को खबर की विश्वसनीयता बनाए रखनी चाहिएः लक्ष्मण आचार्य

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। हर छोटी बड़ी खबर की प्रमाणिकता प्रिंट मीडिया से ही संभव,सच से सबसे बड़ा कोई तपस्या नहीं होता समाज की इससे पहचान बनती है। जहां एक तरफ सोशल मीडिया सक्रिय है,हर छोटी खबर तुरंत सामने आती है वहीं दूसरी तरफ इसकी प्रामाणिकता पर सवाल उठते हैं,ऐसे में सत्य खबर की जरूरत होती है और खबर की प्रमाणिकता प्रिंट मीडिया ही करता है,लेकिन पत्रकारों को खबर की विश्वसनीयता बनाए रखनी चाहिए,पत्र पत्रिका,साहित्यकारों एवं कवियों की संजीवनी होती है। उक्त बातें सिक्किम के राज्यपाल महामहिम लक्ष्मण आचार्य ने सच की दस्तक के छठवें स्थापना दिवस पर सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर स्थित एक संस्थान में मुख्य अतिथि पद से सभा को संबोधित करते हुए कहा।महामहिम ने कहा कि भारत ने सफलतापूर्वक चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारा।इससे पहले ऐसा किसी देश ने ऐसा नहीं किया था,आज पूरे विश्व में भारत की एक नई पहचान बनी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमेशा देश उत्थान की तरफ जा रहा है।सम्मान समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि डिजिटल युग में भी समाचारों की प्रमाणिकता के लिए प्रिंट मीडिया ही आवश्यक है।वहीं मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर नागेंद्र सिंह ने कहा कि इस डिजिटल युग में जहां हमें संभावनाएं मिली वही संवेदनाएं टूटी हैं,संवेदनाओं के संरक्षण के लिए हमें प्रिंट माध्यमों की तरफ हमेशा रहना ही होगा।वही कार्यक्रम में शिरकत कर रहे प्रोफेसर को गोपबंधु मिश्र ने कहा कि पत्रिका का जो भौतिक रूप होता है उसका विकल्प संस्कृति से उनकी पूर्ति संभव नहीं है प्रमाणिकता में संदेह रहता है इसलिए भौतिक रूप की पत्रिका को ही महत्व देना होगा कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर प्रेम नारायण सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक और उसका प्रयोग समय की मांग है और पत्र पत्रिका की इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन साथ में हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि हम अपनी जमीन से जुड़े रहकर अपनी संस्कृति अपनी परंपरा समृद्धि जड़ों से जुड़े रहते हुए विकास की एक नई इबादत लिखने का प्रयास करें यह सशक्त एवं समृद्ध व विकसित समाज तथा राष्ट्र के लिए आवश्यक है सच की दस्तक जैसी पत्रिका इसमें अहम भूमिका निभा सकती है।कार्यक्रम में देशभर से आए साहित्यकारों,कलमकारों, समाजसेवियों,विद्वानों का सिक्किम के राज्यपाल, महामहिम लक्ष्मण आचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। वाराणसी के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव,नई दिल्ली की हुमा तनवीर,देहरादून के शिव मोहन सिंह,पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के कृष्णकांत श्रीवास्तव को राज्यपाल द्वारा साहित्य शिल्पी सम्मान दिया गया।वही अमन कबीर व डॉक्टर अशोक सोनकर जयपुर राजस्थान की डॉक्टर निशा अग्रवाल,पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के सतीश जिंदल को सेवा श्री सम्मान प्रदान किया गया।वही 2023 नारी शक्ति सम्मान औरैया की आकांक्षा सक्सेना को दिया गया तथा खेल श्री सम्मान कुमार नंद को दिया गया।इसी क्रम में सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय गुजरात के पूर्व कुलपति गोप बंधु मिश्र को वैयाकरण केशरी सम्मान, अनिल कुमार सिंह लखनऊ को कलम श्री सम्मान, वाराणसी के मनोज भंडारी को संस्कृत भूषण सम्मान,प्रवीण कुमार मिश्रा को कलाश्री सम्मान दिया गया।

मऊ जिले के घोसी विधानसभा उप चुनाव को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने कमान संभाला

तारा जीवनपुर चंदौली। मऊ जिले के घोसी विधानसभा उपचुनाव की आज चंदौली जनपद में भी पहुंच गई है यहां के दर्जनों सपा कार्यकर्ता घोसी में पहुंचकर प्रसार की कमान संभाल चुके हैं अब यह दिलचस्प है की 5 सितंबर को होने वाले यूपी चुनाव का परिणाम किसके खाते में जाएगी यह भविष्य के गत में है मऊ जनपद के घोसी विधानसभा उपचुनाव इन दिनों चरम पर चल रहा है इसके लिए भाजपा व सपा में घमासान मचा हुआ है पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि चंदौली जनपद तक इसकी आज पहुंच चुकी है समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव इंद्रजीत शर्मा व सपा नेता बैजनाथ यादव सुरेश यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता घोसी में पहुंचकर प्रसार प्रचार की कमान संभाल रखे हैं अब इसका असर उपचुनाव में कितना दिखेगा यह आने वाले परिणाम के समय ही पता चल पाएगा लेकिन सपा भाजपा पूरी ताकत के साथ यह चुनाव लड़ रही है और अपने-अपने पाले में सीट जाने का दावा भी किया जा रहा है

जल्द नीम अपने भवन में संगठन की मजबूती के लिए काम शुरू करेगा

सकलडीहा चंदौली। क्षेत्र के नीमा संगठन के माध्यम से जनपद में तमाम सराहनीय कार्य कर रहा है इसके साथ ही भगीरथ प्रयास से आलमपुर में जमीन भी खरीदी जा चुकी है जल्द नीमा अपने भवन में संगठन की मजबूती के लिए काम शुरू करेगा उक्त बातें जिला अध्यक्ष डॉक्टर एस के यादव ने एक बैठक के दौरान कही इससे पूर्व चिकित्सा क्षेत्र के जनक कहे जाने वाले धनवंतरी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि नीम संगठन लगातार सामाजिक कार्यों से लेकर चिकित्सा के क्षेत्र में चढ बढ़कर हिस्सा ले रहा है जिससे निरंतर उच्चतम शिखर पर पहुंच चुका है हमेशा चिकित्सा संगठन से जुड़कर काम करना चाहते हैं जनपद में लगातार प्रत्येक महीना में बैठक का रूपरेखा भी तैयार की जाती है संगठन के सभी सदस्यों के भगीरथ प्रयास से आलमपुर में 29 अगस्त को जमीन भी रजिस्ट्री करा ली गई है जल्द इसके भवन निर्माण की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी जिससे नीम का अपना एक भवन होगा इसमें हमेशा संगठन बैठक के माध्यम से रूपरेखा तैयार करने का काम करेगा इससे पहले किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के लिए हम लोगों को सोचना पड़ता था अब यह समस्या दूध होने से संगठन और मजबूती प्रदान करेगा इस मौके पर डॉक्टर आरके शर्मा सहित तमाम सदस्य गण उपस्थित रहे

पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सुभांकर प्रथम स्थान व राजदीप ने दुसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया

डीडीयू नगर। वाराणसी स्थित रथयात्रा में पावरलिफ्टिंग जिला चैंपियन ट्राफी का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलो के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता में चन्दौली जिला से सुभांकर कुन्डु व राजदीप सिंह ने प्रगिभाग किया था। प्रतियोगिता में अपना दम खम दिखाते हुए सुभांकर कुन्डु ने 93 किलो भार में पावरलिफ्टिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही राजदीप सिंह ने 125 किलो भार वर्ग पावर लिफ्टिंग में दूसरा स्थान प्राप्त कर चन्दौली जिले का नाम रोशन किया। सुभांकर कुन्डु को मिस बनारस खिताब से नवाजा गया। आपको बताते चलें कि नगर के आर एस फिटनेस अकैडमी हनुमानपुर में दोनो ख्लिाड़ी प्रतिदिन प्रैक्टिस करते हैं। बुधवार को प्रतियोगिता से लौटने पर जिम में कोच मोहम्मद राजा के द्वारा फूल मालाओं, केक काटकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर दोनो विजेता खिलाड़ियों ने बताया कि नेशनल चौंपियनशिप ऑफ पावरलिफ्टिंग का भी तैयारी कर रहा हूं साथ में आप लोगों का आशीर्वाद रहा तो प्रदेश के साथ-साथ देश का नाम भी रोशन करेगें। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से जिम के कोच मोहम्मद राजा, अंकित कुमार, सुभांकर गुड्डुर, कृष्णा राज, अनुराग यादव, राजदीप सिंह, हर्ष, अनुज कुमार, संजू केशरी, दिलीप कुमार, संजीव कुमार, अमन कुमार, नितेश कुमार मिश्र, हर्ष कुमार, मो. कैफ आदि खिलाड़ी मौजूद रहें।

आयोजन | सभी बहनों को रक्षा सूत्र, मिष्ठान, साड़ी व अन्य उपहार प्रदान किया गया

चंदौली पुलिस द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। जनपद के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के हमारे बीच के ही कुछ भाई-बहन कभी किन्हीं कारण व परिस्थितिवश समाज की मुख्य धारा से अलग वह गलत रास्ते को चुन नक्सल गतिविधियों में शामिल रहे और अपने गलतियों की सजा काट आज जेल से बाहर हैं। सभी को सम्मानपूर्वक जीवन जीनें तथा शासन/प्रशासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न हितकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए समाज की मुख्य धारा से जुड़ कर स्वयं तथा अपने परिवार सहित बाल/बच्चों के विकास शिक्षा-दिक्षा आदि पर ध्यान देते हुए गांव, देश व प्रदेश के प्रगति में योगदान देनें हेतु प्रेरित करने, उनमें आत्म विश्वास को बनाए रखने के लिए थाना नौगढ़ परिसर में चन्दौली पुलिस द्वारा बैंक आफ बड़ौदा के सहयोग/सामंजस्य से रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ऐसे लोग जो कभी किन्हीं कारणों से अथवा भटक कर गलत रास्ते पर चलते हुए नक्सल गतिविधियों में शामिल रहे और अब सजा काट कर वापस अपने परिवार में हैं।उनमें व उनके परिजनों में समाज की मुख्यधारा के साथ चलते हुए समाज और देश की विधि व्यवस्था के साथ कदम से कदम मिला अपने देश व प्रदेश के विकास में अपना सहयोग करें। सभी बहनों को रक्षा सूत्र,मिष्ठान,साड़ी व अन्य उपहार प्रदान किया गया तथा भाईयों को भी विभिन्न उपहार भेंट के रूप में प्रदान किए गए।सभी को विश्वास दिलाया गया कि चन्दौली पुलिस आप सबके साथ सदैव कन्धे से कन्धा मिलाकर खड़ी है किसी भी प्रकार की समस्या, परेशानी या सूचना प्राप्त होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा अधिकारीगण को सूचित करें।पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार ने कहां कि शिक्षा विकाश व प्रगति की धुरि है इसलिए आप सभी अपनें बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें यदि किसी को भी कोई समस्या हो तो अवश्य बतायें। पुलिस सदैव आपके साथ है तथा हर सम्भव सहायता व सहयोग उपलब्ध कराने हेतु तत्पर है। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती, उप जिलाधिकारी, उप क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा वाराणसी क्षेत्र राकेश कुमार, क्षेत्राधिकारी नौगढ़, बैंक आफ बड़ौदा के अन्य अधिकारी, थाना प्रभारी नौगढ़/चकरघट्टा, सम्भ्रांत व काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

पशुओं की सेवा ने रमेश को बना दिया पशु प्रेमी रमेश डब्ल्यू

चहनियां। कुछ लोग अपने लिए जीते हैं, कुछ लोग अपनों के लिए जीते हैं। लेकिन कुछ ऐसे भी लोग हैं जो पशुओं की सेवा करने के लिए जीते हैं। ऐसे ही एक शख़्स हैं सैदपुर के मालवीय नगर वार्ड 3 के निवासी 28 वर्षीय रमेश यादव डब्ल्यू, जिन्हें लोग प्यार से पशु प्रेमी रमेश कहते हैं। बकौल पशु प्रेमी रमेश डब्ल्यू पशुओं की सेवा करके उन्हे आत्म संतुष्टी मिलती है। शायद इसीलिए जब उन्हें किसी माध्यम से पशुओं के बीमार या दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलती है, वे दौड़े चले जाते हैं। तीन भाईयों व दो बहनों में सबसे छोटे रमेश बताते हैं कि एक बार जब वे गंगा पार पीपा पुल से होकर गुजर रहे थे, तब एक बछड़ा पुल के जंजीर में फंसा छटपटा रहा था। लोग उसे देखकर आगे निकल जा रहे थे। लेकिन रमेश से नहीं रहा गया। उन्होंने सोचा कि मानव की जान तो हर कोई बचा लेता है। लेकिन अपनी पीड़ा कह पाने में अक्षम इन मूक पशुओं की रक्षा कौन करेगा। बस, यहीं से शुरू हुई रमेश की पशु सेवा। अब तक वह बीमार या दुर्घटनाग्रस्त हुए आठ सौ से अधिक पशुओं की सेवा कर चुके हैं। जिसमें लगभग पांच सौ पशु उनकी सेवा के चलते आज जीवित अवस्था में हैं। अभी बीते 11 अगस्त को पशु प्रेमी रमेश यादव को चौबेपुर से फोन पर सूचना मिली कि एक गाय नेशनल हाईवे पर किसी वाहन से दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल पड़ी है। वे मौके पर पहुँच कर गाय का ईलाज कराए और उसे स्वस्थ अवस्था में छोड़ कर ही घर लौटे। यहीं नहीं बीते 10 अगस्त को रमेश यादव द्वारा सीएम पोर्टल पर दी गई शिकायत के आधार पर सीवीओ डा॰ एसके रावत सैदपुर ब्लॉक के नजदीक ही बने मिर्जापुर गाँव के अस्थाई गो आश्रय केंद्र पर पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने पशुओं के रखरखाव के विषय में जाना और उनकी देखभाल में कमी पाए जाने पर जिम्मेदारों को कस कर फटकार लगाई। जनमानस में पशु प्रेमी के रूप में विख्यात रमेश यादव को जब कभी कोई फोन कर उन्हें सड़क पर पशु के घायल होने की सूचना देता है, तो घर से निकलने के पहले वह सूचना देने वाले को धन्यवाद देना कभी नहीं भूलते। रमेश का मानना है कि हिन्दू धर्म में गाय को पूज्यनीय स्थान प्राप्त है। गाय में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है। हम गाय को माता मानते हैं। मेरे घर में भी पहली रोटी गाय के लिए बनती है। उन्हें घायल अवस्था की सूचना पाकर तुरंत दौड़ पड़ता हूं। क्योंकि गोवंश की पीड़ा मुझसे सही नहीं जाती।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।